


■ फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह - 12




■ ईरान संकट : पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक- 12



■ कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया - 13



■ ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की- 14


आज का मौसम
30.0° अधिकतम तापमान
16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.39
सूर्यास्त 06.15

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 05:55 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

सोमवार, 2 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 334, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# ईरान ने की खामेनेई की मौत की पुष्टि, रक्षामंत्री समेत कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी मारे गए

## खामेनेई के बेटी-दामाद, बहू-पोती की भी मौत, राष्ट्रपति सहित तीन लोगों की परिषद ने संभाली ईरान की बागडोर

- भारी बमबारी से बुरी तरह तबाह दिखाई दिया खामेनेई का कार्यालय
- शीर्ष सैन्य अधिकारी अहमद वाहिदी आईआरजीसी के नए कमांडर

दुबई, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की इजराइल और अमेरिका की ओर से किए गए बड़े हमले में मौत हो गई है। ईरान की सरकारी मीडिया ने रविवार तड़के इसकी पुष्टि की। तेहरान पर हुए हमलों में इसके अलावा ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नासिरजादेह, सेना प्रमुख अब्दुलरहीम मौसवीं और आईआरजीसी कमांडर जनरल मोहम्मद पाकपुर सहित चार वरिष्ठ अधिकारियों के भी मारे जाने की खबर है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिन के शोक का एलान किया गया है और देश की बागडोर तीन सदस्यीय समिति को सौंपी गई है। इनमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई और कानून विद अलीरेजा अराफी शामिल हैं।

यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी 'एयरबस' की ओर से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में वह स्थान भारी बमबारी से क्षतिग्रस्त दिखाई दिया, जहां खामेनेई की मौत हुई। खामेनेई के कई रिश्तेदार भी इस हमले में मारे गए, जिनमें उनकी एक बेटी, दामाद, बहू और एक पोता-पोती शामिल हैं। सरकारी टीवी ने कहा कि खामेनेई की अपने कार्यालय में हुई मौत दिखाती है कि वह लगातार जनता के बीच खड़े रहे और अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहे। ईरान सरकार ने खामेनेई की हत्या को बड़ा अपराध बताते हुए कहा कि यह घटना इस्लामी दुनिया के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगी। इस बीच अमेरिकी मीडिया ने इजराइली सूत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि शनिवार के हमलों में 40 ईरानी अधिकारियों की मौत हुई है।



तेहरान में रविवार को हुए हमले के बाद आसमान में उठता धुएं का गुबार। ● एजेंसी



### खामेनेई की मौत का बदला लेंगे: पेजेशकियन

राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा है कि इजराइल और अमेरिका के हमलों का बदला लेना ईरान का कानूनी हक और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, खामेनेई दुनिया के सबसे बुरे खलनायक के हाथो मारे गए। उन्होंने खामेनेई की हत्या का बदला लेने का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को पछताना पड़ेगा। यह अपराध कभी बिना जवाब नहीं रहेगा।

### इजराइल-अमेरिका के ईरान में सैकड़ों ठिकानों पर हमले, तेहरान में सैन्य ठिकानों पर गिरीं मिसाइलें

- कई जगह उठे घने काले धुएं के गुबार तीन अमेरिकी सैनिकों की भी मौत

इजराइल और अमेरिका की ओर से रविवार को ईरान के भीतर सैकड़ों ठिकानों पर हवाई हमले किए। तेहरान के बीचोबीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्यालय थार-अल्लाह, सेना के अस्पताल और बासिज मिलिशिया के ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों को पूरी तरह नष्ट करने का दावा किया है। उपग्रह चित्रों में ईरान के फोर्डो परमाणु स्थल पर भारी नुकसान देखा गया। इजराइली हमलों का निशाना इराक का जुर्फ अल-सखर बेस भी बना जहां ईरान समर्थित 2 लड़ाकों की मौत हो गई। इस अभियान के दौरान 3 अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं और 5 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इजरायल ने आईआरजीएस मुख्यालय को भी निशाना बनाया और सेना के अस्पताल भी उसकी गोलीबारी की जद में आ गए। इजराइल ने कई सैन्य ठिकानों पर भी मिसाइलें दागीं। इजराइली रक्षा बल के अनुसार, ऑपरेशन रोरिंग लायन शुरू होने के बाद पहली बार तेहरान के शासकीय केंद्रो पर हमला किया जा रहा है। तेहरान से मिली खबरों के मुताबिक, रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में धमाके हुए। तस्वीरों में तेहरान के कई हिस्सों से घने धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गए।

### ईरान ने अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर मिसाइलें दागीं, इजराइल और खाड़ी देशों को भी बनाया निशाना

- यूएई में तीन की मौत, इजराइल के बेत शेमेश में नौ मारे गए, 20 लापता

ईरान ने रविवार को जवाबी कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ हमले किए। समुद्री सीमा पर मौजूद अमेरिका के विशाल युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर ईरानी सेना ने चार मिसाइलें दागीं। ईरान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर किए गए हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 58 लोग घायल हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ईरान ने कुल 165 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, इसके अलावा 541 ड्रोन भी लॉन्च किए। ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों ने मध्य तेल अवीव पर भी हमला किया। इस दौरान पूरे शहर में विस्फोटों की आवाजें सुनाई जिसके बाद आपातकालीन सेवाएं सक्रिय होती नजर आईं। इजराइल के बेत शेमेश में बेत शेमेश में ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। करीब 20 लोग लापता हैं। ईरानी मिसाइल एक आवासीय क्षेत्र में गिरी, जिससे एक यहूदी उपासना स्थल नष्ट हो गया और आसपास के घरों को भारी नुकसान हुआ।

**ब्रिटेन के सैन्य ठिकानों की ओर भी दागीं मिसाइलें** : ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने बताया ईरान ने साइप्रस में ब्रिटेन के दो सैन्य ठिकानों की ओर दो मिसाइलें दागी हैं। हीली ने कहा, हमें पूरा यकीन है कि वे हमारे ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागी गई थीं, लेकिन यह दिखाता है कि ईरानी प्रतिशोध कितना अंधाधुंध है।

### ऐसा हमला करेंगे जो कभी पहले देखा नहीं होगा: ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की चेतावनी के जवाब में उसे चेताते हुए कहा, उनके लिए बेहतर होगा कि वे ऐसा न करें। अगर वे ऐसा करते हैं तो हम उन पर इतनी ताकत से हमला करेंगे जो पहले कभी नहीं देखी गई होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा, इतिहास के सबसे क्रूर लोगों में से एक खामेनेई की मौत न केवल ईरान के लोगों के लिए न्याय है, बल्कि सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के कई देशों के लोगों के लिए भी न्याय है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, हमने तानाशाह खामेनेई के परिसर को नष्ट कर दिया। अब इस तानाशाह का शासन समाप्त हो गया है। नेतन्याहू ने ईरानियों से शासन को उखाड़ फेंकने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने का आह्वान किया।



- शासन को उखाड़ फेंके ईरान की जनता: नेतन्याहू



खामनेई की मौत के विरोध में श्रीनगर में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन।

### भारत में छायी गम-गुस्से की लहर

**नई दिल्ली।** खामेनेई की मौत के बाद कश्मीर से लेकर कर्नाटक तक भारत के विभिन्न हिस्सों में शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और जमकर गम और गुस्से का इजहार किया। कश्मीर के लाल चौक, सैदा कदल, बडगाम, बांदीपोरा, अनंतनाग और पुलवामा में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए। लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा मस्जिद के पास बड़ी संख्या में लोग जुटे और उन्होंने नारे लगाए। शोकाकुल महिलाएं ईरानी नेता की तस्वीर से लिपटकर रोती दिखीं।



जम्मू: बुजुर्ग महिलाओं ने भी जताया गुस्सा।

## ब्रीफ न्यूज

### वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 28 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने होली से ठीक पहले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। हालांकि घरेलू सिलेंडर के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार दिल्ली में रविवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,768.50 रुपये का हो गया है। यह मार्च 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में इस साल लगातार तीसरी बार वृद्धि हुई है।

### विमान ईंधन की कीमत भी 5.74 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने लगातार दो बार की कटौती के बाद रविवार से विमान ईंधन की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 5,245 रुपये (5.74 प्रतिशत) बढ़कर 96,638 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। यह दिसंबर 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। इससे पहले जनवरी और फरवरी में दाम घटाए गए थे। दोनों बार में कीमत में कुल 8,283 रुपये की कटौती की गई थी जो 9.06 प्रतिशत के बराबर है।

## काशी में श्रद्धा, व्यवस्था, विकास से कोई समझौता नहीं करेंगे: योगी

- वाराणसी में प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश
- बोले- श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शनार्थियों से दुर्व्यवहार अक्षम्य



प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्व्यवहार का सामना नहीं करना चाहिए। काशी जैसे विश्वविख्यात धार्मिक केंद्र पर श्रद्धालुओं के सम्मान और सुविधा से कोई समझौता नहीं होगा।

दो दिवसीय वाराणसी दौरे के पहले दिन रविवार को सर्किट हाउस सभागार में आयोजित प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने विकास कार्यों, निर्माण परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुए मंदिर प्रशासन और पुलिस को व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी में लगभग 17 हजार करोड़ रुपये की 74 परियोजनाएं संचालित हैं, जिनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी पर्वों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु सम्मान, सुरक्षा और सुव्यवस्थित दर्शन का अनुभव लेकर लौटे, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है।

### नगरीय व्यवस्था, रोपवे अमृत-2 पर फोकस

गोदौलिया क्षेत्र में निर्माणाधीन रोप-वे स्टेशन को लेकर मुख्यमंत्री ने यात्रियों के सुरक्षित चढ़ने-उतरने की व्यवस्था के लिए कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। अमृत-2 योजना के अंतर्गत सीवरेज और पेयजल कार्यों में सघन मॉनिटरिंग, क्षतिग्रस्त सड़कों की प्राथमिकता से मरम्मत और गर्मी में पेयजल संकट न होने देने के निर्देश दिए। विद्युत तारों की अंडरग्राउंड केबलिंग मानकों के अनुसार कराने और स्वच्छता के लिए आधुनिक मशीनों के उपयोग पर जोर दिया।

### नई परंपरा न पड़ने दें

कानून व्यवस्था की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि धार्मिक आयोजन केवल धार्मिक परिसरों में ही होंगे, किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। तेज आवाज वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण पर सख्ती के निर्देश दिए। अवैध शराब, कोडीन कफ सिरप के कारोबार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

## ईरान संकट : बदलती वैश्विक स्थिति के मद्देनजर बुलाई गई सीसीएस बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक बुलाई है जो रविवार देर रात होगी। कहा गया है कि यह बैठक अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर हमले के बाद पैदा हुई मौजूदा वैश्विक स्थिति और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के मद्देनजर बुलाई गई है।



- पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों की सुरक्षा पर भी होगी चर्चा

बताया गया है कि प्रधानमंत्री राज्यों के अपने दो दिवसीय दौरे से दिल्ली लौटने के बाद सीसीएस की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वह संभवतः रात लगभग साढ़े नौ बजे यहां पहुंचेंगे। सीसीएस देश के सुरक्षा और रणनीतिक मामलों पर निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। प्रधानमंत्री सीसीएस के अध्यक्ष हैं तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इसके सदस्य हैं। सूत्रों के अनुसार, बैठक में पश्चिम एशिया में रहने वाले और फंसे हुए भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा होने की संभावना है, साथ ही स्थिति बिगड़ने पर उससे निपटने के तरीकों पर भी विचार किया जाएगा। फिलहाल, पश्चिम एशिया का हवाई क्षेत्र लगभग बंद है। पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ने के कारण हवाई सेवाएं बाधित हो गई हैं, जिससे सैकड़ों भारतीय दुबई और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं।

## भारत से 335 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द खाड़ी देशों में फंसे सैकड़ों भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दुबई समेत खाड़ी देशों के हवाई अड्डों पर फंसे सैकड़ों भारतीय

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों और खाड़ी क्षेत्र के हवाई क्षेत्र बंद होने के बाद रविवार को भारत से 335 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। इनमें मुंबई हवाई अड्डे पर 125 और दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं। उड़ानें रद्द होने से दुबई और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर सैकड़ों भारतीय फंसे हुए हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने पहले ही रविवार को घरेलू विमानन कंपनियों की 444 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द होने की आशंका जताई थी। अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी 10 उड़ानें रद्द कर दी गईं। इस बीच, पश्चिम एशिया से आने-जाने वाली उड़ानें बाधित होने के कारण सैकड़ों भारतीय दुबई व अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं, जिनमें से कई लोग सहायता के लिए भारत सरकार से अपील करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं।



### सीबीएसई की पश्चिम एशिया क्षेत्र में परीक्षाएं स्थगित

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष के मद्देनजर सीबीएसई ने पश्चिम एशिया के बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में दो मार्च को होने वाली परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, नई तारीखों का एलान बाद में किया जाएगा।

### दुबई हवाई अड्डे पर फंसीं पीवी सिंधु और मंचू विष्णु

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु, अभिनेता मंचू विष्णु के साथ और कई हस्तियां दुबई हवाई अड्डे पर फंसी हुई हैं। दोनों ने एक्स पर इसकी जानकारी दी है। सिंधु तीन मार्च से शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बर्मिंघम जा रही थीं, हवाई अड्डे का संचालन निलंबित होने के बाद दुबई में रुकने के लिए मजबूर हो गईं। उनके कोच इरवान्सिया आदि प्रतामा भी उनके साथ हैं। सिंधु ने कहा है कि वे जानलेवा स्थिति से बाल-बाल बचीं। पास में हुए एक विस्फोट और आकाश में मिसाइलों की आवाज का उन्होंने जिक्र किया है। कई और प्रमुख हस्तियां पश्चिम एशिया के हवाई अड्डों पर फंसी हुई हैं।

## नागपुर के कारखाने में धमाके से 18 की मौत, शवों के चीथड़े उड़े

नागपुर, एजेंसी

- नहीं पता चला धमाके का कारण फडणवीस ने दिया जांच का आदेश

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले एक कारखाने में रविवार सुबह हुए शक्तिशाली धमाके में 18 लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हो गए। यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक निर्माता कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड की डेटोनेटर पैकिंग इकाई में सुबह करीब 7:15 बजे हुआ।

पुलिस के मुताबिक 24 घायल श्रमिकों का नागपुर के दो अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। धमाके से कई शवों के चीथड़े उड़ गए और कुछ शव इतनी बुरी तरह जल गए कि उनकी पहचान करना असंभव हो गया।



मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने लिए जा रहे हैं। एक अस्पताल के मुताबिक अस्पताल में भर्ती सभी 18 मरीज आईसीयू में गंभीर हालत में हैं। विस्फोट के कारण अधिकांश रोगी 30 से 80 प्रतिशत तक गंभीर रूप से जले हुए हैं, साथ ही छर्रे लगने से भी चोटें आई हैं।

## जेएनयू : प्रदर्शनकारियों की रिहाई का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में हाल में हुए एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में गिरफ्तार 14 छात्रों की तत्काल रिहाई का रविवार को आदेश दिया।

अदालत ने 27 फरवरी को 14 प्रदर्शनकारियों को जमानत देते हुए कहा था कि पुलिसकर्मियों पर हमला करना गंभीर अपराध है, लेकिन आरोपी छात्र हैं और उन्हें अपना करियर बनाना है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट रवि छात्रों की उस याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें मजिस्ट्रेटी अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। मजिस्ट्रेटी अदालत के आदेश के तहत उनके दस्तावेजों और जमानत बॉण्ड के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

**पुराना ताल्लुक** किंतूर गांव में गम और गुस्सा, ईरान की इस्लामी क्रांति के दो सबसे बड़े चेहरों की जड़ें इसी गांव से जुड़ीं

## अयातुल्ला खामेनेई के पूर्वजों का था बाराबंकी से गहरा संबंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** इजराइली हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने से बाराबंकी जिले के किंतूर गांव के लोग गमगीन हैं। खामेनेई के पूर्वजों के बारे में दावा किया जाता है कि वह इसी गांव के थे। लखनऊ के नवाबों संग ईरान की धार्मिक यात्रा पर खामेनेई के पूर्वज बाराबंकी से गए थे।

बाराबंकी जिले का इतिहास महाभारतकाल से जुड़ा है। प्राचीन महाभारत कालीन कुंतेश्वर मंदिर जिस स्थान पर स्थित है उसे ही किंतूर गांव कहा जाता है। इसी किंतूर की धरती से ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई का नाता जुड़ने की बात कही जा रही है। हालांकि कभी अयातुल्ला खामेनेई इस गांव में नहीं आए मगर उनके पूर्वजों की पीढ़ियां गांव से संबंध थे।



किन्तूर गांव में खामेनेई की मौत पर गम में डूबे लोग।

बाराबंकी के किंतूर से ईरान गए सैयद अहमद मूसवी के पोते रूहुल्लाह खामेनेई के उत्तराधिकारी ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई थे। बताते हैं कि वर्ष 1790 में जिले की सिरौली गौसपुर तहसील के किंतूर गांव में सैयद अहमद मूसवी का जन्म हुआ था। पढ़ाई-लिखाई के बाद सन् 1830 में 40 वर्ष की उम्र में अहमद मूसवी अवध के नवाब के साथ धार्मिक यात्रा पर इराक गए। पहले नजफ पहुंचे, जहां उन्होंने हज़रत इमाम अली की दरगाह पर ज़ियारत की। बाद में फिर स्थायी रूप से ईरान के एक गांव खुमैन में बस गए थे। उनके पूर्वज बताते हैं कि अहमद मूसवी ने अपने नाम के आगे उपनाम हिंदी जोड़ा ताकि यह अहसास बना रहे कि वह हिंदुस्तान से हैं। उन्हें शेरों शायरी का भी काफी शौक था।

### शाह का शासन उखाड़ फेंका था

अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी ने वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति का नेतृत्व कर शाह के शासन को उखाड़ फेंका और ईरान को एक शिया इस्लामी गणराज्य में बदल दिया। पश्चिम एशिया की राजनीति को दशकों तक प्रभावित करने वाली इस क्रांति के पीछे खुमैनी के भाषणों की गूंज थी। जिन्हें अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने भी सम्मोहक और जनभावनाओं को आंदोलित करने वाला बताया। आज ईरान की मुद्रा पर उनकी तस्वीर छपी है और तेहरान में उनका भव्य मक़बरा मौजूद है। लेकिन कम लोग जानते हैं कि उनकी वंश परंपरा की जड़ें उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में छिपी हैं।

### मशहद में हुआ परिवार का उदय

नजफ़ के बाद सैयद अहमद मुसवी हिन्दी ईरान के मशहद चले गए, जो इमाम रज़ा की दरगाह के कारण शिया इस्लाम का प्रमुख तीर्थस्थल है। वहीं से मुसवी परिवार ईरान के धार्मिक प्रतिष्ठान में स्थापित हुआ। यह परिवार सातवें शिया इमाम इमाम मूसा अल-काज़िम का वंशज माना जाता है, जिससे इसे धार्मिक नेतृत्व की ऐतिहासिक वैधता मिली। अयातुल्ला अली खामेनेई का जन्म वर्ष 1939 में मशहद में हुआ। उनके पिता सैयद जवाद खामेनेई एक साधारण लेकिन सम्मानित धर्मगुरु थे और सैयद अहमद मुसवी हिन्दी के प्रत्यक्ष वंशज थे।

## न्यूज ब्रीफ

### चोर के पास से 20,500 रुपये व गैस सिलेंडर बरामद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना प्रभारी आरपी सिंह ने बताया कि शिवम शर्मा निवासी शाहपुर तिगरी की तहरीर पर नकदी, जेवर और घर का सामान चोरों के द्वारा चुराने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने आरोपी सोनू कश्यप निवासी मोहल्ला सूरज नगर, थाना कटघर हाल पता चौकी बस्ती थाना मझोला को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की। आरोपी के बताए स्थान से 20,500 रुपये, एक गैस सिलेंडर, एक रिंच और छोटा तार कटर बरामद किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि चोरी किए गए सामान में 95 हजार रुपये, दो सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी सोने के कुंडल,10 चांदी के सिक्के तथा एक गुल्लक में रखे चार हजार रुपये शामिल थे। बाकी रुपये उसने नशीले पदार्थों के सेवन में खर्च कर दी। जेवरात व अन्य सामान बेच दिए हैं।

### औषधीय हवन सामग्री से करेंगे होलिका दहन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आदर्श होली कमेटी जी ब्लॉक कांशीराम नगर की रविवार की बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार होलिका दहन वैदिक रीति से 85 किलो औषधीय हवन सामग्री से किया जाएगा। अन्य लोगों से भी पर्यावरण की सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील की गई। इस दौरान रमेश सिंह आर्य, सुंदर लाल, विपिन चौहान, रवि, रतिभान सिंह, पूरन सिंह, जगदीश प्रसाद सागर, गुलफाम सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

### अयोध्या से लौट रहे अमरोहा के तीर्थयात्री की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अयोध्या राम मंदिर से दर्शन कर मित्रों के साथ वापस लौट रहे अमरोहा के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हार्ट अटैक से मौत हो गई। ग्राम मगहुआ माफी थाना नौगवां जिला अमरोहा निवासी मुकेश पुत्र यशपाल अयोध्या में दर्शन कर अपने साथियों के साथ घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। साथ चल रहे मित्रों ने उन्हें तत्काल रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रुपए मांगने पर बेल्टों से जमकर पीटा, दी तहरीर

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** रुपए के लेनदेन को लेकर घर में घुसकर कुछ लोगों ने युवक को बेल्टों से बुरी तरह पीट दिया। जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र गांव जेबड़ी निवासी विपिन कुमार का आरोप है कि शेखुपुरा जिला धामपुर निवासी एक व्यक्ति पर 20 लाख रुपये बकाया थे। जब परिवार ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी पक्ष भड़क गया। पैसे मांगने पर विपिनके पुत्र रुद्राक्ष को बेल्ट से मारा पीटा। इतना ही नहीं, दोबारा रकम की मांग करने पर रुद्राक्ष और उनके पिता विपिन कुमार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना से परिवार सहमा है। इसकी सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई।



पिटाई का निशान दिखाता पीड़ित।

जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार को थाना लेकर आई। इसके बाद घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पीड़ित परिवार ने 15 लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी। जिस पर पुलिस जांच कर रही है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस लाइन, पीटीसी, पीटीएस, पीएसी के प्रशिक्षुओं ने दौड़ में किया प्रतिभाग

## पांच हजार प्रशिक्षु आरक्षियों ने लगाई 10 किलोमीटर दौड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जनपद में पुलिस लाइन, पीटीसी, पीटीएस, 9पीएसी, 24वीं वाहिनी पीएसी तथा 23वीं वाहिनी पीएसी में प्रशिक्षु आरक्षियों का प्रशिक्षण चल रहा है। रविवार की सुबह लगभग पांच हजार प्रशिक्षुओं ने महानगर की सड़कों पर 10 किलोमीटर की दौड़ परीक्षा में हिस्सा लिया।

एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि दौड़ परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुबह पांच बजे से आठ बजे तक तीन घंटे के लिए सभी प्रकार के वाहनों चार पहिया, दो पहिया एवं अन्य वाहनों का आवागमन तय रुट पर रोक दिया गया था।

- **महानगर की सड़कों पर दौड़ के चलते तीन घंटे ठप रहा यातायात**

दौड़ परीक्षा का रूट फव्वारा चौक से शुरू होकर मुरादाबाद क्लब, रेलवे क्रिकेट ग्राउंड, एकता द्वार, जैन मंदिर, कमिश्नर ऑफिस, डिप्टीगंज, कैंप चौकी, मिशन शक्ति तिराहा, पीली कोठी, पीएसी तिराहा, किला तिराहा, हरथला, कॉसमॉस हॉस्पिटल होते हुए डेंटल अस्पताल तक निर्धारित किया गया था। इस दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी प्रमुख मार्गों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने नगरवासियों को वैकल्पिक मार्गों से आवागमन कराकर व्यवस्था को सुचारू बनाया।



रविवार सुबह दौड़ में भाग लेतीं प्रशिक्षु पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

## प्रॉपर्टी डीलर को बनाया हनीट्रैप का शिकार, मांगे तीन लाख रुपये

### जबरन आपत्तिजनक वीडियो बनाने का लगाया आरोप, तीन महिला समेत छह गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी कारोबार से जुड़े व्यक्ति को हनीट्रैप में फंसा कर अश्लील वीडियो बनाने और तीन लाख रुपये की मांग करने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन महिलाओं समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

रामगंगा विहार फेज-1 निवासी विकास मेहरा प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। उनकी पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि प्रॉपर्टी मीटिंग के दौरान विकास की मुलाकात सीमा उर्फ सानिया से हुई थी। उसने खुद को प्रॉपर्टी कारोबारी बताया। बातचीत के दौरान दोनों के बीच संपर्क बढ़ा और महिला ने कई बार प्रॉपर्टी दिखाने की बात कही।



सिविल लाइन कोतवाली में पकड़े गए हनी ट्रैप गैंग के सदस्य। ● अमृत विचार

24 फरवरी को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे महिला ने जिगर कॉलोनी स्थित मकान पर प्लाट के संबंध में बुलाया। वहां पहले से कुछ लोग मौजूद थे। अंदर जाते ही दरवाजा बंद कर मारपीट की गई और जबरन आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना लिए गए। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर तीन लाख रुपये की मांग की गई। बदनामी के डर से पीड़ित ने पहले कुछ रकम ऑनलाइन ट्रांसफर की और बाद में 50 हजार रुपये नकद दिए। आरोप है कि इसके बावजूद लगातार तीन लाख रुपये की मांग की जाती रही।

थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। रविवार का शहर से भागने के फिराक में सभी आरोपी सोनकपुर पुल के नीचे पहुंचे।

- **पकड़े गए आरोपियों से बरामद किए गए 20,500 रुपये**

वहां से आरोपी सीमा उर्फ सानिया, निशा उर्फ ईशा निवासी चक्कर की मिलक, मुस्कान, जावेद, वसीम निवासी चक्कर की मिलक घोसियों वाली मस्जिद थाना सिविल लाइंस और अमन उर्फ अमान निवासी तेवर खास थाना बिलारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए अभियुक्त के पास से विकास मेहरा से वसूले रुपयों में से 20,500 रुपये व चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मोबाइल कॉल डिटेल, बैंक लेन-देन और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

### रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार संग्रह अमीन जेल भेजा

**शाहबाद, अमृत विचार :** शाहबाद तहसील में 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए संग्रह अमीन प्रेम शंकर तिवारी को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

गौरतलब है कि मुरादाबाद से आई एंटी करप्शन टीम ने निरीक्षक कृष्ण अवतार केडी के नेतृत्व में तहसील में तैनात संग्रह अमीन को उनके सरकारी आवास से रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। शिकायतकर्ता जाहिदपुर गांव निवासी हसमुद्दीन की तहरीर पर यह कार्रवाई की गई थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को शाहबाद थाना लाया गया था, जहां पूरी रात कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

अदालत के आदेश पर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई के बाद तहसील कर्मियों में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा।

## बिजली बोर्ड में स्पार्किंग से लगी आग, वृद्धा की जलकर मौत



वृद्धा की मौत के बाद गमजदा परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता,सौंधन/कैला देवी

**अमृत विचार :** में कमरे में सो रही एक वृद्धी की आग की चपेट में आने से मौत हो गई। आग बिजली के बोर्ड में स्पार्किंग से लगी।



मृतका मूर्ति देवी।

रझेड़ा सलेमपुर गांव निवासी 60 वर्षीय मूर्ति देवी पत्नी भीमसेन अपने बेटे सुंदर, पुत्रवधू पूजा, दो पोते शिवा व विष्णु तथा पोती पायल के साथ एक ही कमरे में सो रही थीं। कमरे में लगे बिजली बोर्ड में स्पार्किंग हुई और चिंगारी नीचे गिर गई। चिंगारी लिहाफ पर गिरते ही आग लग गई। लिहाफ ओढ़कर सो रही मूर्ति देवी कुछ ही पलों में आग की लपटों में घिर गईं। आग लगते ही कमरे में घना धुआं भर गया और दम घुटने की स्थिति बन गई। धुएं के कारण पुत्रवधू पूजा की नींद खुली तो शोर मचाया, जिस पर परिवार के अन्य सदस्य भी जाग गए। हड़बड़ाहट में सुंदर, शिवा, विष्णु और पायल किसी तरह कमरे से बाहर निकल गए। आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। चारपाई पर सो रही वृद्धा की जलकर मौत हो गई। आग की चपेट में आकर कमरे में रखा बिस्तर, कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू सामान भी जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है। गांव में इस हृदयविदारक हादसे के बाद मातम पसरा हुआ है। परिजन गहरे सदमे में हैं।

## पदमावत के पायदान और प्लेटफार्म के बीच फंसा यात्री

संवाददाता, मुरादाबाद/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पदमावत एक्सप्रेस में एक यात्री ने चढ़ने का प्रयास किया। इस बीच ट्रेन चल दी और पैर फिसलने के कारण पायदान व प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया।ट्रेन मैनेजर संजय कुमार ( मेल / हेड क्वार्टर मुरादाबाद) ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत गाड़ी को प्लेटफॉर्म पर रोका। आरपीएफ, जीआरपी और कैरिज विभाग के कर्मचारी प्लेटफार्म पर पहुंचे। प्लेटफार्म को तोड़कर यात्री को निकाल कर मेडिकल कालेज भेज दिया। इस दौरान ट्रेन करीब आधा घंटे खड़ी रही।

पदमावत एक्सप्रेस शनिवार की रात साढ़े दस बजे प्लेटफार्म तीन पर आकर रुकी। इस दौरान मुरादाबाद जिले का शिव कुमार गार्ड की बोगी के निकट जनरल कोच में चढ़ने लगा। पायदान पर उसका पैर स्लिप हो गया और वह फंस गया। इसी बीच ट्रेन बरेली की ओर चल दी। यात्रियों ने शोर मचाया तो गार्ड ने ट्रेन को वैक्यूम करके रोक दिया। आरपीएफ, जीआरपी के पुलिस कर्मचारी और कैरिज विभाग के कर्मचारी पहुंच गए। कर्मचारी हथौड़ा ओर बेलचा लेकर आए। बेलचे से प्लेटफार्म का कोना तोड़ा उसके बाद शिव कुमार को बाहर निकाला।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल आदित्य गुप्ता ने बताया कि यात्रियों को चलती गाड़ी में चढ़ने-उतरने से रोकने के लिए निरंतर जागरूक किया जाता है। गनीमत रही कि ट्रेन मैनेजर की सतर्कता से यात्री की जान बच गई।

### गटर में डूबकर 3 साल की बच्ची की मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हरियाना गांव में रविवार की देर शाम तीन साल की बच्ची खेलते-खेलते घर के गटर के गड्ढे में गिर गई-पानी में डूबकर उसकी जान चली गई। हरियाना गांव के रहने वाले गय्यूर का मकान बन रहा है। गटर का गड्ढा बनाने के बाद उसकी लीकेज जांचने को पानी भर दिया गया था। उसी दौरान उसकी तीन साल की बच्ची अदीबा खेलते-खेलते गड्ढे में गिर पड़ी। डूबने से उसकी मौत हो गई। घर में बच्ची न दिखी तो परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू किया। काफी देर तलाश करने के बाद वे गटर के पास पहुंचे वहां पानी में अदीबा को उतराता देख उनके होश उड़ गए। बच्ची की मौत से परिजन बेहाल हो गए।



अदीबा।

## इस बार शराब की दुकानों की नहीं लगेगी बोली

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार:** इस बार शराब की दुकानों के लिए नई बोली प्रक्रिया नहीं की जाएगी। आबकारी विभाग के अनुसार कुल 265 दुकान अनुज्ञापियों में से 264 अनुज्ञापियों ने समय सीमा के भीतर अपनी दुकानों का नवीनीकरण करा लिया है। ऐसे में अधिकांश दुकानों के लाइसेंस पूर्व की भांति ही संचालित रहेंगे।

रविवार को जिला आबकारी अधिकारी रवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस वर्ष शासन की नीति के तहत पहले से संचालित दुकानों को नवीनीकरण का अवसर दिया गया था। जनपद में लगभग सभी अनुज्ञापियों ने इसका लाभ उठाते हुए अपनी-अपनी दुकानों का लाइसेंस नवीनीकरण करा लिया। केवल

- **265 में से 264 दुकानों का किया गया नवीनीकरण**

मुड़िया हवाई पट्टी क्षेत्र स्थित एक दुकान का नवीनीकरण नहीं कराया गया है, जिसे चड्ढा ग्रुप द्वारा छोड़ दिया गया है। इस दुकान के संबंध में विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि नवीनीकरण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और नियमानुसार संपन्न कराई गई है। इससे न केवल विभागीय राजस्व को स्थिरता मिलेगी, बल्कि दुकानों के संचालन में भी निरंतरता बनी रहेगी। नई आबकारी सत्र की शुरुआत के साथ ही नवीनीकृत दुकानों पर निर्धारित नियमों के तहत बिक्री जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अनुज्ञापियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्लाईवुड फैक्ट्रियों में आयकर सर्वे जारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आयकर विभाग दिल्ली की टीम को थाना गंज क्षेत्र के बगी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एमएन इंडस्ट्री के नाम की दोनों प्लाईवुड फैक्ट्रियों में डेरा डाले हुए अब करीब 80 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं। टीम को सर्वे में कोई खामी मिली है या नहीं इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी मिली है कि दिल्ली में एक फर्म को माल देने की निशानदेही पर आयकर टीम ने सर्वे शुरू किया है।

दोनों फैक्ट्री मुरादाबाद के पूर्व सांसद और सपा नेता एचटी हसन के समधी नईम खां उर्फ बब्लू और उनके पार्टनर मुनन खां की हैं। इनमें एमएन इंडस्ट्री, एसआई और एनजी फर्म के नाम से प्लाईवुड बनता है। आयकर विभाग दिल्ली की टीम ने गुरुवार सुबह दस बजे दोनों फैक्ट्री में सर्वे शुरू

- **पूर्व सांसद एसटी हसन के समधी नईम खान की और पार्टनर मुनन खां की हैं फैक्ट्रियां**

किया था। गुरुवार से लेकर रविवार देर रात तक आयकर की टीम का सर्वे पूरा नहीं हुआ है। रविवार देर रात तक टीम प्लाईवुड फैक्ट्री में मौजूद है और छानबीन जारी है। आयकर विभाग टीम को अब 80 घंटे से ज्यादा हो गए हैं। ऐसे में आयकर विभाग की टीम को टैक्स चोरी से संबंधित कुछ मामला मिला है या नहीं, ये आधिकारिक बयान के बाद ही मालूम होगा। नईम खान उर्फ बब्लू और मुनन खां शहर के रसुखदार माने जाते हैं और लकड़ी के बड़े और पुरान कारोबारियों में उनका नाम आता है। गुरुवार को दोनों के आवासों पर भी छानबीन की थी, लेकिन शुक्रवार को घरों से आयकर विभाग की टीम चली गई थी। आयकर विभाग दिल्ली की टीम करीब 10 से ज्यादा गाड़ियों में नईम खां उर्फ बब्लू व पार्टनर मुनन खां की दोनों प्लाईवुड फैक्ट्री पहुंची थी। इसके साथ एक टीम मोहसिन ए आजम कॉलोनी स्थित नईम खान व शौकत अली रोड स्थित मुनन खां के आवासों पर पहुंची थी। लेकिन शुक्रवार को टीम आवास से फैक्ट्री चली गई थी। आयकर विभाग के अधिकारी फैक्ट्री कर्मचारियों से लगातार पूछताछ कर रही हैं। जबकि मजदूरों और मालिकों के मोबाइल तक टीम ने अपने कब्जे में ले रखे हैं। टीम कारोबारी के वित्तीय लेनदेन, कंप्यूटर, खातों की लगातार जांच कर रही है। किसी को भी अंदर या बाहर आने की अनुमति नहीं दी गई है। मुरादाबाद के पूर्व सांसद एसटी हसन की बेटी का निकाह नईम खान के बेटे से हुआ है। जबकि मुनन खान की बेटी की शादी नईम के दूसरे बेटे के साथ हुई है। नईम और मुनन भी आपस में समधी हैं।

## पुलिस से मारपीट, पथराव में चार गिरफ्तार

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** शनिवार को रतनपुर कला गांव में पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए गई थी। गांव वालों ने शिद्दत के समय घर में घुसकर अभद्रता करने का आरोप लगाकर पुलिस टीम पर लाठी डंडे एवं धारदार हथियार से पुलिस पर हमला कर घायल कर दिया था। चोरों को छुड़ा लिया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविवार को तीन लोगों को पुलिस के साथ मारपीट करने एवं एक को बाइक चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे जेल भेजा।



आरोपी।

थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद के सेक्टर 5 के निवासी तौफीक पुत्र खुर्शीद अहमद ने मुकदमा पंजीकृत कराया था कि 18 फरवरी को उसकी बाइक चोरी हो गई। सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच करते हुए पुलिस ने रतनपुर कला पहुंचकर जाबिर पुत्र शरीफ की घेराबंदी की तो लोगों ने पुलिस के साथ अभद्रता कर मारपीट कर दी। लाठी डंडों एवं धारदार हथियार से हमला कर पुलिस कर्मियों को पीटकर घायल कर दिया। इसकी सूचना पर भारी फोर्स गांव में बुला ली गई। पुलिस ने जाबिर, सद्दाम, दानिश, हिना, शहरूम, आरिफ, जाहिद, जिकरा, अंजुम, जाफरी, संजीदा एवं सात आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। रविवार को पुलिस ने जाबिर पुत्र शरीफ, जाहिद पुत्र शरीफ, शाहिद पुत्र शरीफ मोहल्ला तेलियों वाला ग्राम रतनपुर कला को पुलिस के साथ मारपीट, धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने, और सरकारी कार्य में बाधा डालने के अलावा मोहम्मद उर्फ मेंशन पुत्र मेहबूब निवासी रतनपुर कला को बाइक चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। बाकी आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है।



104‹ ›पुलिस पर हमला करने के बाद भागता आरोपी सीसीटीवी में कैद। ● अमृत

- **रतनपुर कला में बाइक चोरों को पकड़ने गई पुलिस पर लाठी डंडों से हमला एवं पथराव किया था**

### असद हत्याकांड के चारों आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** असद हत्याकांड मामले के मुख्य आरोपी जफर समेत चारों आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं।

नागफनी पुलिस का मुखबिर तंत्र भी खास मददगार साबित नहीं हो रहा है। पुलिस को आरोपियों के संभावित ठिकानों की सूचनाएं तो मिल रही हैं, लेकिन दबिश देने से पहले ही वह फरार हो जा रहे हैं। थाना पुलिस के साथ-साथ एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) की टीम भी आरोपियों की तलाश में सक्रिय है। संभावित ठिकानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं, जल्द ही जफर और अन्य आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी सख्त कर दी गई है जिससे कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

**सियासत** | पर्यवेक्षक ने जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के साथ संभावित नामों पर किया मंथन

## भाजपा कार्यकारिणी में पद के लिए बैठा रहे समीकरण

संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भाजपा की जिला और महानगर कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। रविवार को मुरादाबाद के पर्यवेक्षक बनाए गए एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने जनप्रतिनिधियों और अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संभावित नामों पर मंथन किया, सोमवार को भी प्रक्रिया जारी रहेगी। इस बार पदाधिकारियों के चयन के पुराने फार्मूले में बदलाव तय हैं क्योंकि इस बार महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित करनी है।

26 दिसंबर 2019 को महानगर कार्यकारिणी की टीम घोषित हुई थी। इस दौरान दो अध्यक्ष बदले गए और तीसरे अध्यक्ष गिरीश भंडूला पिछले एक साल से जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, लेकिन टीम यथावत चली आ रही है। जबकि गिरीश भंडूला इसी टीम में उपाध्यक्ष थे, उनके अध्यक्ष बनने के बाद रिक्त हुआ पद भी किसी को जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई।

- **महिलाओं की भागीदारी होगी सुनिश्चित, समीकरण साधने के पुराने फार्मूले में होगा बदलाव**

वहीं, जिला कार्यकारिणी में भी अध्यक्ष बदल गए, लेकिन कार्यकारिणी में एक-दो परिस्थितिजन्य बदलाव के साथ वहीं टीम काम कर रही है। पर्यवेक्षक की मुरादाबाद में उपस्थिति के बाद से नई कार्यकारिणी में पद पाने के लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपने-अपने शुभचिंतक नेताओं के पास दौड़ लगानी शुरू कर दी है। हालांकि, वरिष्ठ पदाधिकारियों का दावा है कि जो पार्टी हित में परिश्रम करता आ रहा है और जो इसकी शर्तों को पूरा करता है, उसे ही पद मिलेगा। वहीं, पार्टी का ध्यान विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक और जातीय समीकरण के साथ ही निष्ठावान कार्यकर्ताओं को भी साधने पर है। वहीं, पार्टी के कद्दावर नेता अपने लोगों को समायोजित कराने की जुगत हैं।

कुछ की सीधी बात है तो कुछ दाएं-बाएं से एंट्री कराने का प्रयास कर रहे हैं। यूजीसी रेग्यूलेशन के बाद सामान्य वर्ग की नाराजगी और तीखी प्रतिक्रिया के चलते जातीय समीकरण को साधना थोड़ा दुष्कर है। अभी जो कार्यकारिणी है, उसे 21 पदाधिकारियों में से पांच ब्राह्मण, तीन वैश्य, तीन पंजाबी, दो ठाकुर, दो जाट, दो जाटव, एक-एक कायस्थ, खत्री, कुर्मी, त्यागी, वाल्मीकि, प्रजापति, कश्यप समाज के लोग शामिल हैं। इस बार पुराने में फार्मूले में भी बदलाव तय है। क्योंकि इस बार कार्यकारिणी में 33 प्रतिशत महिलाओं को स्थान देना है। वहीं, पदाधिकारियों की आयु भी 30 से 50 के बीच होनी चाहिए। चुनावी समर में उतरने से पूर्व भाजपा किस प्रकार से महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जातीय समीकरण बनाती है।

### प्रदेश अध्यक्ष के बदलाव का भी पड़ेगा प्रभाव

भूपेंद्र सिंह चौधरी के बाद पंकज चौधरी प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभाल रहे हैं। वहीं कार्यकारिणी में बदलाव की प्रक्रिया भी लंबे से लंबित चल रही थी। कार्यकारिणी में शामिल कुछ पदाधिकारी अपनी सीट पक्की मानकर चल रहे थे। केंद्र बदलने के कारण कुछ नेताओं की ताकत घटी है तो कुछ की बढ़ी है, यही कारण है कि पहले जो अपना पद पक्का या संभावित मानकर चल रहे थे, उनके समीकरण कुछ गड़बड़ाए अवश्य हैं। जो भी कार्यकारिणी बनेगी उसमें शामिल पदाधिकारियों के नाम मुरादाबाद की राजनीतिक के अखाड़े के पहलवानों की स्थिति को भी तय करेगी।



**इफ्तार**
02 मार्च
सुन्नी : 6 :18
शिया : 6 :29

**सहरी**
03 मार्च
सुन्नी : 5 :14
शिया : 5 :11

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया :** सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## शहर में आज

- कटघर में डिप्टी साहब के मंदिर से रामडोल का जुलूस निकाला जाएगा दिन में 12 :00 बजे
- आओ हाथ बढ़ाएं एक मदद पहल की चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम व रंगोत्सव समारोह राधिका फार्म हाउस में दोपहर 12 :00 बजे
- नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की ओर से होली रंगारंग संध्या व मिलन समारोह मनोरंजन सदन में शाम 7 :00 बजे

# होली के रंग में रंगा बाजार, हर ओर छाया उल्लास

## रंग-गुलाल के अलावा कपड़ा, किराना, मिठाई की दुकानों पर लगी ग्राहकों की भीड़, पर्व के लिए कर रहे खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चार मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए बाजार में देर शाम तक खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ जुट रही है। नये कपड़े खरीदने, मिठाई, मावा, किराना की दुकानों पर लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

होली पर गुझिया और अन्य पकवान बनाने की तैयारी घरों में चल रही है। इसके लिए लोग मावा, ड्राईफ्रूट, चीनी, मैदा, सूजी, रिफाइंड तेल, घी की खूब खरीदारी कर रहे हैं। महंगाई की मार के बीच लोग साल भर में एक बार आने वाले त्योहार के लिए अपने सामर्थ्य के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। ब्रांडेड शोरूम में नये कपड़े खरीदने के लिए देर रात ग्राहकों की भीड़ जुटी है। वहीं मिठाई, मावा आदि की बिक्री में तेजी आई है। बाजार में दुकानों के आगे स्टाल लगाकर रंग बिरंगी डिजाइनर और कार्टून कैरेक्टर की पिचकारी भी बच्चों को खूब पसंद आ रही है।


होली को लेकर बाजार में पिचकारी खरीदते लोग। ● अमृत विचार

डोरेमॉन, छोटा भीम, कृष्णा, डोलू भोलू व अन्य कार्टून कैरेक्टर की पिचकारियां 50 रुपये से लेकर 500 रुपये कीमत में बिक रही है। वहीं सामान्य के अलावा हर्बल रंग, गुलाल और फूलों से होली मनाने के लिए खरीदी जा रही है। हालांकि मिलावटी सामग्री की खेप भी बाजार में खपा दी गई है। जिसके चलते लग़ सतर्कता भी बरत रहे हैं। चिकित्सक मिलावटी व सिंथेटिक खाद्य सामग्री से बचने की सलाह दे रहे हैं। जिससे होली की खुशियों पर ग्रहण न लगे।


बाजार में बिकती पिचकारी।

## तीन को लगेगा चंद्रग्रहण, 3 घंटा 25 मिनट पर रहेगा प्रभाव



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिद्धपीठ नौ देवी श्री काली माता जी मंदिर लाल बाग के महंत रामगिरि महाराज ने कहा कि इस बार होली के पर्व को लेकर बहुत संशय है। कुछ लोग कह रहे हैं कि होलिका दहन 2 मार्च को ।3 मार्च को चंद्रग्रहण खत्म होने के बाद प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा तिथि में होलिका दहन करना शुभ रहेगा। उन्होंने बताया कि श्री काशी विश्व हिन्दू पंचांग अनुसार 4 मार्च को रंग–गुलाल से एक–दूसरे को होली की शुभकामनाएं दें। महंत रामगिरि ने कहा कि होलिका दहन पूर्णिमा की रात को होता है। पूर्णिमा तिथि 2 मार्च को शाम 5 बजकर 55 मिनट से शुरू होगी और 3 मार्च को शाम 5 बजकर 7 मिनट तक रहेगी। रात्रि में पूर्णिमा तिथि 2 मार्च को रहेगी, मगर 2 मार्च को जैसे ही शाम 5 बजकर 55 मिनट से पूर्णिमा तिथि शुरू होगी, उस पर भद्रा का साया भी लग जाएगा। भद्रा काल में होलिका दहन नहीं किया जा सकता है। भद्रा यदि पाताल या आकाश में हो तो पृथ्वी पर उसका असर नहीं माना जाता है, लेकिन इस बार भद्रा पृथ्वी पर ही है और भद्रा में होलिका दहन करना स्वयं, परिवार, समाज व देश के लिए अनिष्टकारी साबित हो सकता है। यदि भद्रा मध्यरात्रि तक हो, तो भद्रा पुच्छ के समय दहन किया जा सकता है, मगर यह समय 2 मार्च की रात्रि 12 .21 बजे के बाद होगा और उस समय तक लोग सो चुके होते हैं। 3 मार्च को चंद्रग्रहण है और चंद्रग्रहण का सूतक काल 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है। चंद्रग्रहण 3 मार्च को दोपहर 3 बजकर 21 मिनट पर प्रारंभ होकर शाम को 6 बजकर 46 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। इसी समय सूतक काल भी समाप्त हो जाएगा। मुरादाबाद में चंद्रहण शाम 6 बजकर 22 मिनट से शाम 6 बजकर 47 मिनट तक दिखाई देगा। चंद्रग्रहण का सूतक काल शुरू होने से पहले ही स्नान आदि कर ठाकुर जी का या अपने ईष्ट का श्रृंगार कर उन्हें भोग लगाकर खुद भी भोजन कर लें। चंद्रग्रहण के दौरान हरि नाम स्मरण करे। चंद्रग्रहण खत्म होने के बाद स्नान आदि कर रात्रि 8 बजे के बाद होलिका दहन करें और 4 मार्च को रंगोत्सव में भाग लें। 3 मार्च को पूर्णिमा तिथि शाम 5 बजकर 7 मिनट पर समाप्त हो जाएगी लेकिन तब भी प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा तिथि उदय तिथि रहेगी। ऐसे में होलिका दहन और पूजन शाम 7 बजे से करना शुभ रहेगा। 3 मार्च दिन मंगलवार प्रात : कालीन मंगला आरती 5 :30 बजे तत्पश्चात मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। 3 मार्च दिन मंगलवार शाम 7 :15 पर मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए जाएंगे। इस दिन संध्या कालीन आरती का समय शाम 7 : 30 बजे से रहेगा।

● **भद्रा काल में न करें होलिका दहन, होता है अनिष्टकारी**

## शिवसेना शिंदे गुट ने किया होली मिलन समारोह

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शिवसेना शिंदे गुट ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। नेतृत्व जिला प्रमुख नन्हे चौधरी ने किया। शिवसैनिकों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाओं के माध्यम से आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

रविवार को शिवसेना जिला कार्यालय पर होली मिलन समारोह में राज्य सचिव राम प्रसाद प्रजापति ने कहा कि होली आपसी सौहार्द व मिलजुल कर मनाना चाहिए। मंडल प्रमुख गुड्डू सैनी ने अपील की कि किसी पर जबरदस्ती रंग न लगाएं। पर्व को प्रेम व सद्भाव के साथ मनाया जाए। महानगर प्रमुख रजत श्रोत्रिय ने कहा कि होली सामाजिक समरसता और भाईचारे का पर्व है। शिवसेना शिंदे गुट सदैव समाज को जोड़ने और प्रेम, सौहार्द व आपसी सम्मान के मूल्यों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी नितिन वर्मा ,जिला प्रभारी मनोज कुमार,युवा जिला प्रमुख राकेश प्रजापति ,मंडल उप प्रमुख मुकेश सक्सेना,मंडल सचिव ठाकुरदास सैनी ,जिला उप प्रमुख मंगली सैनी, मुकेश दिवाकर सहित अनेक शिवसैनिक मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाई होली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यप परिवार ने रविवार को वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ होली की खुशियां साझा कीं। उनके साथ भोजन भी किया। संस्था की अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने कहा बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं। उनके साथ समय बिताने से उन्हें अपनेपन का अहसास होता है। संजना, कविता, नीति सैनी, श्वेता, स्वाति गुप्ता, अनु कौर, पायल कौशिक, प्रियंका, शालू, चांदनी, पूजा, अमृता, सोनिया, ऋतु, पूनम, दिशा आदि मौजूद रहीं।

### शराब के लिए मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम लालापुर पीपलसाना निवासी शिवम कुमार ने तहरीर में बताया कि वह हरियाणा में मेहनत–मजदूरी करता है। 26 फरवरी को वह अपने घर लौट रहा था। अरुण, अर्जुन, उमंग मिले। तीनों ने कहा कि वह तनख्वाह लेकर आया होगा, इसलिए शराब पिलाए। शराब पिलाने से इंकार करने पर लाठी और ईंट से हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## चार मार्च तक करें कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के अंतर्गत से 4 मार्च तक ऑनलाइन बुकिंग की जाएगी। किसान चार मार्च की रात्रि 12 बजे से पूर्व विभागीय पोर्टल agridarsan.up.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

उपनिदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना के तहत सुगरकेन सेट्लिंग प्लांटर, ट्रैक्टर माउंटेड स्प्रेयर,पावर टिलर,पावर वीडर,पोटैटो प्लांटर,पोटैटो डिगर,मल्टीक्रॉप प्लांटर,मिनी दाल मिल,मिनी राइस मिल,लेजर लैंड लेवलर,कंबाइन हार्वेस्टर (विदाउट ट्रैक्टर) सहित विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध है। इसके अलावा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेज्ड्यू योजना के अंतर्गत जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल,सुपर सीडर,हैप्पी सीडर,रोटरी स्लैशर,बेलिंग मशीन आदि यंत्रों पर भी अनुदान दिया जाएगा। सीआरएम योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा ।एसएमएएम योजना में एससी,एसटी,लघु,सीमान्त एवं महिला किसानों को अधिकतम 50 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। जमानत राशि10,001 से 1,00,000 रुपये तक अनुदान वाले यंत्रों के लिए 2,500 तथा 1,00,000 रुपये से अधिक अनुदान वाले यंत्रों के लिए 5,000 रुपये जमानत धनराशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। चयन न होने पर राशि वापस कर दी जाएगी।

# अमेरिका -इजरायल हाय- हाय... हर घर से हुसैनी निकलेगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई की मौत के बाद मातम और रोष जताते हुए शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। करूला आजाद नगर स्थित इमामबाड़ा से अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। अमेरिका-इजरायल हमले में मारे गए ईरान के नेता अयातुल्लाह अली खामनेई की मौत पर लोगों ने नाराजगी जताकर नारेबाजी की।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई की मौत से शिया समुदाय में मातम छाया रहा। खामेनेई की मौत अमेरिका और इजरायल के हमले में हुई थी। जिले में शिया समुदाय की बस्तियों में मातम मनाया गया। करुला क्षेत्र के आजाद नगर मोहम्मदिया हॉल इमामबाड़ा पर बड़ी संख्या शिया समुदाय के लोग जुटे और अमेरिका और इजरायल मुर्दाबाद के नारे लगाए। जुलूस में शामिल लोगों ने खामनेई के लिए दुआएं पढ़ीं। शिया समुदाय के लोगों ने नम आंखों से उनकी याद में मातम किया। बच्चों व बड़ों के हाथों में काले परचम और अयातुल्ला खामनेई की तस्वीर लिए हजारों प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका मुर्दाबाद व इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए। जुलूस को संबोधित करते हुए मौलाना अली हैदर नूरी ने कहा, अयातुल्ला खामनेई की शहादत केवल ईरान का नुकसान नहीं है,बल्कि यह पूरी मजलूमियत की आवाज को दबाने की कोशिश है। अमेरिका और इजरायल ने इस कायराना हरकत से साबित कर दिया है कि वे अमन के दुश्मन हैं। वहीं, मौलाना नाज साहब ने अपने बयान में कहा, दुश्मन यह न समझे कि एक रहनुमा को शहीद करके वह इस तहरीक को खत्म कर देगा। जुलूस में डॉ. कायम रजा, कलम हसनैन, परवेज भाई, अनीस हैदर, हसन जैदी एडवोकेट,वसी अब्बास, मोहम्मद अब्बास, डॉ. आरिफ रजा, कमर अब्बास बाकरी, मासूम रजा, मोहम्मद अली, अस्बात हुसैन आदि शामिल रहे।



अयातुल्लाह अली खामेनेई के समर्थन में पोस्टर लेकर खड़े बच्चे व महिलाएं।


इजरायल और अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन करते शिया समुदाय के लोग।

● **शिया समुदाय खामेनेई की मौत के विरोध में सड़कों पर उतरा**

● **जुलूस निकाल कर जताया विरोध, किया मातम**

## मजदूरों से संगठित होकर संघर्ष करने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

● **हक के लिए सशक्त आंदोलन की आवश्यकता पर बल दिया**

**अमृत विचार :** पीतल मजदूर यूनियन का वार्षिक सम्मेलन रविवार को सिविल लाइंस अंबेडकर पार्क में मनाया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता कामरेड चंद्र प्रकाश गुप्ता ने की।

मुख्य अतिथि ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर के राष्ट्रीय सचिव मंडल सदस्य कामरेड रमेश पाराशर ने कहा कि वर्तमान समय में मजदूरों के श्रमिक अधिकारों पर लगातार प्रहार हो रहे हैं। 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर लागू किए गए चार लेबर कोड से मजदूरों के यूनियन बनाने और हड़ताल करने के अधिकार प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त और सशक्त आंदोलन की आवश्यकता पर बल दिया। एआईयूटीयूसी के प्रदेश अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2019 से लंबित न्यूनतम वेतन संशोधन अब तक लागू नहीं किया गया है।

उन्होंने मुरादाबाद के पीतल उद्योग में प्रचलित हायर एंड फायर नीति पर चिंता व्यक्त कर मजदूरों से संगठित होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। सम्मेलन में इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए युद्ध के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

अंत में अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता और सचिव संजीव शुक्ला के नेतृत्व में 51 सदस्यीय जनरल काउंसिल का चुनाव किया गया। संचालन सुरेश पाल सिंह ने किया।

# होली को लेकर जिले में व्यापक सुरक्षा इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** होलिका दहन व होली को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी थानों पर शांति समिति की बैठकें की गईं। हर होलिका दहन स्थल पर पुलिस इंचार्ज नियुक्त किए गए हैं। एलआईयू और सोशल मीडिया सेल को भी सक्रिय कर दिया गया इसके अलावा जिले को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित कर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया गया है।

रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और एसपी देहात को क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दि,। कहा कि जो भी कानून व्यवस्था के विपरीत कार्य करे उसे किसी हाल में न छोड़ें, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने सभी सभी थाना प्रभारियों और क्षेत्रीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने के लिए कहा है। जिसके बाद पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। जिससे शांति व्यवस्था बन सके। उपद्रवियों पर अंकुश लगाया जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से अपील की कि होली का पर्व शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।

इसके क्रम में सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी मनीष सक्सेना ने क्षेत्र सभी हल्का प्रभारियों और भारी पुलिस बल के साथ पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया। थाना भोजपुर पुलिस ने फ्लैग मार्च कर मोहल्लों के जिम्मेदार लोगों को निगरानी रखने के निर्देश दिए। थाना छजलैट पुलिस ने क्षेत्र में पैदल भ्रमण किया। थाना भगतपुर पुलिस ने संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक आरपी. सिंह ने क्षेत्रीय अधिकारी के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर हल्का प्रभारियों को रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। ठाकुरद्वारा पुलिस ने भी संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से संवाद किया तथा होली दहन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। वहीं नागफनी, गलशहीद, मुगलपुरा, सदर कोतवाली कटघर कोतवाली, पाकबड़ा कोतवाली प्रभारी ने क्षेत्र में गश्त के दौरान लोगों को होली पर शांति व्यवस्था बनाने के साथ उपद्रव करने की मंशा रखने वालों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।


पुलिस के साथ भ्रमण करते एसएसपी सतपाल अंतील व एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह।

● **एसएसपी बोले- कानून व्यवस्था से छेड़छाड़ करने वालों पर की जाए कड़ी कार्रवाई**

## शिविर में खिलाड़ियों ने सीखीं ताइक्वांडो की बारीकियां



ताइक्वांडो शिविर में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में साईं ताइक्वांडो एकेडमी के द्वारा ताइक्वांडो क्योरूगी (फाइट) शिविर लगाया गया। जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने नई बारीकियों को सीखा।

जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि यह शिविर ताइक्वांडो खिलाड़ियों को एडवांस प्रशिक्षण देने के लिए लगाया गया। जिसमें नई तकनीक और कौशल के बारे में जानकारी दी गई। जिससे वह आगामी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। आरएसडी एकेडमी के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी कुमार ने कहा कि इस समय सभी स्कूलों में परीक्षाएं चल रही है। इसके बाद भी खिलाड़ियों में ताइक्वांडो को लेकर उत्साह है। पढ़ाई के साथ खेल और शारीरिक व्यायाम भी महत्पूर्ण है।

## संघ की होली में जमकर उड़ाए गुलाल और रंग

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का होली मिलन समारोह गांधीनगर के गांधी पार्क में हुआ। इसमें संघ के पदाधिकारी, स्वयंसेवक, जनप्रतिनिधियों के अलावा व महानगर के गणमान्य लोग शामिल हुए।

इस दौरान फूलों की होली खेली गई तो लोगों ने एक दूसरे गुलाल और रंग भी लगाए। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण और संघ प्रार्थना के साथ हुआ। इसके बाद गणेश वंदना और फिर होली के गीत गाए गए। होली के गीतों के साथ लोगों में उत्साह देखते बन रहा था। लोगों ने एक दूसरे पर फूल बरसाते और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में संघ की सामाजिक समरसता की संकल्पना भी साकार होती दिखाई दी।

# त्योहारों पर घरों को लौट रहे लोग

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** होली पर अपने घर जाने वाले यात्रियों की भीड़ बसों में अधिक रही। हालांकि मुरादाबाद और पीतलनगरी दोनों डिपो पर सुबह से यात्रियों की भीड़ कम रही। दिल्ली, मेरठ, गाजियाबाद, हरिद्वार से आने वाली बसों में यात्रियों की संख्या अधिक रही।

मुरादाबाद और पीतल नगरी डिपो पर आए यात्रियों में अधिकांश बरेली, पीलीभीत, आगरा अलीगढ़ बुलंदशहर,बदायूं की बसों का इंतजार करते दिखाई पड़े। दोपहर बाद भीड़ कम रही। वहीं बाहरी बसों में यात्रियों की संख्या अधिक रही। रविवार को होली के मद्देनजर दोनों डिपो पर एआरएम (सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक) मौजूद रहे और व्यवस्थाओं की निगरानी की। आरएम (क्षेत्रीय प्रबंधक) अनुराग यादव ने भी डिपो का निरीक्षण कर यात्रियों की सुविधा और बसों के समयबद्ध संचालन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बिजनौर, हरिद्वार और दिल्ली मार्ग पर आयोजित रंगरूटों की दौड़ परीक्षा के कारण रोडवेज बसों का संचालन प्रभावित रहा। कुछ बसें निर्धारित समय से देर से रवाना हुईं, जिससे यात्रियों को असुविधा हुई। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा की ओर से आने वाले यात्रियों की भीड़ काफी रही।अतिरिक्त बसों के माध्यम से व्यवस्था को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। आरएम ने बताया कि मुरादाबाद डिपो कर 102 बसों और पीत नगरी डिपो की 104 अनुबंधित बसों के चक्कर बढ़ाए गए। अन्य डिपो पर बसों के चक्कर रूट के यात्रियों की संख्या के अनुसार बढ़ाए गए हैं।



रोडवेज पर खड़ीं बसें। ● अमृत विचार

● **दिल्ली, पंजाब, हरियाणा से आ रहे बड़ी संख्या में लोग, रोडवेज बस स्टैंड पर भीड़**

## राहगीरों को वितरित किया भोजन व मिष्ठान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिव पार्वती रसोई की ओर से रविवार को राहगीरों को छोले, चावल और मिष्ठान का भोग वितरित किया गया रसोई का शुभारंभ संजीव आकांक्षी ने किया। रसोई के अध्यक्ष एवं संस्थापक पुष्प यादव ने कहा होली का पर्व प्रेम, समरसता व सद्भाव का संदेश देता है। भगवान शिव एवं माता पार्वती की कृपा से सेवा, सहयोग और मानवता के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहें, यही सच्ची होली है। आज की रसोई में संस्था के सक्रिय सदस्य दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष आदेश श्रीवास्तव, डॉ. सतवीर चौहान, सुमित टंडन, राहुल शर्मा, विशाल कांत, अंकुर यादव, अजय कपूर, आशीष यादव, सुनीत अग्रवाल, योगेश भारती, विनय कश्यप, पारस त्यागी, हरिओम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# तरावीह में मुकम्मल हुआ कुरान पाक

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** रमज़ान के मुकद्दस महीने में इबादतों का सिलसिला शबाब पर है। पाकबड़ा के हासमपुर चौराहा, आज़ाद नगर स्थित एएस पब्लिक स्कूल में तरावीह के दौरान कुरान पाक मुकम्मल किया गया। इस मौके पर कुल शरीफ पढ़ा गया और मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक्की और खुशहाली के लिए खास दुआ की गई।

कार्यक्रम में पाकबड़ा की अलग-अलग मस्जिदों से आए इमाम ने शिरकत की और तरावीह में शामिल होकर माहौल को रूहानी बना दिया। हाफिज़-ए-कुरान की तिलावत से पूरा परिसर नूरानी हो उठा। मौजूद लोगों ने खामोशी और अकीदत के साथ कलाम-ए-पाक को सुना और दुआ में शामिल हुए। पाकबड़ा नगर पंचायत के चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि रमज़ान हमें सब्र, शुक्र और भाईचारे का पैगाम देता है। कुरान पाक का मुकम्मल होना पूरे इलाके के लिए रहमत और बरकत का सबब है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन और आयोजन से जुड़े सभी लोगों को मुबारकबाद पेश की। स्कूल के मैनेजर अख्तर सैफ़ी को आयोजन के लिए लोगों ने बधाई दी। उन्होंने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी तरावीह में कुरान पाक मुकम्मल कराने का इंतज़ाम किया गया, जिससे नई पीढ़ी को दीन की तालीम और कुरान से जुड़ने का मौका मिल सके।


तरावीह मुकम्मल होने के बाद मौजूद लोग। ● अमृत विचार

● **अमन-ओ-अमान, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की**

## न्यूज ब्रीफ

### नन्ही छात्रा अनबिया नूर ने रखा पहला रोजा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शरीफनगर की कक्षा 4 की छात्रा अनबिया नूर ने अपना पहला रोजा रखा। अनबिया नूर के दादा राशिद हुसैन ने बताया कि बच्ची ने पूरे दिन पूरे उत्साह के साथ रोजा रखा और इबादत में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पिता साजिद हुसैन ने बेटी को उपहार देकर उसका उत्साह बढ़ाया।



अनबिया।

### राष्ट्रीय महाशक्ति संघ के जिला महामंत्री बने जिशान

**भगतपुर, अमृत विचार :** थाना भगतपुर क्षेत्र के ग्राम दोलपुरी निवासी जिशान अली को राष्ट्रीय महाशक्ति संघ काजिला महामंत्री बनाया गया। शनिवार को ठाकुर रामवीर सिंह ने उनको नियुक्ति पत्र दिया। रिजवान चौधरी, इस्लाम अली, डॉ. फुरकान, अरमान अली, डॉ. यूसुफ़ अली, बाबू डीलर आदि मौजूद रहे।

### युवती लापता, पुलिस कर रही तलाश

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** 23 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने युवती की तलाश के लिए आरटी संदेश जारी कर सभी थानों को सतर्क कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती 10 फरवरी को ठाकुरद्वारा बैंक जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों व संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, मगर वेटी का कोई सुराग नहीं लग सका। 1 मार्च को थाना ठाकुरद्वारा में गुमशुदगी की तहरीर दी ।

### मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बुलेट बाइक सीज

**कांठ , अमृत विचार :** होली को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। उपनिरीक्षक गंगा शरण ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र के ग्राम चौधरी अकबरपुर, नयागांव, कासमपुर सहित अन्य गांवों में होली जुलूस के संभावित मार्गों का निरीक्षण किया। रूट मार्च के दौरान पुलिस ने एक बुलेट मोटरसाइकिल चालक को मॉडिफाइड साइलेंसर के माध्यम से तेज आवाज के साथ पटाखा छोड़ते देखा। पुलिस कर्मियों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन चालक के न मानने पर बाइक सीज कर दी।

### प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने बताया राजकुमार सिंह (आगरा), आदर्श नंदन गुप्त (आगरा), हरिशंकर जोशी (मेरठ), मनोज आहूजा (मुरादाबाद), पंकज कुमार वालिया (शामली), एडवाइजर के पद पर नियुक्त किये गये। उपाध्यक्ष पद पर अमित गोयल, प्रांतीय सचिव पद पर परीक्षित कौशिक (मथुरा), प्रांतीय कोषाध्यक्ष पद पर विनय गुप्ता, संयुक्त सचिव के पद पर पीलीभीत के नवीन अग्रवाल एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य में विशाल अग्रवाल (अलीगढ़), सतीश अग्रवाल (मुरादाबाद), अजय गहलौत (मेरठ) व कानूनी सलाहकार मोहित शर्मा, मेरठ मंडल के संयोजक विशेष त्यागी नियुक्त किये गये हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**
मैंने अपना नाम BHOORA ALI S/O NAMHEY ALI से बदलकर BHURA KHAN ALI S/O NANHAE KHAN निवासी ग्राम मझरा इमरता पो. खेमपुर, जिला रामपुर, उ.प्र., रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**सूचना**
मेरा पुत्र मो. जुनैद आकिल गलत संगत में पड़ गया है जिस कारण अपने पुत्र मो. जुनैद आकिल को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। आज से इसके किसी भी लेन देन या कृत्य से मेरी व परिवार कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मो. आकिल पुत्र श्री स्व. सरफराज हुसैन जुमेरात का बाजार पाकबड़ा जिला मुरादाबाद।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# होली के मद्देनजर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

## त्योहारों पर शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सड़कों पर उतरे अधिकारी

संवाददाता,ठाकुरद्वारा/ कांठ

**अमृत विचार :** आगामी ईद और होली के त्यौहारों के मद्देनजर नगर में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को अफसरों के साथ पुलिसकर्मियों ने फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में कोतवाली पुलिस, विभिन्न चौकियों के प्रभारी, महिला पुलिसकर्मी तथा भारी संख्या में पुलिस जवान शामिल रहे।

ठाकुरद्वारा में फ्लैग मार्च मुख्य बाजार, संवेदनशील मोहल्लों और प्रमुख चौराहों से होकर गुजरा। डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह ने व्यापारियों, धर्मगुरुओं और राहगीरों से संवाद कर ईद व होली आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोनों पर्व आपसी प्रेम और एकता के प्रतीक हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। साथ ही संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और लगातार गश्त सुनिश्चित की गई है। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि नागरिक निश्चिंत होकर ईद और होली का पर्व हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मना सकेंगे



ठाकुरद्वारा में पुलिस कर्मियों के साथ फ्लैगमार्च करते डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह।

- **ईद व होली भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई**

कोतवाली प्रभारी मनोज परमार , एसएसआइ ब्रजेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक रजत चौधरी, विनीत कुमार, ललित, मनीष कुमार, जितेंद मीणा, कॉस्टेबल निशांत,कुमार, परविन्द्र कुमार, सन्नी कुमार, मोहित कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



कांठ में फ्लैग मार्च करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

कांठ में भी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की गई। सहायक पुलिस अधीक्षक कुंवर आकाश के नेतृत्व में पुलिस चौकी, मुख्य बाजार, मौहल्ला विशनपुरा होते हुए नगर में मार्च किया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने सभी लोगों से होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। इस दौरान होली पर निकलने वाले जुलूसों के मार्ग में भी भ्रमण किया। थाना प्रभारी ने बताया किकांठ क्षेत्र को विभिन्न सैक्टरों में बांटकर पुलिसकर्मियों को नियुक्त कर दिया गया है। चौकी इंचार्ज राहुल राघव ,उपनिरीक्षक संजीव कुमार, कमलदीप आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे। दूसरी ओर छजलैट थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में होलिका दहन स्थलों का भ्रमण किया।

# नगर में होलिका दहन की तैयारियां दुरुस्त

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर के प्रमुख स्थानों सहित कांठ तहसील क्षेत्र में आज लगभग 191 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस और प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है।

कुछ लोगों के अनुसार होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 02 मार्च को है वहीं कुछ लोग 3 मार्च को होलिका दहन का विचार बना रहे हैं। कांठ नगर के श्री रामलीला चौराहा, संत रविदास धर्मशाला, माननगर, पट्टीवाला, चौक बाजार,सब्जी मंडी,गांधी आश्रम सहित कांठ थाना क्षेत्र में 101 और छजलैट थाना क्षेत्र में 90 स्थानों पर कुल मिलाकर लगभग 191 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। होली का पर्व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण किया जा रहा है। संवेदन और अतिसंवेदनशील होलिका दहन स्थलों पर विशेष नजर रखी जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह पुलिस बल के साथ लगातार होलिका दहन स्थलों का भ्रमण का भ्रमणकर एवं ग्राम प्रधानों एवं संभ्रांत व्यक्तियों से वार्ता कर होली भाईचारे और शांति के साथ मनाए जाने का आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस असामाजिक गतिविधियों पर निगाह रखे हुए हैं। किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस को अविलंब दें ताकि समय रहते पुलिस असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कस कर अपनी कार्रवाई कर सके।



रामलीला मन्दिर के निकट रखी होली।

- **तहसील क्षेत्र में 191 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा**

# व्यसन मुक्त होली पर्व मनाएगा गायत्री परिवार



गायत्री परिवार की बैठक में बोलते विजय पाल सिंह राघव। ● अमृत विचार

**बिलारी ,अमृत विचार:** नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित श्री राम मैरिज हाल में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज की गोष्ठी में व्यसन मुक्त होली मनाने के लिए टोलियां गठित की गई। यह टोली गांव गांव जाकर युवाओं को नशा पान मद्यपान से दूर रहकर होली पर्व को पवित्रता के साथ मनाने का संदेश देंगी।

रविवार को गोष्ठी में आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि विचार क्रांति अभियान के तहत युवाओं को पूज्य गुरुदेव के विचारों से आपात कराया जाएगा। कहा कि होली पवित्र त्यौहार है जो बुराइयों को भस्म कर अच्छाइयां को ग्रहण करने का संदेश देता है। राम सिंह यादव ने कहा कि क्षेत्र को व्यसन मुक्ति वनाने के लिए गायत्री परिवार सक्रिय योगदान देगा। चौधरी विजय सिंह, रमेश यादव, यशपाल सिंह यादव, सुखबीर सिंह यादव, राजपाल सिंह, महेंद्र सिंह, उल्फत सिंह, आदित्य राघव, राज चौधरी, गोरिया रानी सहित अनेकों गायत्री परिजन मौजूद रहे।

### भाई-भतीजे ने पीटकर किया घायल

**बिलारी,अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव रुस्तम नगर सहसपुर में भाई और भतीजे ने पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया। अदालत के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

कदीर पुत्र खलील अहमद ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह तीन भाई हैं। एक भाई अब्दुल हफिज बंटवारे को लेकर गाली गलौज व मारपीट करता है और रास्ते से होकर उसके मकान को नहीं जाने देता। 9 जनवरी को उनका बेटा फरमान गली से होकर मकान जा रहा था। तभी हाफिज व उसका बेटा दानिश गाली देने लगा और उसके बेटे फरमान को पीटा। बाद में सभी घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। उसकी पत्नी भूरी के साथ भी मारपीट की। उसके बेटे फरमान के चेहरे पर चोटें। आई 8 नवंबर को दोबारा से उनकी पत्नी भूरी के साथ लाठी डंडों से मारपीट की जिससे उनके हाथ की हड्डी टूट गई। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं कि अब अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# खामेनेई की मौत पर गम और गुस्सा



खामेनाई की मौत पर जुलूस में शामिल लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार:** ईरान सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की मौत पर शोक रैली निकाली गई जिसमें सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस दौरान लोगों के हाथों में खामेनाई की फोटो मौजूद थ। ओर जुबा पर खामेनेई जिंदाबाद के नारे।

रैली नगर के मोहल्ला सराय फारूख से निकल कर शिया जामा मस्जिद मोहल्ला सादात पहुंची जहां शिया जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अफसर हुसैन ने कहा कि इमाम हुसैन के रास्ते पर चलने वाले मौत से नहीं डरते बल्कि हक़ की राह में सर देकर अमर हो जाते हैं। जैसे ज़ालिम यज़ीद का कोई नाम लेने वाला नहीं है। उसी तरह से ट्रंप ओर नेतन्याहू जैसे ज़ालिमों का नाम लेने वाला कोई नहीं होगा। रैली में तस्वीर हैदर, गुलज़ार हैदर, दानिश नकवी, आदिल नक़वी, शबी अब्बास, शाने अब्बास, कमर नक़वी, एजाज़ हुसैन, यासीन नक़वी, हाजी फराहीम, सभासद जुनैद आलम, अनीस सेफी, मशकूर अहमद,मो. दिलनवाज, जोन नक़वी, अज़ीम नक़वी, इमरान हैदर समेत शिया ओर सुन्नी दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।

- **जुलूस में सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे लोग**

### आर्य समाज मंदिर में यज्ञ का आयोजन

**कांठ, अमृत विचार:** रविवार को प्रातः आर्य समाज मंदिर में यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ आर्य समाज के पुरोहित नैपाल आर्य ने संपन्न कराया। यज्ञ पश्चात वेदों का पठन-पाठन किया गया।

आर्य समाज के प्रधान सुरेश चौहान आर्य ने बताया कि होली पर यज्ञ 2 मार्च को प्रातः 9:00 बजे से होगा, तथा होली मिलन समारोह 4 मार्च को 4:30 से आर्य समाज मंदिर कांठ में मनाया जाएगा। मंत्री अमित पप्पन,निर्मल चंद्र गुप्ता, सुशील मणि गुप्ता, संदीप गुप्ता, पिंकुल गुप्ता, विक्रम आर्य, आदेश कुमार, राजेंद्र सिंह, रघुराज सिंह, कैलाश सिंह, नरेश कुमार, रितेश शर्मा, राजीव शर्मा, भूपेंद्र चौहान, महेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, मनोज पहलवान, चमन सिंह,सुभाष चंद्र, हरि सिंह, झुना सिंह, नौबत सिंह, भानु प्रताप सिंह आदि आर्य समाजी मौजूद रहे।

# शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** डिलारी क्षेत्र के गांव करनपुर स्थित संत निरंकारी मिशन की शाखा में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडलीय जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. शाने आलम के नेतृत्व में टीम में मोहम्मद नईम, अशोक कुमार, पी. वी. सिंह, अमित मौर्य, साधना भटनागर, सुभाष सिंह, सचिन कुमार, अचिन कुमार, नीरज कुमार एवं अतीक अहमद ने सहयोग किया। संत निरंकारी मिशन के चौथे सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के विचारों को दोहराते हुए कहा गया कि इंसान का रक्त नालियों में न बहकर इंसान की नाड़ियों में बहना चाहिए। जिला संयोजक रामनाथ सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है, क्योंकि इससे किसी इंसान को जीवनदान मिलता है। चंद्रप्रकाश, इंचार्ज डॉ. बाबू सिंह, सेवादल इंचार्ज कमल कुमार, महेंद्र सिंह, अमित कुमार, डॉ. रामकुमार सिंह, राकेश कुमार, डॉ. दीपक सिंह, मास्टर शेखर सिंह, योगेश कुमार, राजवीर सिंह, पवन कुमार, ध्यान सिंह, पप्पू सिंह, भजन सिंह, चंद्रपाल सिंह, सुभाष सिंह, होती सिंह,प्रधान रेखा देवी, अनीता देवी, कमलेश देवी, वीरवती, अंजलि, नीतू देवी, निशा, कामिनी, महिला सेवादल इंचार्ज सविता देवी, आस्था, वंशिका आदि उपस्थित रहे।



संत निरंकारी मिशन के शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

- **संत निरंकारी मिशन ने गांव करनपुर में किया आयोजन**

### स्मार्ट मीटर में तकनीकी खराबी से उपभोक्ता परेशान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** स्मार्ट मीटर परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। 5 किलोवाट से अधिक लोड वाले जिन उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए हैं, वहां तकनीकी खामी के चलते आपूर्ति बाधित हो रही है।

बताया जा रहा है कि मीटर में बिजली सप्लाई प्रदर्शित हो रही है, लेकिन मीटर से आगे घरों में आपूर्ति नहीं पहुंच पा रही है। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।नगर निवासी नवनीत सिंघल ने बताया कि वार्ड नंबर 23 सहित कई क्षेत्रों के उपभोक्ता इस तकनीकी समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई घरों में मीटर चालू दिखने के बावजूद बिजली नहीं आ रही। उपभोक्ताओं ने जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की।

# मृत्युशय्या पर पड़े लोगों को बीमा पॉलिसी देना निंदनीय: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिचौलियों के माध्यम से मृत्युशय्या पर पड़े व्यक्तियों को जीवन बीमा पॉलिसियां जारी किए जाने की प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उसके समक्ष ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के नाम पर बीमा पॉलिसियां जारी कर धोखाधड़ी की गई है।न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकलपीठ ने नवाब अली उर्फ नवाबुद्दीन की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए चिंता जताई।

याची पर धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोप में मामला दर्ज है। आरोप है कि बीमाधारक की मृत्यु के बाद एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने उसकी विधवा को 9.60 लाख रुपये का भुगतान किया, जिसमें से आरोपी ने कथित रूप से 4.80 लाख रुपये ले लिए। कोर्ट ने 18 फरवरी को शाखा प्रबंधक, मुरादाबाद को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर यह स्पष्ट करने का निर्देश दिया था कि क्या बीमा पॉलिसी जारी करते समय कोई सेवा या प्रसंस्करण शुल्क लिया जाता है।

शाखा प्रमुख के उपस्थित न होने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने आश्चर्य व्यक्त किया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद ने आदेश का सही पालन सुनिश्चित करने के बजाय असंबद्ध अधिकारी को पेश कर दिया। कोर्ट ने मुरादाबाद शाखा के ऑपरेशन मैनेजर/शाखा प्रमुख पुलकित गुप्ता के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुरादाबाद के माध्यम से जमानती वारंट जारी करते हुए निर्देश दिया कि वे उपस्थित हों। साथ ही एसएसपी, मुरादाबाद को भविष्य में अधिक सतर्क रहने और अगली तिथि पर संबंधित अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने जोखिम प्रबंधन समिति इकाई के उपाध्यक्ष को मुरादाबाद क्षेत्र में मृत्युशय्या पर पड़े व्यक्तियों को जारी कथित फर्जी बीमा पॉलिसियों तथा कंपनी अधिकारियों की भूमिका की जांच करने का भी निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 11 मार्च को होगी।

- **मुरादाबाद का मामला, याची पर धोखाधड़ी, जालसाजी का मामला दर्ज है**

### किसान का बेटा आशुतोष बना चार्टर्ड अकाउंटेंट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम रामूवाला गणेश के किसान भीम सिंह के पुत्र आशुतोष ने प्रथम प्रयास में ही चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षा उत्तीर्ण की।

बताया गया कि इस वर्ष सीए परीक्षा का कुल परिणाम लगभग 10 प्रतिशत ही रहा, ऐसे में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल करना आशुतोष की कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचायक है। आशुतोष की इस उपलब्धि से गांव रामूवाला में खुशी और उत्साह का माहौल है।पिता भीमसिंह व माता अंजू देवी की खुशी से ओत प्रोत है ।



आशुतोष।

# बेगमपुर में कृषक गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज, बेगमपुर जोन कांठ में रविवार को बसंतकालीन गन्ना बुवाई, बीज शोधन, भूमि शोधन एवं गन्ना बीज आरक्षण के उद्देश्य से कृषक जागरूकता अभियान के अंतर्गत त्रिवेणी शुगर मिल ने एक विशाल कृषक गोष्ठी का आयोजन किया।

उपाध्यक्ष वी. वेंकटारथनम् ने कृषकों एवं गन्ना विभाग के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए लाल सड़न रोग से बचाव के लिए फसल चक्र अपनाने, स्वस्थ बीज के चयन और बीज शोधन के बाद ही उन्नतशील प्रजातियों 0118, 15023, 98014, कोलख 14201, 16202, 94184 आदि की बुवाई करने का आग्रह किया।

महाप्रबंधक गन्ना टी.एस. यादव ने किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई पर मिल द्वारा दिए जा रहे अनुदान की जानकारी दी तथा मृदा परीक्षण और मृदा सुधार के महत्व पर प्रकाश डाला। उप महाप्रबंधक विकास सुनील कुमार मलिक ने श्रमिकों की कमी को देखते हुए कृषि यंत्रीकरण के माध्यम से कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान ओमपाल सिंह ने की। सहायक प्रबंधक गन्ना योगेन्द्र सिंह, राजकुमार सिंह सहित लगभग 275 किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सूरज सिंह, बलवंत सिंह, सुनील कुमार, महेन्द्र सिंह, प्रताप सिंह, रामनाथ सिंह, अचल कुमार, सुधीर कुमार, घनश्याम सिंह, ओमप्रकाश सिंह एवं नवाबुद्दीन सहित अनेक किसान और कर्मचारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

- **किसानों को गन्ना की किस्मों और योजनाओं के बारे में बताया**

### होली और ईद सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का लिया संकल्प

**बिलारी, अमृत विचार :** अधिवक्ता एकता मंच की बैठक का आयोजन रेलवे स्टेशन के निकट पंचशील बुद्ध विहार में किया गया जिसमें संगठन की एकता और मजबूती पर जोर दिया। होली और ईद उल फितर के त्यौहार एकता और सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प लिया। बैठक में अधिवक्ता राजू गुप्ता के प्रकरण में पुलिस पर आरोप लगाया कि वह राजनीतिक दबाव में उन्हें झूठा फंसा रही है। निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ता एकता मंच आंदोलन करने को मजबूर होगा। अध्यक्षता चौधरी लखनवीर सिंह एडवोकेट और संचालन सतीश पाल सिंह एडवोकेट ने किया। बैठक में आशीष भटनागर, जगपाल सिंह, दिलदार हुसैन, सुरजीत सिंह यादव, आफाक हुसैन, शरीफ अहमद खां, विनोद कुमार गुप्ता आदि अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे।



बैठक में संकल्प लेते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का किया स्वागत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का काशीपुर में ठाकुरद्वारा के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। ठाकुरद्वारा के पूर्व विधायक विजय यादव व उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान ने मुख्यमंत्री को फूल-मालाओं एवं गुलदस्ते भेंट कर जोरदार स्वागत किया ।



**कार्यालयः ग्राम पंचायत - नियामतपुर इकरोटिया, वि0ख0 - मूढ़ापाण्डे (मुरादाबाद)**

पत्रांक- मीमो/ मनरेगा निविदा पत्रावली / 2025-26 दिनांक- 01.03.2026

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नियामतपुर इकरोटिया में महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्राम निधि से वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने के लिए उच्चकोटि की निम्नलिखित तालिका में अंकित सामग्री की आपूर्ति माँग के अनुसार निर्माण स्थल पर करने हेतु मोहरबन्द निविदाए पृथक-पृथक दिनांक-02.03.2026 से दिनांक 07.03.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 07.03.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय- नियामतपुर इकरोटिया में खोली जायेंगी । निविदा प्रपत्र एवं शर्ते दिनांक 07.03.2026 की अपरान्ह 11.00 बजे तक तक किसी भी कार्यालय दिवस में संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय -नियामतपुर इकरोटिया से क्रय कर वहां रखे निविदा बॉक्स में जमा कर सकते है। सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा । उपरोक्तानुसार निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम सचिव, ग्रा0प0 नियामतपुर इकरोटिया में निहित होगा ।

| क्र. | कार्य का नाम | Name of Item | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आरिफ के घर से मुर्तजा अली मियां के घर तक सी0 सी0एवं नाली निर्माण कार्य। | CEMENT, 2.25FM COARSE SAND, 40MM BRICK BLAST, 20MM STONE GRIT. M-150 CLASS BRICK, TOR STEEL | रु. 40,000 | रु. 100 |
| 2 | मंजूर के घर से ईदगाह तक सी0 सी0 एवं नाली निर्माण कार्य। | | | |
| 3 | मो0 उमर के दुकान से फुरकान मस्जिद व आंस मौ0 तक सी0 सी0 एवं नाली निर्माण कार्य। | | | |
| 4 | हसनैन हाजी के घर से शफायत व इकबाल के घर तक सी0 सी0 एवं नाली निर्माण कार्य। | | | |

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत - नियामतपुर इकरोटिया, वि0ख0 - मूढ़ापाण्डे (मुरादाबाद)**

अमृत विचार





**इफ्तार** 02 मार्च
सुन्नी : 6:19
शिया : 6:28

**सहरी** 03 मार्च
सुन्नी : 5:04
शिया : 5:06

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया : सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

# खामेनेई की मौत पर शिया समाज में उबाल, सड़कों पर प्रदर्शन

## शिया जामा मस्जिद से किला मैदान तक अमेरिका व इजराइल के खिलाफ की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** आयतुल्लाह अली खामनेई की मौत पर शिया समुदाय में उबाल आ है। रविवार को जैसे ही खामनेई के मौत की खबर सोशल मीडिया पर पोस्ट हुईं लोगों में रोष व्याप्त हो गया इसके बाद शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित शिया जामा मस्जिद में लोग एकत्रित हुए। शिया समाज के लोगों ने भारी संख्या में सड़कों पर उतरकर अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने कहा कि इजराइल ने बुजदिलाना हमले में दुनिया के मुसलमानों के नेता को शहीद कर दिया। कहा कि आलिम की शहादत रंग लाएगी। इसके बाद मौलाना जमां बाकरी की कयादत में हाथों में आयतुल्लाह खामनेई के पोस्टर लिए लोग सड़कों पर उतर आए। शिया जामा मस्जिद में मौलाना ने कहा कि दुनिया चाहे किसी का साथ दे लेकिन, शिया उस कौम को कहते हैं जो हमेशा जालिम के खिलाफ रही है। कहा कि किसी भी जंग का हल बातचीत के जरिए होता है। इसके बाद लोग हाथों में आयतुल्लाह खामनेई के पोस्टर लेकर सड़कों पर नारेबाजी करते हुए उतर पड़े। लाल कबर से युवा और महिलाओं का जुलूस बजरिया मुल्ला जरीफ में मुख्य जुलूस में शामिल हो गए। जुलूस में बच्चे, बड़े, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल थे। जोकि लब्बैक या खामनाई, लब्बैक या हुसैन, इजराइल मुर्दाबाद, अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए बजरिया मुल्ला जरीफ, कोयले वाली मस्जिद, नौदरा चौकी, पुरानी तहसील, हामिद गेट होते हुए किला मैदान पहुंचे। युवाओं में बेहद गुस्सा और जोश था। इरम फातिमा ने कहा कि वह और उनके साथ की महिलाएं ईरान जाकर इजराइल के खिलाफ जंग में शामिल हो सकती है इसके लिए उन्हें भारत सरकार इजाजत दे। मार्च में मौलाना मूसा रजा, वक्फ मुतावल्ली नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां, कमल रिजवी, राशिद ऐजाज, हसन मेहंदी, सैयद मोहम्मद अली जैदी, इरफान जैदी, सुहेल मियां, शिम्मी मियां, मिर्जा तकी बेग, सैयद इकबाल मेहंदी, रब्बू अली, तबरेज आब्दी, मोहसिन रिजवी, सैयद अली, डॉ. अजीम नकवी, साजिद रजा, नदीम अकबर, मंसूर हुसैन, आरिफ हुसैन, जौहर सैफी समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।



प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपते उलमा।

### ईरान, इजराइल अमेरिका युद्ध बंद कराने की मांग

किला मैदान पहुंचने के बाद मौलाना अली मोहम्मद नकवी, मौलाना जमां बाकरी, मौलाना मूसा रजा, वक्फ मुतवल्ली नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां ने सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम को ज्ञापन सौंपा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि इजराइल और अमेरिका की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई में ईरान के प्रतिष्ठित सर्वोच्च शिया धर्म गुरु को शहीद कर दिया दिया। जिससे दुनिया के मुसलमानों में गुस्सा और शोक है। मांग है कि इजराइल, अमेरिका और ईरान युद्ध को समाप्त कराने के लिए भारत कूटनीतिक पहल करे। जिससे और अधिक हानि होने से बचा जा सके। क्योंकि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है इसमें सिर्फ मानवता का विनाश होता है।



आयतुल्लाह खामनेई की शहादत पर जुलूस निकालता आक्रोशित शिया समुदाय।



ईरान के राजनयिक के साथ पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां।

### आयतुल्लाह खामनेई की शहादत इंसानियत का कत्ल: नवेद

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज राज्यमंत्री नवेद मियां ने कहा कि नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई की मौत की खबर को बेहद अफसोसनाक बताया। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा है कि ईरान के सुप्रीम लीडर की शहादत इंसानियत का कत्ल है। उनका कहना है कि यह केवल एक समुदाय का नहीं, बल्कि पूरी मानवता का मुद्दा है।पूर्व मंत्री ने कहा कि आयतुल्लाह खामनेई सिर्फ ईरान के लीडर नहीं थे, बल्कि पूरी दुनिया के लोग उनसे मोहब्बत और अकीदत रखते थे। फिलिस्तीन के ऊपर इजराइल के हमले के खिलाफ आवाज आयतुल्लाह खामनेई ने ही बुलंद की थी। वो हर कमजोर, गरीब और मजलूम की आवाज थे। आज पूरी दुनिया ने देख लिया कि अमेरिका और इजरायल ने किस तरीके से दहशतगर्दी की है। पूरी मिडिल ईस्ट को जंग की आग में झोंक दिया है। दुनिया के हर एक मुल्क और हर इंसाफ पसंद इंसान अमेरिका और इजरायल की इस दहशतगर्दी की निंदा कर रहा है। क्योंकि जिस तरीके से ये पूरी दुनिया को जंग में धकेल रहे हैं वो अफसोसजनक है।

## न्यूज ब्रीफ

### सदस्यता अभियान चलाकर संगठन करें मजबूत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** रविवार को हरिनगर कालोनी में राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ से जुड़े कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में संघ के संस्थापक,अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि ने कहा कि हमारा संगठन सभी धर्मों और वर्गों का सम्मान करते हुए सबको साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है। संगठन द्वारा होली मिलन समारोह और ईद मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अमानत माहीगीर, बब्लू अंसारी, संजय शर्मा, बाबी सागर, जितेंद्र राजभर, शाहिद खान, नजाकत अली, मित्रपाल, रामस्वरूप चौहान, राहुल नरेश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### मड़ैयान बदे में ग्रामीणों के विरोध के बाद सड़क निर्माण शुरू

**शाहबाद, अमृत विचार :** जयतोली-मदारपुर लिंक रोड परियोजना के तहत मड़ैयान बदे गांव में सड़क निर्माण को लेकर उठे विवाद को प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर शांत करा दिया। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार अमित कुमार सिंह ने सरकारी खड़ंजे की पैमाइश कराई, जिसमें चौड़ाई उचित पाई गई। इसके बाद कार्यदाई संस्था ने खड़ंजे पर मिट्टी डालकर सड़क निर्माण का कार्य शुरू करा दिया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए निरीक्षक जयप्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। तहसीलदार ने बताया कि ग्रामीणों की सभी आशंकाओं का समाधान कर दिया गया है।

# कुरान की तिलावत से बरसती है अल्लाह की रहमत



मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर दुआ करते मौलाना। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला पुराना गंज स्थित मस्जिद कठेवाली में तरावीह के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल हो गया।

तरावीह के दौरान हाफिज मोहम्मद फैजान ने कुरआन मजीद सुनाया और सामां के फराइज हाफिज मेराज मियां और हाफिज मोहम्मद फैयाज ने अदा किए। इस मौके पर हाफिज शाह खालिद ने तकरीर में कहा कि माहे रमजान में कुरान मजीद नाजिल हुआ। कुरान मजीद ऐसी किताब है जिसकी हिफाजत करने का अल्लाह ने खुद वादा किया है। कहा कि हाफिजे कुरआन के सीनों में कुरआन मजीद कयामत तक महफूज रहेगा। कहा कि कुरआन मजीद की तिलावत करने से अल्लाह की रहमत बरसती है। हाफिज शाह खालिद ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई। इस मौके पर आदिल अलमास, मोहम्मद अहमद, शरीफ अहमद समेत काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# अलग अलग सड़क हादसों में पांच घायल, रेफर

**मिलक, अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों एम्बुलेंस से नगर के सरकारी अस्पताल लेकर आया गया। जहां से गंभीर अवस्था में रेफर कर दिया गया।

पहला हादसा रविवार को नगर के क्योरार बाईपास स्थित पेट्रोल पंप पर हुआ ,जहां ग्राम भैसोड़ी निवासी पप्पू की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरा हादसा भी पेट्रोल पंप के समीप हुआ। जहां जिला पीलीभीत के बिलसंडा निवासी अर्जुन की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। तीसरा और चौथा हादसा नगर के बिलासपुर रोड स्थित ग्राम तिराहा के समीप हुए। थाना शीशगढ़ के ग्राम सैंजनी मानपुर निवासी अरविंद की बाइक को दूसरी बाइक वाले बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए।

# मसवासी में पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** होली और मुकद्दस रमजान के महीने को लेकर पुलिस ने नगर में मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च किया और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। रविवार की स्वार क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह मसवासी चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला नरपत नगर चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा दलबल के साथ मसवासी के काशीपुर मार्ग नगर के सदर बाजार चाउपुरा भूबरा मुख्य मार्ग। पर पैदल मार्च किया और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सीओ अतुल पांडे ने कहा कि मुकद्दस रमजान और होली जिससे आपस में सौहार्द बढ़ेगा और भाईचारा बढ़ेगा। उन्होंने ग्राम प्रधानों और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों से आपस में सहयोग रखना और मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की।



मसवासी में पैदल गश्त करती पुलिस। ● अमृत विचार

### होली पर हुड़दंगबाजों पर रहेगा पुलिस का पहरा

**शाहबाद, अमृत विचार :** होली पर्व के मद्देनजर नगर कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने चौपाई आयोजकों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न मोहल्लों से आए आयोजकों ने भाग लिया। कोतवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि होली के अवसर पर आयोजित होने वाली चौपाइयों के दौरान कोई भी व्यक्ति अत्यधिक शराब का सेवन कर हुड़दंग न करे। कहा कि किसी भी प्रकार से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गीत, संवाद या गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि कार्यक्रमों के दौरान शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनाए रखें तथा प्रशासन का सहयोग करें।

# हानिकारक रंगों से बचें हर्बल रंगों से खेलें होली

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जैन इंटर कॉलेज के रसायन विज्ञान प्रवक्ता डॉ. गौरव वार्ष्णेय ने होली के रंगों को लेकर जागरूक किया है। उन्होंने बताया कि आजकल बाजार में मिलने वाले कई रंग रासायनिक पदार्थों से बने होते हैं, जो त्वचा, आंखों और बालों के लिए हानिकारक हो सकते हैं।



डॉ. गौरव वार्ष्णेय।

ऐसे रंगों से त्वचा पर एलर्जी, खुजली, जलन या दाने हो सकते हैं। इसलिए होली खेलते समय प्राकृतिक और हर्बल रंगों का ही प्रयोग करना चाहिए। घर पर भी हल्दी, बेसन, चंदन, गुलाब की पंखुड़ियों या फूलों से बने रंगों का उपयोग किया जा सकता है। इससे त्वचा को नुकसान नहीं होगा और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। होली खेलने से पहले शरीर पर सरसों या नारियल का तेल लगा लेना चाहिए, ताकि रंग त्वचा पर ज्यादा न चिपके और आसानी से निकल जाए। बालों में भी तेल लगाने से रंगों का दुष्प्रभाव कम होता है। पूरे बाजू के कपड़े पहनना और आँखों को सुरक्षित रखने के लिए चश्मे का उपयोग करना भी लाभकारी होता है। हम प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें, पानी की बचत करें, दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें और सुरक्षा नियमों का पालन करें। तो होली का त्योहार आनंद और उल्लास से भर जाएगा।

# शंकरपुर में रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला

**रामपुर, अमृत विचार :** शंकरपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक किनारे एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान राजा नगर निवासी बृजलाल पुत्र भीमसेन के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही थाना शहजादनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार यह मामला ट्रेन की चपेट में आने से मौत का प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि युवक टहलते हुए रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया, जहां वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गया। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि मृतक मानसिक रूप से कमजोर था। इसी वजह से उसके ट्रैक पर पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सेंट फ्रांसिस मामले में तीन और बच्चों की हुई गवाही

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** सेंट फ्रांसिस स्कूल में बच्चों के साथ हुए अश्लील हरकतों के मामले में कार्रवाई तेज हो गई है। अब तक चार स्कूली बच्चों की अदालत में गवाही दर्ज हो चुकी है, जिसके बाद अब तीन अन्य मासूमों की गवाही की तैयारी की जा रही है।

रविवार को पीड़ित बच्चों के अभिभावकों ने कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह से मुलाकात की। अभिभावकों ने पुलिस से विवेचना की प्रगति के बारे में जानकारी ली। परिजनों ने जोर दिया कि आरोपी को सख्त सजा मिले, ताकि भविष्य में किसी अन्य बच्चे के साथ ऐसी घटना न हो। पिछले दिनों सेंट फ्रांसिस स्कूल के तत्कालीन प्रधानाचार्य फादर जोसफ पर स्कूल के बच्चों ने अश्लील हरकतें और यौन शोषण करने के गंभीर आरोप लगाए थे। अभिभावकों ने स्कूल में हंगामा किया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पॉक्सो एक्ट व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर को अपने कब्जे में लेकर उनकी फॉरेंसिक जांच करा रही है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि बच्चों के बयान इस केस में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। चार बच्चों की गवाही पहले ही पूरी हो चुकी है और शेष तीन बच्चों के बयान दर्ज करवाए जाएंगे। इसके पश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में 22 छात्रों का चयन

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2025-26 में सभी ब्लॉकों के 22 बच्चों का चयन हुआ है। ब्लॉक शाहबाद के कंपोजिट विद्यालय सोहना से 6 बच्चों का चयन हुआ है। सभी की रैंक 30 के अंदर हैं। इनमें विनय सागर की रैंक 14, अंशी गौतम की 17, अर्पित गौतम की रैंक 18, मेहनाज की 27, अक्सा की रैंक 27 व कनक की रैंक 28 है। वहीं इंस्पायर अवार्ड 2025-26 में विकासखंड चमरौआ के पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंडिया खेड़ा की दो छात्राएं दीक्षा यादव कक्षा 8 व महिमा कक्षा-8 का चयन हुआ है। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहा कम्पोजिट मिलक ब्लॉक के 7 छात्रों का चयन हुआ है। इनमें मनप्रीत की रैंक 11, कुलदीप की 12, मोहित की रैंक 18, अंशु की रैंक 29, सुमित की रैंक 26, शम्भू नाथ की 30, क्रिश कीर रैंक 37 है। उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियाल विकासखंड चमरौआ के 7 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। इनमें नेहा बी की रैंक 10, छात्र विकास की रैंक 11, संदीप की 13, विकास द्वितीय 14, आरती की 15, उर्मिला की 24, खुशबू की रैंक 30 है।

### मेधावियों को किया सम्मानित

रामपुर,अमृत विचार : यूरोज़ोन ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्कूल द्वारा वार्षिक समारोह का आयोजित किया गया। सिविल लाइन स्थित जीएम प्लाजा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि अनम अहमद रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि असरार अहमद, डॉ. परवीन असरार तथा विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद जुबैर शम्सी शामिल रहे। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्या शीमा उज़ैर ने अभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्रीन फील्ड के प्रधानाचार्य नासिर खां, फैसल शाह खां, शाहिदा जुबैर, साइम अहमद, सद्दाम हुसैन सहित छात्र और अभिभावक मौजूद रहे।

### आशुतोष सिंह को सौंपा मसवासी ईओ का चार्ज

मसवासी,अमृत विचार : नगर पंचायत नरपत नगर दूंदावाला के अधिशासी अधिकारी आशुतोष को अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया है। नगर पंचायत मसवासी में लगभग दो माह से अधिशासी अधिकारी के न होने से नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को नगर पंचायत कार्यालय के लगातार चक्कर लगाने पड़ रहे थे। इसके अलावा अन्य जरूरी कार्य नहीं हो पा रहे थे। सभासद जितेंद्र चंद्रा ने अधिशासी अधिकारी की तैनाती की मांग की थी।

### घर के सामने खड़ी बाइक चोरी

**सैफनी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कादरी निवासी मोहम्मद उवैस पुत्र हातम हुसैन ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें बताया सैफनी के कादरी मोहल्ले में रहते हैं। उसने शुक्रवार की रात अपनी स्प्लेंडर बाइक घर के आगे बंद गली में खड़ी की थी। सुबह करीब 5 बजे के समय वह जब शहरी करने के लिए उठा तो उसकी बाइक गायब थी। उसने इधर-उधर काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं लग सका। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है।

### सामाजिक संस्था ने महिलाओं को कपड़े वितरित किए

**रामपुर,अमृत विचार :** गुलशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा होली और ईद के मौके पर मोहल्ला बाजोड़ी टोला में कार्यक्रम किया। सोसाइटी के ओर से महिलाओं को वस्त्र वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रानी खान और संचालन मोहम्मद इश्तियाक ने किया। थाना गंज प्रभारी पवन कुमार शर्मा, महिला शक्ति अभियान की प्रभारी रीना शर्मा ने मिशन शक्ति 5.0 के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर गुलशन वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश सचिव वसीम खान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज, उपाध्यक्ष रानी खान, डा. यामीन, फसाहत अली खान, समीना खान आदि मौजूद रहे।



# अल्लाह ने कुरआन मजीद में किया है रमजान की फजीलत का जिक्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुकद्दस रमजान एक ऐसा महीना है जिसमें हर दिन और हर वक्त इबादत होती है। माहे रमजान में रोजा इबादत, इफ्तार इबादत, इफ्तार के बाद तरावीह का इंतजार करना इबादत, तरावीह पढ़कर सहरी के इंतजार में सोना इबादत, गरज कि माहे रमजान में हर पल खुदा की शान नजर आती है। कुरआन मजीद में सिर्फ रमजान शरीफ ही का नाम लेकर इसकी फजीलत को बयान किया गया है किसी दूसरे महीने को यह शर्फ हासिल नहीं है। तमाम नबियों ने अलग-अलग वक्तों में रोजे रखें हैं।

माहे रमजान में अल्लाह रहमतों की बारिश करता है। रमजान ही एक ऐसा महीना है जिसमें हर दिन और हर वक्त इबादत होती है। अल्लाह ने कुरआन शरीफ में सिर्फ रमजान शरीफ ही का नाम लेकर इसकी फजीलत को बयान किया है। कुरआन मजीद में किसी दूसरे महीने को यह शर्फ हासिल नहीं है। माहे रमजान में एक रात शबे कद्र है जो हजार महीनों से बेहतर है। शहर इमाम मौलवी नासिर खां बताते हैं कि रमजान में इब्लीस और दूसरे शैतानों को जंजीरों में जकड़ दिया जाता है। जो लोग इसके बावजूद भी जो गुनाह करते हैं वह नफ्से अमारा की वजह से करते हैं। रमजान में नफिल का सवाब फर्ज के बराबर और फर्ज का सवाब सत्तर गुना मिलता है। रमजान शरीफ में सहरी और इफ्तार के वक्त दुआ कुबूल होती है। अल्लाह अपने रोजेदारों की हर नेक ख्वाहिश को पूरा करता है।



मौलान जमां बाकरी, पेश इमाम मस्जिद किला।

- **रमजान ऐसा महीना जिसमें हर दिन हर वक्त इबादत**
- **तमाम नबियों ने भी अलग-अलग वक्तों में रखे हैं रोजे**

### इन नबियों ने रखे हैं अलग-अलग वक्त में रोजे

मौलाना जमां बाकरी बताते हैं कि अलग-अलग वक्त में अलग-अलग जगहों पर नबी आते रहे हैं और नबियों ने रोजे रखे हैं। बताते हैं कि हजरत आदम अलैहिस्सलाम अयामे बैज का रोजा रखा करते थे। हजरत मूसा अलैहिस्सलाम आशूरा का रोजा रखते थे। हजरत इदरीस अलैहिस्सलाम हमेशा रोजा रखते थे। हजरत नूह अलैहिस्सलाम यौमे फित्र और यौमे अल जहा को छोड़कर हमेशा रोजा रखते थे और हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम हर माह तीन दिन रोजा रखते थे। हजरत दाऊद अलैहिस्सलाम एक दिन रोजा रखते और एक दिन इफ्तार करते थे। हजरत सुलेमान अलैहिस्सलाम हर महीने के शुरू में तीन दिन और बीच में तीन दिन और आखिर में तीन दिन रोजा रखते थे। हजरत ईसा अलैहिस्सलाम हमेशा रोजा रखते थे।

### मस्जिद शहीद सद्दन बाबा में कुरआन मजीद मुकम्मल

**रामपुर, अमृत विचार :** टेलीफोन एक्सचेंज कालोनी स्थित मस्जिद शहीद सद्दन बाबा में तरावीह के दौरान कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। हाफिज मोहम्मद जमाल ने तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन मजीद सुनाया। जबकि समाअत के फराइज हाफिज अब्दुल समद ने अंजाम दिए। हाफिज मोहम्मद जुनैद ने रमजान माह में ज्यादा से ज्यादा इबादत और मां बाप की खिदमत करने की नसीहत की। नमाजियों ने हाफिजों की गुलपोशी की। इस मौके पर मस्जिद के इमाम शाहजहां आलम, मुतावल्ली दिलावर खां, ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां, कमाल हुसैन, नवेद हुसैन, हसनात अली खां, मशकूर अहमद खां, मोहम्मद अफरोज सैफी, खुशनूद खां, जीशान रजा खां, नाहिद खां गुड्डू, आदिल खां आदि ने हाफिजों और उलमा की गुलपोशी की।



कुरान मुकम्मल होने पर हाफिजों की गुलपोशी करते लोग।

न्यूज ब्रीफ

## होलिका दहन स्थलों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, रामपुर** : स्वार सीओ ने थाना के क्षेत्रान्तर्गत होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । होलिका दहन स्थलों पर अग्नि सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतने के लिए कहा। सीओ स्वार ने लोगों से कहा कि होली का पर्व आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति के साथ मनाएं । किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

## मां पार्वती की विदाई पर हुआ कार्यक्रम


पुजारियों को तिलक करते लोग।

**अमृत विचार, रामपुर** : प्राचीन शिव मंदिर रठौंडा में रविवार को मां पार्वती की विदाई पर कार्यक्रम हुआ। पंडित मुन्ना हरि के सानिध्य में भगवान भोलेनाथ पार्वती के वस्त्र, फल, मिठाइयां, मेवा एवं पिचकारी व रंग आदि दिया गया। मंदिर के सभी पुजारियों का तिलक कर मिलाई दी गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में पुजारी शिव ओम शर्मा, मनोज शर्मा, मनोज अग्रवाल, अश्वनी त्यागी, पंडित मुन्ना हरि, प्रशांत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## बाबा साहब के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा

**अमृत विचार, रामपुर** : सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में रविवार को अखिल भारतीय आंबेडकर संघ की बैठक में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को डॉ. आंबेडकर जयंती मनाने की जिम्मेदारी दी गई। कपिल चौधरी को उप मंत्री बनाया गया । बैठक की अध्यक्षता महावीर सिंह ने जबकि, संचालन जिला महामंत्री राम औतार अंबेडकर ने किया। बैठक में अमर सिंह, सत्यपाल सिंह बादल, राजेश खन्ना, हरि सिंह, नरेश कुमार सागर आदि लोग रहे।

# अब न खेलूं तोसे होरी सइयां मोरे, चुहल करत मोरी बइयां मरोरी

## होली महोत्सवः नवाब रजा अली खां ने लिखी है होली के गीतों की किताब, खूब गाए जाते हैं हिंदी और ब्रज भाषा में लिखे गए होली गीत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** होली के रंग फिजा में घुलने लगे हैं और इसी के साथ होली गीतों की बहार आ गई है। नवाब रामपुर रजा अली खां के लिखे होली गीत भी ढोलक और हारमोनियम की धुन पर खूब गाए जाते हैं। नवाब रजा अली खां ने राग भोपाली, राग असावरी, ताल तिताला, राज तिलंग, राग परजा, राग तिलक खमोद. राग झंझोरी, राग देस, राग खम्मन, राग भैरवी, राग वृंदावनी, राग सारंग, राग एमन कल्यान, राग बागेश्वरी आदि का उपयोग होली गीतों की लेखन शैली में किया है। उनका लिखा यह गीत ब्रजबासी कैसी लीला रचाई, फागुन ऋतु मधुवन पै छाई खूब गाया जाता है। नवाब रजा अली खां लिखा होली गीत आई-आई रंग की बहार खेलो-खेलो साजन नार, रंग नदी बहे, प्रेम पवन से उमड़े अबीर गुलाल भी खूब गाया जाता है। प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. जहीर सिद्दीकी बताते हैं कि नवाब साहब ने हिन्दी, उर्दू, फारसी, ब्रज और अरबी के शब्दों का प्रयोग


नवाब रजा अली खां।

करके होली गीतों की रचना की। होली आने पर यह गीत आज भी गाए जाते हैं। उनका लिखा गीत रंग गागर भर लाई हर ब्रज लुगाई, मन मोहन टिक-टोकन आई, बंशीधुन सुन सुध बिसराई, ब्रजवास में कैसी लीला रचाई। यह गीत भी खूब गाया जाता है। गंगा-जमुनी पिचकारी गोरी ताने मन की उमंग,आई मनोहर बहार खेलो-खेलो साजन नार, गंगा-जमुनी पिचकारी गोरी ताने मन की उमंग, एक न माने लपक झपक करें तकरार आदि गीतों की धूम रहती है। अब न खेलूं तोसे होरी सइयां मोरे, चुहल करत मोरी बइयां मरोरी। रजा पिया व्यर्थ करो न ढिठाई, तुम ही खेलोगे मोसे होरी, सइयां मोरे भी खूब गुनगुनाया जाता है।


रामपुर गंगा-जमुनी तहजीब का गहवारा रहा है। नवाबों ने गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखा। सभी धर्मों के लोगों को सम्मान मिला। नवाब रजा अली खां ने होली गीत लिखकर यह संदेश दिया कि उनके दिल में हिंदू धर्म के लोगों के लिए भी पूरा सम्मान रहा। किले में होली मिलन समारोह यहां की एक मिसाल रहा है।

**- बेगम नूरबानो**, पूर्व सांसद, नवाब रजा अली खां की बहू


नवाब रजा अली खां के लिखे होली गीत हर होली पर गाए जाते हैं। उनके लिखे गीतों में रागों का प्रयोग किया गया है। जैसे राग देस, राग वृदांवनी, राग सारंग, राग बागेश्वरी का इस्तेमाल किया गया है। नवाब साहब ने यह बहुत बड़ा काम किया है, जिसको कभी भुलाया नहीं जा सकता।

**- सखावत हुसैन खां**, गायक कलाकार, सहसवान घराना


गंगा जमनी परंपरा और कौमी एकता के लिए मशहूर रामपुर रियासत के अंतिम नवाब रजा अली खां अच्छे संगीतकार, गायक और गीतों के लेखक भी थे। नवाब रजा अली खां ने होली के जो गीत लिखे उन्हें आज भी गुनगुनाया जाता है। उनके गीतों में ब्रज की भाषा में घुला प्रेम का रस भी टपकता नजर आता है। कई रागों में लिखकर पिरोया गीत-संगीत यह शोध के विद्यार्थियों के लिए खास है।

**- डॉ. जहीर सिद्दीकी**

## पदाधिकारियों को होली के कार्यक्रम की सौंपी जिम्मेदारी

**रामपुर, अमृत विचार** : सराय गेट स्थित बाबा तुरैहा रामस्वरूप की समाधि पर रविवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि 4 मार्च को होली पर्व व रंगोत्सव के बाद होली मिलन कार्यक्रम को किले के मैदान पर आयोजित किया जायेगा। तुरैहा मछुआ समाज के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में सभी को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक समाज के लोग महिला, पुरुष के साथ-साथ समाज के युवावर्ग को शामिल किया जाये। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 5 अप्रैल को महाराजा निषादराज जयन्ती मनायी जायेगी जिसका आयोजन प्रत्येक तहसील में भव्यता के साथ होगा। संचालन जिलामन्त्री रामसिंह तुरैहा किया। बैठक में पंडित रामगोपाल, अर्जुन सिंह, डॉ. कृपाल सिंह तुरैहा, सभासद विनोद कुमार, कमल कुमार मुन्ना, मुरारीलाल, अजय कुमार प्रधान, कालू राम, पवन कश्यप, मुरारी लाल, दिनेश कुमार, बाल किशन, मदन मोहन, अरविन्द कुमार, जबर सिंह तुरैहा, प्रीतम तुरैहा, धर्म सिंह, मदन मोहन तुरैहा आदि उपस्थित रहे।


तुरैहा मछुआ समाज की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

## हिंदू-मुस्लिमों ने मिलकर खेली फूलों की होली


आंबेडकर पार्क में फूलों की होली खेलते लोग। ● अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार** : हाईवे स्थित आंबेडकर पार्क में रविवार को हिंदू-मुस्लिमों ने मिलकर फूलों की होली खेली। रंग-गुलाल उड़ा और एक दूसरे को गले लगाकर रंगों के त्योहार होली की बधाई दी गई। रोजा रखकर मुस्लिमों ने फूलों और गुलाल से खूब होली खेली। आंबेडकर पार्क में रविवार की दोपहर तमाम संगठनों के लोग पहुंचना शुरू हो गए। इसके बाद फूलों से होली खेलने का सिलसिला शुरू हुआ। एक दूसरे को फूल मारकर होली खेली गई और कहा गया कि बुरा न मानो होली है। इसके बाद एक दूसरे के चेहरों पर गुलाल लगाकर होली खेली गई। रमजान के रोजे रखकर मुस्लिम समाज ने जोश ओ खरोश के साथ होली का पर्व मनाया। रंग इस बात का प्रमाण है के जब बहुत से रंग पानी में मिल जाते हैं तब एक मुहब्बत का रंग बन जाते हैं। मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खान ने सभी देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी मुनीश शर्मा, अवतार सिंह, प्रमोद आहूजा, रवि मेहरा, नदीम खान बाकर खान, रेहान खान एड्वोकेट, एजाज़ कमर, यासीन खान आदि सर्व समाज के लोग शामिल रहे।

# एक ही पंडाल में विवाह और निकाह की हुईं रस्में


विवाह समारोह में मंत्र पढ़ते पंडित और मौजूद वर वधु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● परिणय सूत्र में बंधे 90 वर-वधु

**अमृत विचार** : आगापुर रोड स्थित एक रिसॉर्ट में रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के 90 वर-वधुओं का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह हुआ। इसके अलावा मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का उलमा ने निकाह पढ़ाया। फिजा मंत्र और कुबूल-कुबूल गूंजा।

इस अवसर पर वर-वधुओं एवं उनके परिजनों में उत्साह एवं प्रसन्नता का वातावरण देखने को मिला। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि पिछले दिनों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत जो पात्र जोड़े किसी कारणवश विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो पाए थे, उनका विवाह रविवार को विधिक एवं विधिवत रूप से सम्पन्न कराया गया है।

# वैश्य समाज की महिलाओं ने खेली सतरंगी होली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● चंपा कुंवरि धर्मशाला में शहर विधायक ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम किया शुरू

**अमृत विचार** : गांधी समाधि के निकट स्थित चंपाकुंवरि धर्मशाला में वैश्य समाज के तत्वावधान में रविवार को सतरंगी होली खेली गई। मुख्य अतिथि आकाश सक्सेना एवं उनकी पत्नी गुंजन सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि को पटका और स्मर्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला सांस्कृतिक सचिव प्रीती अग्रवाल एवं संगठन मंत्री अर्चना अग्रवाल ने होली के उपलक्ष्य में एक रंगारंग होली गीत पर नृत्य कर खूब तालियां बटोरीं।

वैश्य समाज संरक्षक रिचा अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीती गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, जिला अध्यक्ष अनुश्री अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री नयना गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राशि अग्रवाल, संयोजिका ईना गुप्ता जिला महामंत्री नेहा गर्ग, जिला कोषाध्यक्ष संगीता अग्रवाल के द्वारा कार्यक्रम में प्रार्थना कराकर कार्यक्रम की शुरुआत कराई गई। नगर महामंत्री वंदना अग्रवाल और अक्छिव अग्रवाल ने कान्हा जी के भजन पर नृत्य प्रस्तुत किया। नेहा जिंदल और उनकी बेटी वेदिका ने भी नृत्य प्रस्तुत किया। पाखी और शिवांगी अग्रवाल ने माँ बेटी का ट्यूनिंग डांस, आयुषी अग्रवाल ने डांस किया। सीमा अरोड़ा को प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीति गुप्ता,ममता सोनी, नवनीत गुप्ता, मनोज गुप्ता जिला अध्यक्ष अनुश्री अग्रवाल, के द्वारा मोमेंटो देकर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। महिला दिवस को होली के साथ एक नए अंदाज़ में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीती गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राशि अग्रवाल, नयना गुप्ता, वंदना गुप्ता, सुभांगी अग्रवाल, ईना गुप्ता, वंदना अग्रवाल ने नारी शक्ति के अनेकों रूप प्रस्तुत कर समाज में नारी शक्ति का सम्मान करने का संदेश दिया। जिला अध्यक्ष अनुश्री अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।


मुख्य अतिथि गुंजन सक्सेना के साथ महिलाएं। ● अमृत विचार

**कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद** : अचल अग्रवाल, वर्षा वार्ष्णेय, प्रमोद कुमार वार्ष्णेय, कुमकुम अग्रवाल, नेहा जिंदल, डॉ. हेमलता वार्ष्णेय, आशा गोयल, वंदना अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, कमल चावला, रमा अग्रवाल,रोशनी अग्रवाल, भारती गुप्ता, अल्पना अग्रवाल, सीमा रस्तोगी, सुनयना गुप्ता, सुगंधा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, अनीता गुप्ता, निधि रस्तोगी, सोनी अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, शुभी अग्रवाल, कुसुम जिंदल, मीरा राजपूत, मोनिका गोयल, रेणु सक्सेना, मधु अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, प्रभा अग्रवाल, प्रीती गुप्ता, करिश्मा गुप्ता, पूजा अग्रवाल, ममता गुप्ता, सुनीता गुप्ता, दीप्ति अग्रवाल, सालिनी अग्रवाल, शालिनी गुप्ता, रूपम गुप्ता विपिन गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, अंकुर रस्तोगी, सुधीर अग्रवाल, भास्कर अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता, विवेक अग्रवाल आदि।

# कार्यकर्ता बरतें संयम, शीघ्र लेंगे निर्णय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : ग्राम शंकरपुर में हुई भाकियू भानु की पंचायत में किसानों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष गलत निर्णय लेकर संगठन को बर्बाद कर रहे हैं। किसानों ने संगठन छोड़ने का ऐलान किया। पंचायत में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता संयम बरतें और शीघ्र की कोई निर्णय लिया जाएगा।

पंचायत में किसानों ने भारतीय किसान यूनियन भानु को सबक सिखा देने की घोषणा की। जनपद बरेली के सभी पदाधिकारियों ने भी संगठन छोड़ने का ऐलान किया है। प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि हमने वर्ष 2002 से 2003 तक बिना पद के काम किया। कहा


भाकियू भानु की पंचायत में बोलते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी।

● ग्राम शंकरपुर में हुई भाकियू भानु की किसान पंचायत

कि मेहनत करने वालों को पद की जरूरत नहीं होती। आप हम सब मेहनती सिपाही हैं बस इतनी काफी है सब की सहमति से निर्णय लिया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप विनती के बाद किसान भाकियू भानु में शामिल हुए थे। लेकिन संगठन में शामिल होकर पता चला कि संगठन में सिर्फ पैसे की भाषा बोली जाती है।

पंचायत में रईस अहमद, सलीम वारसी, श्याम मोहन पांडे, फरहत अली खान, महबूब अली, हड़ताल सिंह यादव, आरिफ अली, मक्खन सिंह चौहान, सतनाम सिंह, ठाकुर अमरपाल, मोहम्मद अहमद, असीम राजा, मुबारक हसन, रिजवान अली, कारी अफरोज, शाहनवाज, जमील अहमद, मुमताज खान आदि मौजूद रहे।

# असद, अब्दुल और अलीजा ने रखा अपना पहला रोजा

**बिलासपुर, अमृत विचारः** रमजान के मुकद्दस महीने में जहां बड़े-बुजुर्ग पूरी शिद्दत के साथ इबादत में मशगूल हैं, वहीं मासूम बच्चों में भी रोजा रखने को लेकर भारी उत्साह और जज्बा देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के गांव महेशपुरा निवासी इस्लाम खां के दोनों पुत्र नन्हे रोजेदारों असद छह वर्षीय, अब्दुल आठ वर्षीय और गांव मुल्लाखेड़ा निवासी महबूब खां की पुत्री अलीजा खान पांच वर्षीय ने इस साल अपना पहला रोजा रखा है।

बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ तड़के सहरी की और दिन भर खेल-कूद के बीच अपनी भूख-प्यास पर काबू रखा। शाम को इफ्तार के वक्त जब इन नन्हे


असद।


अलीजा।

● बच्चों को फूल मलाएं पहनाकर की सराहना, घरों में जश्न जैसा माहौल


अब्दुल।

रोजेदारों ने अपना पहला रोजा मुकम्मल किया, तो घर में खुशी और जश्न का माहौल था। स्वजन ने फूल मालाएं पहनाकर दुआएं देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव गोकुलनगरी स्थित मॉडल प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही सबसे आकर्षण का केंद्र लकी ड्रा रहा।

विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव तरंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना, राम सिया राम, केसरी के लाल, मोबाइल बुरी बला, शिक्षा का महत्व, भांगड़ा, बंगाली, संस्कृति को दर्शाता नृत्य हो या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सामाजिक सन्देश दिए। लकी ड्रा का सार था पढ़ेगा इंडिया बढेगा इंडिया जिसमें बच्चों को पेंसिल बॉक्स, लंच बॉक्स, स्कूल नोटबुक्स, स्कूल बैग एव साइकिल


छात्र को साइकिल सौंपते ग्राम प्रधान दिवाकर सिकदर। ● अमृत विचार

● गोकुलनगरी गांव स्थित मॉडल प्राथमिक विद्यालय में हुआ आयोजन

का भी वितरण लकी ड्रा के माध्यम से किया गया। लकी ड्रा के प्रथम विजेता को ग्राम प्रधान दिवाकर सिकदर द्वारा पुरस्कार स्वरूप साइकिल भेंट की। इस मौके पर प्रधानाध्यापक विवेक यादव, अमित कुमार, विप्लव कुमार, जागृति नामदेव, सविता रानी, आलिया बी, नमिता मलिक, रेशमा मलिक, अजीत पाल सिंह, मोहन सिंह, उत्तम हलदर, उत्तम हलदर, अजय राय, शंकर विश्वास, विपेंद्र कुमार, संजीव राठी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुधीश शर्मा ने किया।

व्यवस्था | परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड और उनसे लिंक मोबाइल नंबर जरूरी

# फैमिली आईडी कार्ड है पूरे परिवार कीपहचान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● आधिकारिक पोर्टल https://familyid.up.gov.in पर करें ऑनलाइन आवेदन

**अमृत विचार** : फैमिली आईडी कार्ड पूरे परिवार की एक पहचान है। यह आधार-आधारित प्रक्रिया है। जिसमें परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड और उनसे लिंक मोबाइल नंबर जरूरी है। इसके लिए प्रक्रिया निशुल्क है और तहसील व ब्लॉक के माध्यम से फेमिली आईडी कार्ड जिले में बनवाया जा रहा है। इसके लिए निर्धारित पोर्टल पर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

इसके अलावा यदि आप खुद ऑनलाइन नहीं कर सकते, तो नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर जनसेवा केंद्र या साइबर कैफे पर जाकर भी आवेदन कर सकते हैं। फेमिली आईडी कार्ड परिवार के पहचान के लिए एक जरूरी दस्तावेज है। इससे कई सरकारी कार्यों में आसानी होती है। यह आधार-आधारित प्रक्रिया है, इसके लिए परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड और उनसे लिंक मोबाइल नंबर जरूरी है। इसमें उन लोगों को सहूलियत है जिनके पास राशनकार्ड हैं। उन्हें अलग से फेमिली आईडी बनवाने की जरूरत नहीं है। जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह का कहना है राशनकार्ड स्वयं में परिवार का पहचान है। जिले में फेमिली आईडी बनवाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से जिलाधिकारी अनुज सिंह ने प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया है। जिससे लोगों को भटकना न पड़े।

## ऐसे अपनाएं प्रक्रिया

● फेमिली आईडी कार्ड बनवाने के लिए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन 'Registration' या 'Sign in to continue' पर क्लिक करें। ● मोबाइल नंबर और आधार का उपयोग करके पंजीकरण करें। ● ई-केवाईसी मुखिया का आधार नंबर डालें। आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी को भरकर सत्यापित करें। ● फैमिली आईडी कार्ड बनवाने के लिए प्रदेश के आधिकारिक पोर्टल https://familyid.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ● आधार-आधारित प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क है। ● पोर्टल पर जाकर 'Registration' या 'Sign in to continue' पर क्लिक करें। ● ई-केवाईसी : परिवार के मुखिया का आधार नंबर डालें। आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी को भरकर सत्यापित करें। ● सदस्यों को जोड़ने के लिए सदस्यों का विवरण (आधार नंबर, नाम, संबंध) जोड़ें। सभी सदस्यों का आधार ओटीपी के माध्यम से सत्यापित होना अनिवार्य है। ● पता और सबमिट : अपना पता दर्ज करें और फॉर्म को फाइनल सबमिट करें। ● वेरिफिकेशन : इसके बाद, लेखपाल या संबंधित अधिकारी द्वारा सत्यापन के बाद फेमिली आईडी जारी कर दी जाती है।

**अन्य जरूरी बातें** ● राशन कार्ड : यदि आप राशन कार्ड धारक हैं, तो आपका राशन कार्ड ही फैमिली आईडी होगी। ● यह कार्ड सरकारी योजनाओं (जैसे- पेंशन, छात्रवृत्ति, किसान सम्मान निधि) का लाभ लेने में सहायक है।

# तरावीह के दौरान कुरआन मजीद मुकम्मल

**अमृत विचार, रामपुर** : शहर के मोहल्ला घेर सैफुद्दीन खां स्थित मस्जिद हाजी हैदर अली खां में तरावीह के दौरान पहला कुरान मजीद मुकम्मल हो गया। हाफिज आरिश खां ने कुरान सुनाया और हाफिज मोहम्मद अंसर खां ने सामां के फराइज अंजाम दिए। इस मौके पर कारी हाफिज मौलाना बाकर अली ने कहा कि कुरान अल्लाह की भेजी हुई वाहिद ऐसी किताब है जो हाफिजों के सीनों में रोजे कयामत तक महफूज रहेगी।

इस मौके पर मस्जिद के इमाम इस्लामुद्दीन खां, आसिफ खां, आसिम खान, मोहिउद्दीन सैफी, सफी खां, मुसर्रत खां, हबीब खां, जफर खां, रेहान, जमीर खां, अतहर खां, कामिल खां, इकबाल खां, मुराद मियां आदि मौजूद रहे।

# रमजान में खजूर से रोजा इफ्तार करना सुन्नत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां बताते हैं कि माहे रमजान में खजूर से रोजा इफ्तार करना सुन्नत है। बताया कि एक खजूर या एक गिलास पानी से भी किसी का रोजा इफ्तार कराने का उतना ही सवाब है जितना कि रोजेदार को खाना खिलाने से होता है। कहा कि रोजा इफ्तार कराने से अल्लाह अपने बंदे के गुनाह माफ कर देता है।

इफ्तार में सबकी पहली पसंद खजूर है। इसके बाद अधिकतर रोजेदार फलों को खाना पसंद करते हैं। चटपटे व्यंजनों में चने और अमरूद के कचालू, फलों की चाट, दही बड़े, पापड़, चिप्स, पकौड़ी इफ्तार में रोजदारों की पहली पसंद होती है। काजी ए शहर बताते हैं कि खजूर से रोजा इफ्तार सुन्नत होता है। यही कारण है कि दस्तरखान पर हर किसी के लिए खजूर अलग कर रख दिए जाते हैं। इन दिनों खजूर की बिक्री बढ़ गई है, क्योंकि सस्ता हो या महंगा हर कोई खजूर से रोजा इफ्तार करना पसंद करता है। बाजार में खजूर की कई किस्में उपलब्ध हैं। इसकी दुकानें भी बहुतायत में खुल गई हैं। खजूर 120 रुपये से लेकर 1200 रुपये प्रति किलो तक मिली रही है। खजूर कारोबारी मोहम्मद असद बताते हैं कि अजवा नस्ल का खजूर सबसे महंगा होता है।


ठेले पर सजी खजूर की वैरायटी।

# 26 मार्च को सम्राट अशोक मौर्य महान की जयंती मनाई जाएगी

**मसवासी, अमृत विचार** : अखिल भारतीय मौर्य महासभा की एक बैठक नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मोर्य के निवास पर हुई। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मौर्य की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। जिसमें 26 मार्च को नगर पंचायत मसवासी कार्यालय परिसर में चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान की जयंती मनाए जाने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल सिंह मौर्य एडवोकेट, निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मोर्य, पूर्व अध्यक्ष महेश मौर्य, संजीव कुमार वर्मा, बिनेश मौर्य, भूपसिंह मौर्य, अतर सिंह मौर्य, राजेश मौर्य, मदनलाल मौर्य, दीपक मौर्य, पुलकित मौर्य, मयंक मौर्य शगुन मौर्य, परमिंदर मौर्य ,केशव मौर्य, सोहन सिंह सोना, धर्मेंद्र मौर्य, रविंद्र मौर्य, हरिश्चंद्र मौर्य, नरेंद्र मौर्य आदि काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### फल विक्रेता की सड़क हादसे में मौत

सैदनगली, अमृत विचार : उझारी के एक फल व्यापारी की राजस्थान में सड़क हादसे के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी मौत से परिजवार में कोहराम मचा है। उझारी के निवासी शादाब (45) पुत्र इस्लाम उर्फ गामा कुरैशी पिछले एक माह से राजस्थान में अमरूद की बगिया लेकर फल बेचने का काम कर रहे थे। बुधवार शाम को एक सड़क हादसे में शादाब गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत जयपुर के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा था। शनिवार रात इलाज के दौरान ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

### खामेनई की शहादत पर जुलूस निकाला

सैदनगली, अमृत विचार : नगर में ईरानी सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सय्यद अली खामनेई की शहादत पर एहतेजाजी जुलूस निकाला गया। जुलूस दादे मियां की दरगाह से शुरु हुआ और गुलशन मस्जिद, हुसैनी चौक व घण्टा घर से होता हुआ सम्भल-हसनपुर मुख्य मार्ग से गुजरता हुआ पीर जी इमामबारगाह जाकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर कुमैल असगर, हसन मेहदी, शुऐब रज़ा, फजले अब्बास, जावेद रज़ा, फहीम हैदर, मज़हर अहसन,

### मारपीट में एक पक्ष के दो घायल, दी तहरीर

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव रझेड़ा में मेढ के विवाद को लेकर रविवार की सुबह दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान कैलाश पुत्र बेगराम व भतीजा प्रिंस पुत्र संजय मारपीट में घायल हो गए। पीड़ित कैलाश सिंह ने बताया कि पड़ोसी खेत स्वामी बार-बार खेत की मेड को काट देता है। मेड काटने को मना किया तो आरोपी ने मारपीट कर दी। जिसमें दो लोग घायल हो गए। आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया मामला जानकारी में है।

### हादसे में स्कूटी सवार युवतियां घायल

अमरोहा, अमृत विचार : तेज रफ्तार बाइक सवार ने स्कूटी सवार दो युवतियों को जोरदार टक्कर मार दी। आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। नौगवां सादात की रहने वाली दो युवतियां रविवार को स्कूटी से अमरोहा आ रही थीं। जैसे ही वे मखदुमपुर गांव में स्थित विनायक बैंकट हॉल के सामने पहुंचीं, तभी सामने से तेज गति में आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। दोनों युवतियां सड़क पर गिरकर घायल हो गईं।

# अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई की मौत पर शोक

## शोक में बंद रहा बाजार, शिया समुदाय ने जताई नाराजगी

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनगली मे ईरान के सुप्रीम लीडर रहबरे आयतुल्लाह सय्यद अली ख़ामेनेई की शहादत की ख़बर सुनते ही शोक की लहर दौड़ गई। शिया व सुन्नी समुदाय के लोगो ने अपनी दुकानें कारोबार सब बंद कर दिए। सैदनगली की मार्केट मे दुकाने बंद रहीं। बाजार में रौनक ख़त्म हो गयी। मुहल्ला सादात के पीर जी इमामबारगाह मे शहीद आयतुल्लाह सय्यद अली ख़ामेनेई के इसाले सवाब के सिलसिले से मजलिस हुई। जिसमें मर्सियाखुवानी डॉ लईक हैदर और उनके हमनवा ने की मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना कम्बर अली ने कहा कि शहादत मोमिन की मीरास है। शहादत का शरफ़ सबको नसीब नही होता। ज़ालिम ताकतवर मुल्क अमेरिका और इसराइल के आगे ईरान ने कभी सर नही झुकाया और न ही कभी उससे मदद मांगी सय्यद अली ख़ामेनई ने अमेरिका के हाथ मे बैयत नही की और शहादत को मंजूर किया। डॉ अहमद मुर्तज़ा ने कहा कि जिस तरह कर्बला के मैदान मे इमाम हुसैन ने यज़ीद के आगे सर नही झुकाया था और अपना सर कटा दिया था। इसी तरह से इमाम हुसैन के रास्ते पर चलते हुए आज के ज़माने मे ख़ामेनई ने भी ज़ालिम अमेरिका इसराइल के सामने हार नही मानी और आज शहीद हो गए उनकी शहादत को कभी भुलाया नही जा सकता। नोहे मिसाल अब्बास ने पढ़े और मातम हुआ। मजलिस के बाद ईरान ज़िंदाबाद, अमेरिका इसराइल मुर्दाबाद के नारे लगाये द्य इस मौके पर काफ़ी तादाद मे लोग मौजूद रहे।



मजलिस में बोलते मौलाना। ● अमृत विचार



व्यापारियों ने की दुकानें बंद। ● अमृत विचार



जुलूस के दौरान शोक प्रकट करते शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

### खामनेई की शहादत पर जुलूस निकालकर जताया शोक

**अमरोहा, अमृत विचार :** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई की शहादत की खबर के बाद नौगांवा सादात कस्बे में शिया समुदाय में गहरा शोक देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और मातमी जुलूस निकालकर अपना दुख और आक्रोश प्रकट किया। इस दौरान या हुसैन या हुसैन व आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की। नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के कस्बे में निकाले गए जुलूस के दौरान या हुसैन, या हुसैन के नारे लगाए गए। लोगों ने जुलूस निकालकर अपना शोक प्रकट किया। आतंकवाद के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। जुलूस कस्बे के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात रहा। मातमी जुलूस में युवाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कई स्थानों पर मजलिस का आयोजन कर शोक सभा भी की गई। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए शिया धर्मगुरु मौलाना कोकब मुज्तबा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शिया समुदाय इस दुख की घड़ी में एकजुट है। उन्होंने देश में अमन-शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि अन्याय और आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद होती रहेगी।

## रुपये को लेकर दो पक्षों में मारपीट पुलिस को दी तहरीर

**गजरौला, अमृत विचार :** छह सौ रुपये को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दो महिलाएं घायल हो गई। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने एक की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

क्षेत्र के गांव मोरका पट्टी निवासी शाहीन पत्नी जमशेद व रुखसाना पत्नी जमशेद में रविवार की सुबह छह सौ रुपये को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग भी आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। जिसमें शाहीन व रुखसाना घायल हो गए। लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस भी ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने शाहीन की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों पक्षों के लोगों ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# होली मिलन समारोह बना सामाजिक एकता का मंच

संवाददाता मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** रविवार को बाईपास मार्ग स्थित सोना गार्डन में ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा के संयोजन में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फूलों की होली से हुई, जिसमें मौजूद लोगों ने एक-दूसरे पर पुष्पवर्षा कर होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सभी अतिथियों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, चौधरी दानवीर सिंह, किसान यूनियन के पदाधिकारी, विभिन्न ब्लॉक प्रमुख और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों ने कहा कि हमारे त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान हैं। होली हमें आपसी भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे को अपनाने की सीख देती है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने विचार रखे। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर,ब्लॉक प्रमुख गुरेंद्र सिंह ढिल्लों,कपिल चंद्रा, वीरेंद्र चौधरी, धर्मेंद्र प्रधान, गुरमीत सिंह, कमल सिंह,यशवीर खटाना, अनमोल सिंह, मुनिपाल सिंह, रामवीर सिंह ढिल्लों, विपिन सागर, विवेक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



होली मिलन कार्यक्रम में होली खेलते लोग। ● अमृत विचार

● **उत्साह, उमंग और सौहार्द से सराबोर रहा समारोह**

## मजदूरी का हिसाब करने गए ठेकेदार पर हमला

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में मजदूरी के रुपयों के लेनदेन को लेकर एक ठेकेदार पर जानलेवा हमला कर दिया। थाना सैदनगली के गांव तरारा निवासी पीड़ित ठेकेदार मदन पुत्र औसराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को वह डगरोली निवासी दो युवकों ने उन्हें हिसाब करने के लिए बुलाया था। पीड़ित मदन अपने साथी गांव निवासी महिपाल के साथ 15 हजार रुपये लेकर तय स्थान पर पहुँचा, जहाँ आरोपियों ने पहले से ही 10-12 अज्ञात साथियों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर घेराबंदी कर रखी थी। आरोप है कि वहां पहुँचते ही दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर जानलेवा हमला कर दिया और जेब में रखे 15 हजार रुपये भी छीन लिए। शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हुए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# न्यायिक कर्मी का हत्यारोपी 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** न्यायिक कर्मी राशिद हुसैन की पीट-पीटकर हत्या के मामले में डिडौली पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी नवाजिश पुत्र आबिद हुसैन निवासी गांव इटायला माफी, थाना असमोली जनपद संभल को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

दरअसल अमरोहा शहर के मोहल्ला नल निवासी राशिद हुसैन सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय में क्लर्क के पद पर तैनात थे। वह अपनी पत्नी रुखसार, तीन बच्चों और भतीजे सलमान के साथ कार से मुरादाबाद के गांव पट्टी स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे। बताया गया कि बंबूगढ़ से आगे पथकोई-हुसैनपुर की पुलिया के पास एक दोपहिया वाहन ने गलत दिशा से ओवरटेक करते हुए उनकी कार को छू लिया। इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि दोपहिया सवारों ने फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया और करीब तीन किलोमीटर तक पीछा करने के बाद राशिद की कार को रुकवा लिया। इसके बाद हमलावरों ने कार चला रहे राशिद हुसैन को उनकी पत्नी और बच्चों के सामने बाहर खींच लिया और लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई की। गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मामले में चार नामजद और तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मुख्य आरोपी कलीम निवासी हुसैनपुर को पुलिस ने पहले हाफ एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शनिवार को आरोपी नब्बू ने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस फरार चल रहे आरोपी नवाजिश की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। रविवार को पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी नवाजिश को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

● **पुलिस ने संभल के असमोली क्षेत्र से दबोचा आरोपी, तीन आरोपी पहले भेजे जा चुके हैं जेल**

# दोबारा भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर उदयगिरि का जोरदार स्वागत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर भरोसा जताते हुए जिले की कमान उदयगिरि गोस्वामी को सौंप दी है। उन्हें लगातार तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनाया गया है। नियुक्ति के बाद जब वह भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपाइयों ने कार्यालय पर जमकर होली खेती।

जिलाध्यक्ष बनने के बाद रविवार को पार्टी कार्यालय पर पहुंचे उदयगिरी गोस्वामी का भाजपाइयों ने फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इसके बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपाइयों ने पार्टी कार्यालय पर जमकर एक दूसरे को गुलाल लगाया। उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने संकेत दिए कि इस बार जिला कार्यकारिणी में बदलाव किया जा सकता है। कहा कि पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● **कार्यकर्ताओं की राय से नई कार्यकारिणी बनाने की बात**

# गोली मारने के दूसरे आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी पुलिस

संवाददाता, गजरौला

● **कैंटीन संचालक को 23 फरवरी को मारी थी गोली**

**अमृत विचार :** कैंटीन संचालक को गोली मारने वाले दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस ने कई स्थानों पर दबिश दी लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। मामले में पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कुमराला निवासी भूपेंद्र उर्फ भोला तिगरी मार्ग पर पक्के पुल पर शराब की दुकान के पास कैंटीन चलाता है।

23 फरवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे वह कैंटीन पर मौजूद था। बताया जाता है कि तभी वहां पहुंचे कुछ युवकों से भूपेंद्र का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि एक युवक ने भूपेंद्र की कनपटी से सटाकर गोली मार दी थी। चपेट में आकर भूपेंद्र घायल हो गया था। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

सूचना मिलने पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया था। इस मामले में कैंटीन संचालक की पत्नी ममता की तहरीर पर गांव टोकरा पट्टी निवासी मनी यादव व बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव ईश्वरदेवा निवासी अरुण खटाना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मनी यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।

## न्यूज डायरी

### गोदाम में लगी आग, सामान जला

अमरोहा, अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को मुरादाबादी गेट के पास स्थित फहीम गारमेंट की दुकान के ऊपर बने गोदाम में अचानक आग लग गई। आग से गोदाम में रखा लाखों रुपये का गारमेंट और अन्य सामान जलकर राख हो गया। दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। रविवार को दुकान में आग अज्ञात कारणों से लगी। आग की लपटें उठती देख आसपास के दुकानदार और लोग मौके पर जमा हो गए। देखते ही देखते गोदाम में रखा कपड़ों का स्टॉक धू-धूकर जलने लगा और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दिया। सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। हालांकि, तब तक गोदाम में रखा अधिकांश गारमेंट और अन्य सामान जल चुका था। प्रारंभिक आकलन में लाखों रुपये के नुकसान की बात सामने आ रही है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी है।

### ककराला में 20 फीट गहरे कुएं में गिरा तेंदुआ, घंटों बाद रेस्क्यू

**बिजनौर, अमृत विचार :** चांदपुर क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए के कुएं में गिरने की घटना ने ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया। ग्राम ककराला में रविवार सुबह करीब 20 फीट गहरे कुएं से गुर्राने और दहाड़ने की आवाज सुनाई दी, जिससे आसपास के किसानों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार किसान तेजपाल सिंह के खेत के पास स्थित पुराने कुएं से अजीब आवाज आने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जब लोगों ने नीचे झांककर देखा तो एक तेंदुआ कुएं में फंसा नजर आया। खबर फैलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम पिंजरे और आवश्यक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कई घंटों की मशक्कत के बाद तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पिछले 15 दिनों में यह तीसरी घटना है। इससे पहले 22 फरवरी को आराजी भैंसा और 17 फरवरी को ग्राम तोहफापुर के जंगल में भी गुलदार कुएं में गिर चुके हैं, जिन्हें वन विभाग ने सुरक्षित बाहर निकाला था।

### होली दहन स्थानों का किया निरीक्षण

**गजरौला, अमृत विचार :** होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र में स्थित होलिका दहन स्थानों का निरीक्षण किया। वहीं स्थानीय लोगों से होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की अपील की। शहर व देहात क्षेत्रों में 2 मार्च को होली का दहन किया जाएगा। जिसको लेकर रविवार को प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने क्षेत्र के गांव मोहरका पट्टी समेत कई गांवों में पुलिस बल के साथ धूमकर होली दहन स्थानों का सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना किया।

### विधायक का अंबेडकर जन्मोत्सव समिति ने किया भव्य स्वागत

**हसनपुर, अमृत विचार :** रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक के आवास पर पहुंचकर उनका भव्य स्वागत किया। सदस्यों ने विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट किए और आगामी होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। उसके उपरांत डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश गौतम ने सर्वसम्मति से अपनी कमेटी का विस्तार किया। मुलाकात के दौरान समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश गौतम ने आगामी अंबेडकर जयंती की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, इस वर्ष जयंती आयोजन की जिम्मेदारी युवा होने के नाते मेरे कंधों पर है। हम सभी के सहयोग से इस वर्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती को ऐतिहासिक और अत्यंत धूमधाम के साथ मनाएंगे। इस स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल संयोजक रामवीर सिंह, महामंत्री जगवीर सिंह मौर्य,उपाध्यक्ष अरविंद कुमार अन्ना, मुकेश जाटव, कविता रानी, पवनराज जाटव, अंकुर सेठी, लवी सागर, दिनेश सिंह, भोला जाटव आदि मौजूद रहे।

### सात वर्षीय मासूम के साथ कुकर्म, रिपोर्ट दर्ज

**सैदनगली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में सात वर्षीय मासूम बच्चे के साथ कुकर्म की शर्मनाक घटना सामने आई है। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। घटना सैदनगली थाना क्षेत्र के एक गांव की है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित पिता ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ अपनी ससुराल गया था। घर पर उसका 7 वर्षीय बेटा व 11 वर्षीय पुत्री अकेले थे। आरोप है कि शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे पड़ोस का ही रहने वाला एक 22 वर्षीय युवक पाइप लाइन बिछवाने के बहाने मासूम को बहला-फुसलाकर अपने खेत पर ले गया। आरोपी ने मासूम के साथ जबरन कुकर्म किया। परिजनों के लौटने पर मासूम ने आप बीती सुनाई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। पीड़ित पिता मासूम को लेकर थाने पहुंचा और आरोपी के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी। थाना अध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी रौनक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एक लाख रुपये का इनामी बदमाश मुठभेड़ में मारा गया

लखनऊ,एजेंसी

गाजियाबाद में यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर हमला करने का एक ईनामी आरोपी पुलिस के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि सलीम वास्तिक पर जानलेवा हमला करने वाला एक लाख रुपये का इनामी अभियुक्त जीशान पुलिस मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में उपचार के दौरान आरोपी जीशान की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक की पहचान जीशान (निवासी नगला सैफी, जिला अमरोहा) के रूप में हुई है। उसने बताया कि जीशान ने ही यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर कथित तौर पर हमला किया था। पुलिस के मुताबिक मौके से हमले में इस्तेमाल चाकू, एक पिस्तौल, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है पुलिस ने बताया था कि लोनी इलाके में हेलमेट पहने मोटरसाइकिल सवार दो हमलावरों ने 50 वर्षीय यूट्यूबर पर चाकू से कई बार वार किए थे।

● **यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर किया था हमलाअमरोहा का रहने वाला था जीशान**

# भूमि अधिग्रहण को लेकर किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भाकियू बीआर अंबेडकर ने किसानों के साथ बैठक कर औद्योगिक गलियारे के लिए अधिग्रहण की जा रही जमीन का विरोध करते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि हम किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नहीं देंगे।

रविवार को तहसील क्षेत्र के गांव मंगरौला मैं भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर की एक बैठक का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी ने कहा कि सरकार औद्योगिक गलियारे के नाम पर किसानों की जमीनों को ले रही है और किसानों को भूमिहीन बना रही है। वहीं बैठक में सम्मिलित सैकड़ो की संख्या में किसानों ने कहा कि हम अपनी जमीन किसी भी कीमत पर सरकार को नहीं देंगे । बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 मार्च को क्षेत्र के किसानों के साथ उनकी मांगों को पूरा करने के लिए जिला अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी, मलखान सिंह, जगत सिंह, मोनू सिंह, हिमांशु, राजपाल सिंह, त्रिलोकी सिंह, अमरजीत, सोनू गुर्जर, मयंक, सोमपाल सिंह, किरनपाल सिंह, सुधीर शर्मा, राजेश, मुस्तकीम, मित्रपाल सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।



किसानों के साथ प्रदर्शन भाकियू बीआर अंबेडकर के लोग। ● अमृत विचार

● **किसानों ने कहा किसी कीमत पर नहीं देंगे जमीन**

# खामेनेई की मौत के गम में बाजार बंद, सड़कों पर उतरे लोग

## सिरसी में जुलस निकालकर अमेरिका व इजराइल के खिलाफ शिया समुदाय के लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन, मजलिसों का आयोजन किया

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** ईरान के सर्वोच्च नेता सैयद अली हुसैनी खामेनेई की अमेरिका और इजरायल की एयर स्ट्राइक में मौत की खबर फैलते ही जनपद संभल के शिया आबादी वाले इलाकों में गम और गुस्से का माहौल बन गया। रविवार सुबह यह सूचना मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई।

शिया बहुल कस्बा सिरसी में हालात ऐसे रहे कि अधिकांश बाजार स्वतः बंद हो गए और लोगों ने इमामबाड़ों में पहुंचकर मजलिसों में शिरकत की। विरोध प्रदर्शन के साथ ही जुलूस निकाला गया। शियाओं ने अमेरिका व इजरायल की कार्रवाई को आतंकवादी कृत्य बताते हुए जमकर नारे लगाये। इस दौरान तुम कितने हुसैनी मारोगे, हर घर से हुसैनी निकलेगा। नारा गूंजता रहा। सिरसी में सुबह खामेनेई की मौत की खबर मिलते ही मस्जिदों और इमामबाड़ों पर काले झंडे लगाए गए। इमामबाड़ों में मजलिसों का सिलसिला शुरू हुआ, जहां खामेनेई की शहादत का जिक्र कर उन्हें खिराजे अकीदत पेश की गई। मजलिस के दौरान जैसे ही शहादत का वाकया बयान किया गया, वहां मौजूद लोग फूट-फूट कर रो पड़े। आंखों से बहते आंसुओं के बीच अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नाराजगी जाहिर की गई। मजलिस के बाद इमामबारगाह सादात से एक एहतेजाजी जुलूस निकाला गया। जुलूस कस्बे के प्रमुख मार्गों से होता हुआ इमाम बारगाह कला गर्वी पहुंचा। जुलूस और प्रदर्शन की खबर मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस सतर्क हो गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था में सहयोग की अपील की। पूरे दिन इमामबाड़ों में मजलिस, फातेहाखानी और ताजियत जलसों का दौर चलता रहा।

**● इमामबाड़ों पर काले झंडे लगाकर गम जाहिर किया**


सिरसी में अमेरिका व इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन करते शिया मुसलमान। ● अमृत विचार


सिरसी के शिया इलाकों में बंद बाजार। ● अमृत विचार


जिस तरह मोमिनीन हज़रत अली इब्न अबी तालिब ने पूरी ज़िंदगी हक़ और इंसाफ के रास्ते पर चलते हुए दुश्मनों का डटकर मुकाबला किया, उसी तरह सैयद अली हुसैनी खामनाई भी ज़ालिम ताक़तों के सामने मजबूती से खड़े रहे। उनका जीवन साहस, सब्र और इंसाफ़ की मिसाल के रूप में याद किया जाता रहेगा।
– मौलाना हुसैन अब्बास जाफरी


कभी भी मजलूम का खून ज़ाया नहीं जाता। सैयद अली हुसैनी खामेनेई वह शख्सियत थे, जो हर दौर में मजलूमों की आवाज़ बने और हमेशा उनके साथ मजबूती से खड़े रहे। उनकी सोच और संघर्ष इंसाफ़ के लिए लड़ने वालों को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।
– मौलाना मीसम अब्बास जैदी


ईरान के सर्वोच्च नेता सैयद अली हुसैनी खामेनेई की अमेरिका और इजरायल की एयर स्ट्राइक में मौत की खबर अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। आज दुनिया ने एक ऐसी शख्सियत को खो दिया है, जो हमेशा मजलूमों, दबे–कुचले और पीड़ितों की आवाज बनकर उनके साथ खड़ी रहती थी। – हसन मेंहदी


सैयद अली हुसैनी खामेनई तमाम मुसलमानों और खासतौर पर शियों के रहबर थे। उनका स्पष्ट और बेबाक कहना था कि हम यह नहीं देखते कि मजलूम किस कौम या मिल्लत से ताल्लुक रखता है, बल्कि यह देखते हैं कि उस पर जुल्म हो रहा है या नहीं। अगर किसी पर जुल्म हो रहा है, तो उसकी मदद करना हमारा फ़र्ज़ है।
– मौलाना मुहम्मद अब्बास जैदी

## न्यूज ब्रीफ

### गैस एजेंसी में चोरी

**चंदौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ स्थित कृष्णा सूर्या इंडेन गैस एजेंसी में शनिवार रात अज्ञात चोर छत के रास्ते जीने का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए और दो बैटरियां, एक इनवर्टर व एक प्रिंटर चोरी कर ले गए। रविवार सुबह संचालक सूर्यकांत ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस जांच में जुटी है।

### आपत्तिजनक गानों पर होगी कार्रवाई

गजरौला, अमृत विचार : होली पर्व को लेकर पुलिस सतर्क हो गई है। रविवार को थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर डीजे संचालकों की बैठक की। पुलिस की तरफ से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी डीजे संचालक या कार्यक्रम आयोजक आपत्तिजनक, भड़काऊ और अश्लील गीत–संगीत नहीं बजाएगा। अगर कानून व्यवस्था बिगड़ी तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### युवती को रास्ते से खींचकर दुष्कर्म,मुकदमा दर्ज

संभल,अमृत विचार : थाना धनारी क्षेत्र के एक गांव में एक युवती को खींचकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। युवती का कहना है कि वह 28 फरवरी की शाम करीब साढ़े पांच बजे अपने पुराने घर की ओर जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही एक व्यक्ति ने उसे रास्ते में रोक लिया और जबरन खींचकर एक ओर ले गया। विरोध किया तो आरोपी ने उसे धमकाते हुए जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवती थाने पहुंची और पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### डीजे संचालकों के साथ गोष्ठी आयोजित

**सैदनगली : अमृत विचार :** थाना परिसर में आगामी होली त्यौहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से थाना प्रभारी ने क्षेत्र के डीजे संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। थाना अध्यक्ष ने डीजे संचालकों से कहा कि डीजे बजाते समय कोई भी अश्लील गाना ना बजे। डीजे को कम आवाज में बजे उन्होंने कहा कि डीजे के बजाने से ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, समय सीमा का पालन, अश्लील या सांप्रदायिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गानों पर पूर्ण प्रतिबंध, तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। निर्देश दिए कि होली के दौरान कोई भी उल्लंघन होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कवि सम्मेलन में गूंजे फाग और देशभक्ति के स्वर


कवि सम्मेलन के दौरान सीडीओ को सम्मानित करते आयोजक।

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचार :** साहित्य चेतना मंच चंदौसी एवं दिव्य गंगा सेवा मिशन हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को होली के उपलक्ष्य में भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीओ संभल गोरखनाथ भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं शालिनी रस्तोगी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

कवि सम्मेलन में विभिन्न जनपदों से आए कवियों ने फाग, देशभक्ति, सामाजिक सरोकार और समसामयिक विषयों पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वरिष्ठ कवि सुखपाल सिंह गौर, शांति राणा, अतुल कुमार शर्मा, दिनेश पाल सिंह 'दिव्य', एल.के. विकास मिश्रा, शिखा राम रावत 'बुलबुल', विवेक त्रिपाठी 'विकट', अंजली वर्मा 'चहक' और शिवाय दीक्षित ने प्रभावशाली काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन एलके विकास मिश्रा ने किया। आयोजन में दिनेश पाल सिंह 'दिव्य' की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ध्वजा मेले को लेकर थाना परिसर में बैठक

**कैला देवी,अमृत विचार:** कैला देवी के सिहावली में बाबरे बाबा मंदिर पर ध्वजा मेले को लेकर रविवार को थाना परिसर में मेला समिति के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा ने की। बैठक में मेले से संबंधित व्यवस्थाओं, सुरक्षा इंतजामों और संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने मेला समिति के पदाधिकारियों से मेले की अवधि, अनुमानित श्रद्धालुओं की संख्या, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। बैठक में ग्राम प्रधान रूपकिशोर यादव, ओंकार सिंह, इकपाल सिंह यादव, शौकेंद्र, रामोतार यादव, धर्मपाल यादव, सत्येंद्र यादव, उरमान सिंह, उमेश यादव सहित मेला समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता,संभल/बबराला

**अमृत विचार :** जनपद संभल के गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में ननिहाल से वापस घर जाते समय बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक अपने छोटे भाई को मनाकर घर ले जाने ननिहाल आया था, लेकिन वापस अकेले ही घर लौट रहा था।


मृतक जीतू कुमार।

जीतू कुमार (31) पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव लोहागढ़, थाना जीरौली, जनपद अलीगढ़ की ननिहाल नगर पंचायत गुन्नौर कस्बे के जुलेपुरा मोहल्ले में है। जीतू का छोटा भाई अमित कुमार घर से नाराज होकर ननिहाल आ गया था। उसे मनाने और वापस घर ले जाने के लिए जीतू रविवार सुबह ननिहाल पहुंचा था। शाम करीब पांच बजे वह ननिहाल से अकेले ही बाइक से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और होली के त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं। थाना प्रभारी राजीव मलिक ने बताया कि परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। ट्रक द्वारा बाइक में टक्कर मारने की बात सामने आई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की तलाश की जा रही है।

**● युवक ननिहाल से घर लौट रहा था तभी हो गया हादसा**


गुन्नौर में युवक की मौत के बाद इकट्ठा लोग। ● अमृत विचार

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**चंदौसी, अमृत विचार :** मुरादाबाद–चंदौसी रोड पर रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। पंचशील कॉलोनी निवासी 57 वर्षीय मिथलेश कुमारी मुरादाबाद से दवा लेकर मोटरसाइकिल से वापस चन्दौसी आ रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक संख्या यूपी 38 एटी 7993 ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर गईं और ट्रक के पहिए की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और यातायात सुचारु कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए ट्रक को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।



# नशे में ट्रैक्टर चालक ने ग्रामीण को कुचला, मौके पर मौत

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल में रविवार दोपहर एक दर्दनाक घटना में 45 वर्षीय व्यक्ति की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में था। घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपी चालक को पकड़ लिया, जबकि पुलिस के देर से पहुंचने पर लोगों में आक्रोश देखने को मिला।

गांव गुमथल निवासी डालचंद पुत्र सुखे रविवार करीब तीन बजे शौच के लिए गांव के पास स्थित खाली प्लांट की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अकबरपुर निवासी वेदराम पुत्र श्यामलाल ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए डालचंद को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े। आरोप है कि चालक ने ट्रैक्टर पीछे लेकर दोबारा उनके ऊपर चढ़ा दिया, जिससे वह पहिए के नीचे दब गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने ट्रैक्टर हटाकर शव को बाहर निकाला और आरोपी चालक को पकड़ लिया। सूचना देने के बावजूद पुलिस करीब एक से डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी रही। ग्रामीणों का कहना है कि चालक सुबह से ही शराब के नशे में ट्रैक्टर चला रहा था और तेज गति से गांव में घूम रहा था। पुलिस ने ट्रैक्टर और चालक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।


चंदौसी में हादसे के बाद मौके पर जमा भीड़ व मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

**● पुलिस के देर से पहुंचने पर लोगों ने जताया रोष**

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से ई-रिक्शा सवार की मौत

संभल, अमृत विचार : थाना धनारी क्षेत्र के गांव खजरा छपरा मोड़ पर रविवार सुबह करीब आठ बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। ई रिक्शा में सवार लोग घायल होकर यहां वहां गिर पड़े। इस हादसे में शकील (38) पुत्र हफीज, निवासी गांव सुल्तानगढ़ थाना धनारी की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा समीना, भूरी एवं रहबरबुरी तरह घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई में भर्ती कराया। जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



## न्यूज डायरी

### गवां में फागुन महोत्सव धूमधाम से संपन्न

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा क्षेत्र के श्री श्याम सरकार आश्रम, गवां में बाबा श्याम का फागुन मेला महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मेला महोत्सव में मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार उर्फ पिंटू वर्मा एवं रजनीश अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथि उमंग अग्रवाल तथा नगर पंचायत अध्यक्ष पति भगवान दास दिवाकर के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर पूजन किया गया और श्री रामायण पाठ का शुभारंभ कराया गया। महोत्सव का शुभारंभ एकादशी के दिन हुआ। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम का प्रसाद ग्रहण किया। मेला महोत्सव में बच्चों के लिए झूले लगाए गए, जिनका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। आश्रम के महंत दीक्षित महाराज ने बताया कि फागुन मास के पावन अवसर पर श्याम प्रेमियों की आस्था देखते ही बन रही थी। मेला महोत्सव के समापन पर आकर्षक झांकियां सजाई गईं तथा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महंत दीक्षित महाराज ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।



### खेत पर काम कर रही किशोरी के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

**संभल, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव में युवक ने खेत पर किशोरी को दबोचकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। गांव निवासी किसान जंगल में खेत पर काम करने के लिए गया तो उसकी 17 साल की बेटी भी साथ गई थी। वह अपनी बेटी को खेत पर फसल की सिंचाई करने के लिए छोड़कर पास के गांव में दूसरे खेत पर गन्ना बुवाई करने के लिए चला गया। इसी दौरान गांव के ही युवक ने उसकी बेटी को दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पिता का कहना है कि युवक बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा था तभी वह वापस खेत पर आ गया। उसे देखकर युवक बेटी को छोड़कर भाग निकला। लड़की के पिता ने भागते आरोपी को पीछा किया लेकिन वह हाथ नहीं आया। पिता अपनी नाबालिग बेटी को लेकर ऐचोड़ा कंबोह थाना पहुंचा। आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। फारेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर साक्ष्य संकलन का काम किया है। ऐचोड़ा कंबोह थाना अध्यक्ष लवनीश चौधरी ने बताया कि लड़की के पिता की ओर से तहरीर मिली है। अपराधी के खिलाफ पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।




### भजन संध्या में झूमीं महिलाएं

चंदौसी, अमृत विचार : ब्राह्मण महिला सभा के तत्वावधान में रविवार को होली के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगराध्यक्ष उर्मिला शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर गायत्री मंत्र के साथ की। भजन मंडली ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। महिलाओं ने होली गीतों पर नृत्य कर उत्साह व्यक्त किया और फूलों व गुलाल से होली खेली। इस दौरान आशा सारस्वत, ममता शर्मा, सुनीता शर्मा, सुधा शर्मा, नीलम राय, साधना पाठक, जयश्री, शिप्रा शर्मा, मुस्कान भारद्वाज, पूजा शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं। संचालन रंजना शर्मा ने किया।

### गंगा एक्सप्रेस-वे पर मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

**संभल, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस–वे पर रविवार तड़के बड़ा सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित ट्रैक्टर–ट्रॉली पलटने से उसमें सवार आधा दर्जन मजदूर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से दो मजदूरों को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव नाखूनका से करीब एक दर्जन मजदूर ट्रैक्टर–ट्रॉली में सवार होकर आगरा में एक कोल्ड स्टोरेज में मजदूरी करने जा रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर गंगा एक्सप्रेस–वे पर चढ़ने वाली सड़क पर पहुंचा, चालक संतुलन खो बैठा और ट्रॉली पलट गई। हादसे में आबिद पुत्र कलुआ, साबिर पुत्र जाहिद, दानिश पुत्र इंतजार, यामीन पुत्र निसार और फहीम पुत्र अहमद हसन घायल हो गए। इनमें आबिद और साबिर की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आबिद और साबिर को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक नशे में था और एक्सप्रेस–वे पर चढ़ने वाली सड़क को नहीं देख पाया, जिसके चलते अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# श्री कल्कि धाम में खेली गई फूलों की होली


आचार्य प्रमोद कृष्णम एवं पुष्प वर्षा करते स्वामी चक्रपाणि महाराज। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** श्री कल्कि धाम ऐंचोड़ा कंबोह में भक्तों ने फूलों की होली खेलकर फाल्गुन मास के रंगों में भक्ति का आनंद लिया।

प्रातःकाल श्री कल्कि यज्ञशाला में यज्ञ की पूर्णाहुति श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा कराई गई। यज्ञ के पश्चात श्री कल्कि धाम में जूना अखाड़ा के जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि महाराज का आगमन हुआ। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने घोषणा की कि इस वर्ष श्री कल्कि जयंती 28 अप्रैल को श्री कल्कि धाम में भव्य रूप से मनाई जाएगी। कार्यक्रम में स्वामी सत्यानंद, रामकिशोर त्यागी, लवकुश शर्मा, सुधीर चाहल, खिलेंद्र सिंह, अशोक कृष्णम, रंजीत आर्य सहित अनेक गणमान्य श्रद्धालु एवं श्री कल्कि भक्त उपस्थित रहे।

# 24 कोसीय परिक्रमा में होली ने बांधा समां

**संभल, अमृत विचार:** 24 कोसीय मासिक परिक्रमा समिति के तत्वावधान में फाल्गुन मास की मासिक परिक्रमा श्रद्धा, उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस बार की परिक्रमा वृंदावन की तर्ज पर आयोजित की गई, जिसमें फूलों एवं रंग-गुलाल की होली खेली गई। प्रातः छह बजे से ही श्रद्धालु श्री वंशीगोपाल तीर्थ पर एकत्र होने लगे। परिक्रमार्थियों ने कुंड एवं पौराणिक कदम वृक्ष की परिक्रमा की। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए रंग-बिरंगे गुलाल और पुष्पों से होली खेलते आगे बढ़ते रहे। भुवनेश्वर तीर्थ परजहां पंडित शोभित शास्त्री, पंडित मुकेश शर्मा, विशाल शर्मा एवं पंडित विनीत शर्मा ने रुद्राष्टकम का पाठ किया। चामुंडा मंदिर में पारंपरिक होली गीतों के साथ नृत्य एवं फूलों की होली का आयोजन हुआ। क्षेमनाथ धाम, नैमिषारण्य में बाबा बालयोगी दीनानाथ जी महाराज ने आरती कराई।


रंग गुलाल उड़ातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

भवानीपुर मंदिर में मंदिर कमेटी एवं महंत रामचंद्र गिरी महाराज ने व्यवस्थाएं कीं। चंद्रेश्वर तीर्थ पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को रंग एवं पुष्प अर्पित कर मंगलकामनाएं कीं। अंत में परिक्रमा वंशीगोपाल तीर्थ धाम पहुंचकर संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने रंग-गुलाल से एक-दूसरे को सराबोर कर दिया। राजकुमार शर्मा, जसपाल सिंह, विकास वर्मा, ऋषभ, भूकेंद्र सारस्वत, संजीव शुक्ला, राहुल शर्मा, शोभित गुप्ता, अमित शुक्ला, सौरभ गुप्ता, धर्मेंद्र ठाकुर, रामगोपाल शर्मा, दीपक कुमार, राकेश वार्ष्णेय, सरिता गुप्ता, अरविंद प्रजापति, सुनीता यादव, नीतू माथुर, राजू टेंट, मंजू रावत, पूनम शर्मा, देवांश, वैष्णवी, रागिनी भटनागर, मुरारी, मुरली सिंह, प्रभाकर शुक्ला, अमित शर्मा, शंकर शर्मा, सोनू सैनी आदि शामिल रहे।



# पश्चिम एशिया पर संकट
# महायुद्ध






## करांची में अमेरिकी दूतावास पर हमला
# 12 की मौत

करांची, एजेंसी

पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के गेट तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच रविवार को हुई झड़पों में 12 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। अमेरिका-इजराइल के हवाई हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के विरोध स्वरूप यह हिंसक संघर्ष हुआ। खामेनेई की मौत की खबर मिलते ही प्रदर्शनकारी वाणिज्य दूतावास की ओर जाने वाली सड़क पर एकत्र होने लगे। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस ने उन पर गोली चलाई।

सिविल अस्पताल की प्रवक्ता डॉ. सुमैय्या सैयद ने बताया कि 10 शव अस्पताल में लाए गए हैं, जिनमें कुछ शवों पर गोली लगने से घाव के निशान हैं। सैयद के मुताबिक, करीब 30 घायल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में उपचाराधीन हैं। घायलों में चार पुलिसकर्मी भी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक असद रजा ने कहा कि भीड़ के पुलिस पर हमला करने के बाद स्थिति नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए और लाठीचार्ज किया गया।

**अमेरिकी मरीन ने नहीं चलाई गोली:** सिंध के गृह मंत्री जिया उल हसन लंजार ने कहा कि "किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।" लंजार ने कहा कि पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने उन अटकलों को खारिज किया कि मारे गए लोगों को वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में तैनात अमेरिकी मरीन ने गोली मारी। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास माई कोलाची रोड पर नौसेना की एक आवासीय सोसाइटी के निकट एक किलेबंद इमारत में है, लेकिन आसपास निम्न-आय वर्ग के इलाके हैं।


कराची में अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए छोड़े जाते आंसू गैस के गोले।

### इस्लामाबाद, पेशावर और लाहौर में भी सड़कों पर उतरे लोग

- ईधी वेलफेयर ट्रस्ट के फैसल ईधी ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारी बेहद हिंसक हो गए और उन्होंने उनके स्वयंसेवकों तथा एंबुलेंस पर भी हमला किया। इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने बयान में कहा, "हम कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों के निकट जारी प्रदर्शनों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास और पेशावर स्थित वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शनों के आह्वान की खबरें भी देख रहे हैं।'' हम पाकिस्तान में मौजूद अमेरिकी नागरिकों को सलाह देते हैं कि वे स्थानीय समाचारों पर नजर रखें और व्यक्तिगत सुरक्षा के उपाय अपनाएं। पुलिस के अनुसार, शिया संगठनों ने खामेनेई की मौत के विरोध में कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर मार्च निकालने की घोषणा की थी। इस्लामाबाद में तहरीक-ए-जाफरिया पाकिस्तान ने विरोध प्रदर्शन और अमेरिकी दूतावास का घेराव करने घोषणा की, जिसके बाद अधिकारियों ने 'रेड जोन' सील कर दिया और उससे जुड़ी सड़कों पर अतिरिक्त बल तैनात किए। जिला प्रशासन ने बताया कि इस्लामाबाद में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। लाहौर में प्रेस क्लब के बाहर इजराइल और अमेरिका की ईरान के खिलाफ सैन्य हमले के विरोध में प्रदर्शन जारी हैं।

**30** से ज्यादा लोग घायल, लाठी डंडे लेकर पहुंची थी भीड़

- उपद्रवी भीड़ ने गेट और शीशे तोड़े, पथराव व आगजनी
- अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी

## रिएक्शन

### ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान बोले बदला लेना हमारा वैध अधिकार



- ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद कहा कि इस अपराध के अपराधियों और कमांडरों के खिलाफ रक्तपात और बदला लेना ईरान वैध अधिकार मानता है, और इस महान जिम्मेदारी और कर्तव्य को पूरी ताकत से पूरा करेगा। खामेनेई की हत्या दुनिया के मुसलमानों, विशेषकर शियाओं के खिलाफ एक खुला युद्ध है।

### सनक में की गयी हत्या, नैतिकता और कानून का उल्लंघन : व्लादिमीर पुतिन



- **मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खामेनेई की लक्षित हत्या को 'सनक में की गयी हत्या' करार दिया है। पुतिन ने खामेनेई की मृत्यु को एक ऐसी हत्या बताया जिसने 'मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों' का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा, खामेनेई को रूस में एक 'उत्कृष्ट राजनेता' के रूप में याद किया जाएगा। यूक्रेन के साथ युद्ध में ईरान ने रूस को ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों सहित सैन्य सहायता प्रदान की है और ड्रोन निर्माण सुविधा बनाने में मदद की है।

### चीन ने कहा, ईरान पर हमला और नेता को खुलेआम मारना मंजूर नहीं



- **शिन्हुआ।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि उसने हमेशा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को कायम रखा है और वह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में ताकत के इस्तेमाल का विरोध करता है। जब ईरान-अमेरिकी बातचीत चल रही हो, तो उस दौरान अमेरिका और इजराइल का ईरान पर हमला करना मंजूर नहीं है। यह भी मंजूर नहीं है कि वे किसी आजाद देश के नेता को खुलेआम मारें और सरकार बदलने को बढ़ावा दें।

### इतिहास में निर्णायक क्षण, भविष्य अभी अनिश्चित : यूरोपीय संघ



- यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने कहा कि अली खामेनेई की हत्या ईरान के इतिहास में एक निर्णायक क्षण है। आगे क्या होगा यह अनिश्चित है। लेकिन अब एक अलग ईरान की ओर खुला रास्ता है, एक ऐसा ईरान जिसे आकार देने में वहां के लोगों को अधिक स्वतंत्रता मिल सकती है।

### ईरान को परमाणु हथियार की अनुमति नहीं दी जा सकती: ब्रिटेन



- ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने खुलासा किया है कि ईरान ने साइप्रस में ब्रिटेन के दो सैन्य ठिकानों की ओर दो मिसाइलें दागी हैं। लेकिन हमें यकीन है कि वे हमारे ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागी गई थीं, लेकिन यह दिखाता है कि ईरानी प्रतिशोध कितना अंधाधुंध है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ईरान में एक ऐसा शासन है जो अन्य देशों को परेशान करता है और इसे कभी भी परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### फ्रांस और ब्रिटेन बोले, फिर से शुरू की जाए ईरान-अमेरिका में वार्ता

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने अमेरिका-ईरान से फिर से बातचीत शुरू करने का आह्वान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके देश ईरान पर हुए हमलों में शामिल नहीं हैं, लेकिन वे अमेरिका, इजराइल और क्षेत्र के सहयोगी देशों के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, "हम क्षेत्र के देशों पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। ईरान को बिना सोचे समझे सैन्य हमले करने से बचना चाहिए।

### खामेनेई की मौत पर कई जगह जश्न

- ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने अमेरिकी हमलों के लिए जहां खुला समर्थन व्यक्त किया है, वहीं खामेनेई की मौत के बाद कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन के बीच कुछ जगह लोग जश्न मनाते भी दिखे। न्यूयॉर्क से लेकर बर्लिन और उससे आगे तक, ईरानी प्रवासी समुदाय के सदस्यों और उनके समर्थकों द्वारा खामेनेई के शासन के अंत का जश्न मनाने के लिए प्रदर्शन भी आयोजित किए गए। शनिवार दोपहर बर्लिन में ईरानी लोग जश्न मनाते हुए तेज संगीत पर नाचते और नारेबाजी करते नजर आए।

## दुबई में बरसीं मिसाइल व ड्रोन निशाने पर होटल-एयरपोर्ट

दुबई, एजेंसी

अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद ईरान ने इजराइल के तेल अवीव समेत मिडिल ईस्ट के देशों पर ताबड़तोड़ हमले किए। इसमें संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई को भी निशाना बनाया गया। दुबई के मशहूर लग्जरी होटल बुर्ज अल अरब पर भी हमला होने की खबरें सामने आईं। रिपोर्ट के अनुसार, एक अटैक ड्रोन के बिल्डिंग से टकराने के बाद आग की लपटें उठने लगीं। दुबई मीडिया ऑफिस ने एक्स पर कहा, अधिकारियों ने पुष्टि की है कि एक ड्रोन को रोका गया था। उसका मलबा बुर्ज अरब के बाहरी हिस्से से टकरा गया, जिससे हल्की आग लग गई। ईरान ने दुबई में स्थित सीआईए के ठिकाने और एक अमेरिकी एजेंसी पर भी हमला किया। दुनिया के सबसे व्यस्तम दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन पर भी संदिग्ध हवाई हमले से मामूली नुकसान हुआ है। चार कर्मचारी घायल बताए गए हैं। इसी तरह दुबई के प्रमुख बंदरगाह जेबेल अली पोर्ट पर इंटरसेप्ट किए गए ड्रोन के मलबे से आग लग गई। रिहायशी इलाकों पाम जुमेराह और अल नहदा में भी तेज धमाकों की कई आवाजें सुनी गईं।


तेल अवीव में ईरानी मिसाइल से क्षतिग्रस्त हुई इमारत।

### आसमान में आग और धुएं की लकीरें

- दुबई के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि लगातार धमाकों से उनके फ्लैट की खिड़कियां हिल गईं और रात में एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा इंकमिंग प्रोजेक्टाइल्स को इंटरसेप्ट करने से आसमान में आग और धुएं की लंबी रेखाएं बनती रहीं। एक भारतीय नागरिक विष्णु मंचू ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि इंटरसेप्शन की आवाजों की वजह से उनका घर हिल गया और बेटी आयरा डर गई। उन्होंने शांति की प्रार्थना करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे को जंग की आवाजें सुनते हुए बड़ा नहीं होना चाहिए। एक महिला ने कहा कि लोग पूछते हैं कि दुबई में सुरक्षित महसूस क्यों होता है, आज इसका जवाब मिल गया।

### ओमान के तट पर तेल टैंकर पर हमला, 15 भारतीय थे सवार

- ओमान के तट के पास भारतीय चालक दल के 15 सदस्यों वाले तेल टैंकर पर हमला हुआ है जिसमें चार व्यक्ति घायल हो गए हैं। ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र के अनुसार तेल टैंकर स्काईलाइट पर ओमान के मुसंदम प्रांत के पास तट से लगभग पांच समुद्री मील उत्तर में हमला किया गया। केंद्र ने बताया कि तेल टैंकर पर पालाऊ का ध्वज अंकित था। केंद्र ने कहा कि हमले में 20 सदस्यीय चालक दल को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया। केंद्र के अनुसार चालक दल में 15 भारतीय और पांच ईरानी नागरिक शामिल थे। चालक दल के चार सदस्यों को चोट आईं और उन्हें आवश्यक चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाया गया। घटना उस समय हुई जब ईरान ने उत्तरी खाड़ी में इजराइल के साथ बढ़ते तनाव के बीच प्रतिरोधी हमले तेज कर दिए हैं।

### श्रीनगर और लखनऊ में प्रदर्शन शिया धर्म गुरुओं ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** भारत में भी ईरान के सर्वेच्च नेता खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन हुए। श्रीनगर और लखनऊ में प्रदर्शनों के बीच अजमेर में शिया मुस्लिम महासभा ने 3 दिन के शोक का ऐलान किया, जबकि कई धर्मगुरुओं ने खामेनेई की मौत पर दुख जताया है। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा, ये सदी के सबसे दुखद शब्दों में से हैं कि इतनी महान हस्ती, जिसने हमेशा दबे-कुचले लोगों के लिए आवाज उठाई, वो चला गया, वो कभी किसी से नहीं डरे, यहां तक कि सबसे बड़ी ताकतों से भी नहीं। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा, "ये सदी के सबसे दुखद शब्दों में से हैं कि इतनी महान हस्ती, जिसने हमेशा दबे-कुचले लोगों के लिए आवाज़ उठाई, वो चला गया। वो कभी किसी से नहीं डरे, यहां तक कि सबसे बड़ी ताक़तों से भी नहीं।"


श्रीनगर में खामेनेई के मौत पर शोकजदा युवक।

ट्रंप के दामाद, उनके विशेष दूत और ईरान के विदेश मंत्री के बीच जिनेवा में वार्ता स्थगित होने के बाद तेजी से बदला घटनाक्रम

## ...इस तरह लिखी गई ईरान पर हमले की पटकथा

स्पेशल डेस्क

अमृत विचार। ईरान पर इजराइल और अमेरिका का साझा हमला सटीक खुफिया जानकारी और कई घटनाओं के एक साथ घटित होने से अपरिहार्य बन गया। हुआ यह कि ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर, उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल के बीच जिनेवा में गुरुवार को हुई बातचीत बिना किसी निर्णायक मोड़ पर पहुंचे स्थगित हो गई थी। हालांकि अराघची ने कहा था कि वार्ता में अच्छी प्रगति हुई है। उधर, ओमान के जिन अधिकारियों ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी, उनका भी कहना था कि बातचीत अगले सप्ताह वियना में फिर से शुरू होगी। लेकिन ट्रंप के सलाहकार ईरान में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को सही ठहराने की कोशिश में लगे थे। विटकॉफ और कुशनर को जिनेवा इसी उम्मीद में भेजा गया था कि वे ईरान को न सिर्फ आत्मसमर्पण के लिए राजी कर लेंगे बल्कि जैसा कि इजराइल भी चाहता है कि ईरान को न केवल परमाणु कार्यक्रम बल्कि मिसाइल उत्पादन के लिए राजी कर लेंगे। लेकिन रणनीतिकार मान रहे थे कि ट्रंप ने जिस तरह सैन्य बल एकत्र किया है, उसे देखते हुए ईरान का कोई भी प्रस्ताव युद्ध रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसी कारण विटकॉफ और कुशनर के वाशिंगटन लौटने पर, ट्रंप ने खुद को "असंतुष्ट" बताया। अगले दिन, अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने ट्रंप को सैन्य विकल्पों पर अंतिम ब्रीफिंग दी, और इसी दौरान दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत, यूएसएस गेराल्ड फोर्ड हाइफा पोर्ट पर पहुंचा। इसी पोत ने वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने में भाग लिया था। हाइफा में फोर्ड का काम ईरान की जवाबी कार्रवाई से इजरायल की रक्षा करना था। फोर्ड के तैनात होते ही इजरायल में अमेरिकी राजदूत ने अपने कर्मचारियों से कह दिया कि यदि वे देश छोड़ना चाहते हैं तो आज ही निकल जाएं। माहौल की नजाकत भांपते हुए, ओमान के विदेश मंत्री बदर अलबुसैदी, जिन्होंने वार्ता में मध्यस्थता की थी, तत्काल वाशिंगटन पहुंचे और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस से कुछ और दिन देने का आग्रह किया। इस बीच इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद व अमेरिकी सर्विलांस खामेनेई और रणनीतिकारों की बैठक की सूचना साझा कर चुके थे। इसी के बाद शनिवार सुबह ईरान पर बमबारी शुरू हो गई और ईरान की मिसाइलें भी इजराइल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों की ओर बरसने लगीं।



भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में किफायती 7-सीटर गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। बढ़ते परिवार, बेहतर स्पेस की जरूरत और बजट में मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल की चाह ने इस सेगमेंट को खासा मजबूत बना दिया है। इसी मांग को ध्यान में रखते हुए निसान ने फरवरी में अपनी नई 7-सीटर कार मीटर एमपीवी 'ग्रेवाइट' को लॉन्च किया है। इसकी शुरुआती इंट्रोडक्ट्री एक्स-शोरूम कीमत 5.65 लाख रुपये रखी गई है, जो इसे एंट्री-लेवल 7-सीटर खरीदारों के लिए आकर्षक विकल्प बनाती है। कंपनी ने दमदार इंजन और प्लेटफॉर्म के साथ नई स्टाइलिंग, बेहतर फीचर्स और उन्नत सुरक्षा पैकेज देकर इसे फैमिली-फ्रेंडली कार के रूप में पेश किया है। ऐसे में कम बजट में 7-सीटर की तलाश कर रहे ग्राहकों के लिए ग्रेवाइट एक व्यावहारिक विकल्प साबित हो सकती है।

-फीचर डेस्क

## वेरिएंट और कीमत

ग्रेवाइट को चार प्रमुख वेरिएंट- VXiA, Acenta, N-Connecta और Tekna में उतारा गया है। ट्रांसमिशन के तौर पर 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत और ड्राइविंग सुविधा के अनुसार चयन कर सकते हैं। कीमत की बात करें, तो यह 5.65 लाख रुपये से शुरू होकर लगभग 8.93 लाख रुपये (टेकना लॉन्च एडिशन एएमटी) तक जाती है। कंपनी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है और डिलीवरी मार्च 2026 से प्रारंभ होने की संभावना जताई जा रही है। निसान की रणनीति स्पष्ट है कि कम कीमत में भरोसेमंद 7-सीटर विकल्प देकर बड़े ग्राहक वर्ग को आकर्षित करना।




## एक्सटीरियर : ज्यादा बोल्ड और मस्कुलर

इसकी बेसिक बॉडी शेप ट्राइबर से प्रेरित दिखाई देती है, लेकिन ग्रेवाइट को अलग पहचान देने के लिए कई नए स्टाइलिंग एलिमेंट्स जोड़े गए हैं। फ्रंट फेसिया पर बड़ी हनीकॉम्ब पैटर्न ग्रिल, बोनट पर 'Gravite' बैजिंग और स्लिम एलईडी डीआरएल्स इसे आधुनिक और दमदार लुक देते हैं। साइड प्रोफाइल में ऊंची रूफलाइन और सीधा स्टांस इसे ज्यादा स्पेशियस और प्रैक्टिकल दर्शाते हैं। 15-इंच स्टील व्हील्स और रूफ रेल्स इसकी यूटिलिटी अपील को मजबूत बनाते हैं। रियर सेक्शन में रैपअराउंड एलईडी टेललैंप्स, क्रोम स्ट्रिप और सी-शेप्ड सिल्वर एक्सेंट इसे प्रीमियम टच प्रदान करते हैं। कलर ऑप्शन की बात करें, तो यह ओनिक्स ब्लैक, स्टॉर्म व्हाइट, मेटैलिक ग्रे, ब्लेड सिल्वर और फॉरेस्ट ग्रीन जैसे पांच आकर्षक रंगों में उपलब्ध है।

# Nissan Gravite
# कम बजट में बड़ा स्पेस






## फीचर और सेफ्टी

निसान ने ग्रेवाइट को फीचर्स के मामले में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने की कोशिश की है। इसमें क्रूज कंट्रोल, वायरलेस फोन चार्जर और रियर एसी वेंट्स जैसी सुविधाएं मिलती हैं। सुरक्षा के लिहाज से छह एयरबैग स्टैंडर्ड दिए गए हैं, जो इस कीमत में एक महत्वपूर्ण विशेषता है। इसके अलावा एबीएस के साथ ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ESC), रियर पार्किंग कैमरा, पार्किंग सेंसर और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (TPMS) भी शामिल हैं। सेगमेंट में स्टैंडर्ड छह एयरबैग का मिलना इसे सुरक्षा के मामले में मजबूत दावेदार बनाता है।

## इंटीरियर : सादगी और उपयोगिता का मेल

- ग्रेवाइट का केबिन डिजाइन सादा, लेकिन कार्यात्मक है। डुअल-टोन ब्लैक और बेज थीम के कारण अंदर का माहौल खुला और हवादार महसूस होता है। डैशबोर्ड लेआउट परिचित जरूर है, लेकिन प्रेजेंटेशन में हल्के बदलाव इसे नया रूप देते हैं।
- बीच में 8-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है, जो वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो को सपोर्ट करता है। इसके नीचे मैनुअल क्लाइमेट कंट्रोल के लिए तीन रोटरी नॉब्स दिए गए हैं, जो उपयोग में सरल हैं।
- 7-इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, 3-स्पोक स्टीयरिंग व्हील, पुश-बटन स्टार्ट और कीलेस एंट्री जैसे फीचर इसे आधुनिक स्पर्श देते हैं। सीटों पर लेदरेट फिनिश दी गई है और 8 एसी वेंट्स सुनिश्चित करते हैं कि सभी यात्रियों तक पर्याप्त ठंडी हवा पहुंचे। कुल मिलाकर, इसका इंटीरियर लक्जरी से ज्यादा व्यावहारिकता पर केंद्रित है।



## इंजन परफॉर्मेंस

ग्रेवाइट में 1-लीटर, 3-सिलेंडर नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 72 पीएस की पावर और 96 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी विकल्पों के साथ उपलब्ध है। माइलेज की बात करें, तो मैनुअल वर्जन 19.3 किमी/लीटर और एएमटी वर्जन 19.6 किमी/लीटर तक का सर्टिफाइड माइलेज देने का दावा करता है। यह इंजन मुख्य रूप से शहरी उपयोग और परिवारिक ड्राइविंग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हालांकि हाईवे पर फुल लोड के साथ इसकी परफॉर्मेंस औसत रह सकती है।

**मॉय फर्स्ट राइड**

## उत्साह, हिम्मत और आत्मनिर्भरता की यात्रा



मैंने जब गाड़ी चलाना सीखने के बारे में सोचा, तब मैं बहुत ज्यादा उत्साहित थी। सच कहूं तो मुझे पहले कभी अंदाजा नहीं था कि मैं भी गाड़ी चला पाऊंगी, लेकिन मन के भीतर एक दृढ़ इच्छा थी कि मुझे सीखना है। मुझे लगता था कि अगर घर में कोई भी व्यक्ति वाहन चला सकता है, तो मुझे भी यह कौशल आना चाहिए। यही सोच मेरे हौंसले की सबसे बड़ी ताकत बनी।

इस पूरे सफर में मेरे पति और मेरी छोटी-सी बेटी ने मेरा बहुत साथ दिया। आज भी मुझे वह दिन याद है, जब पहली बार ड्राइविंग स्कूल के इंस्ट्रक्टर हमें सिखाने आते थे। उनका मॉर्निंग शेड्यूल होता था, इसलिए हमें सुबह लगभग साढ़े पांच या छह बजे तक पहुंच जाना पड़ता था। मेरे पति हर दिन मेरा हौसला बढ़ाते थे और मेरी छोटी बेटी भी जाग जाती थी और कहती "मम्मी आपको सीखने जाना है।" उसका वह मासूम उत्साह मेरे लिए प्रेरणा बन जाता था।

पहली बार जब मैंने सड़क पर गाड़ी चलाई, तो दिल में थोड़ा डर था। वजह भी साफ थी कि सड़क पर गाड़ी चलाना सिर्फ खुद को संभालना नहीं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी होता है। शुरुआत में हर मोड़ और हर ब्रेक पर घबराहट महसूस होती थी, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया और अभ्यास बढ़ता गया, मेरे अंदर आत्मविश्वास भी बढ़ने लगा। धीरे-धीरे डर की जगह विश्वास ने ले ली और ड्राइविंग मुझे मुश्किल नहीं, बल्कि आनंददायक लगने लगी।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो महसूस करती हूं कि मेरे परिवार के सहयोग और मेरे खुद के हौसले की वजह से ही मैं आज इतनी आत्मविश्वास से गाड़ी चला पाती हूं। यह अनुभव मेरे लिए सिर्फ एक नई स्किल सीखने का नहीं था, बल्कि खुद पर भरोसा करना और अपने डर को हराना सीखने का भी था। सच में, मेरा ड्राइविंग का अनुभव बहुत अच्छा रहा, क्योंकि इसमें मेहनत, साहस और अपनों का साथ तीनों शामिल थे। गाड़ी सीखने के शुरुआती दिनों में कई बार ऐसा हुआ कि चलते-चलते गाड़ी बंद हो जाती, क्लच ठीक से संभलता नहीं था और गियर बदलते समय समझ ही नहीं आता था कि क्या करूं। बीच सड़क पर ट्रैफिक चल रहा होता और मेरी गाड़ी रुकी खड़ी रहती, तो एक पल के लिए लगता था कि शायद मुझसे नहीं हो पाएगा, लेकिन अगले ही क्षण मैंने खुद को हौसला दिया, नहीं मुझे यह जरूर सीखना है। यही आत्मविश्वास धीरे-धीरे मेरे डर को ताकत में बदलता गया और आखिरकार मैं सफल हो गई।

***-प्रगति श्रीवास्तव, वाइस प्रिंसिपल, सरयू इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या।***

**काम की बात**

## होली के रंगों से अपनी कार को ऐसे रखें सुरक्षित

होली खुशियों, उमंग और रंगों का त्योहार है। इस दिन लोग खुलकर जश्न मनाते हैं, लेकिन यही रंग और पानी हमारी कार के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। हवा में उड़ता गुलाल, पानी से भरे गुब्बारे और केमिकल युक्त रंग कार के पेंट पर जिद्दी दाग छोड़ जाते हैं। कई बार ये निशान इतने गहरे हो जाते हैं कि उन्हें हटाने के लिए प्रोफेशनल डिटेलिंग की जरूरत पड़ती है। अगर आप चाहते हैं कि होली के बाद भी आपकी कार पहले जैसी चमकती रहे, तो कुछ आसान सावधानियां अपनाना जरूरी है।

### सही जगह पार्किंग

कोशिश करें कि होली के दिन कार को कवर पार्किंग में ही खड़ा करें। यदि ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो अच्छी क्वालिटी का कार कवर जरूर इस्तेमाल करें। यह कवर रंगों के साथ-साथ धूल, धूप और अन्य बाहरी तत्वों से भी सुरक्षा प्रदान करता है। अगर कवर भी उपलब्ध न हो, तो कार को ऐसी जगह पार्क करें, जहां होली खेलने वाली भीड़ के पहुंचने की संभावना कम हो।

### कार पर वैक्स की परत

वैक्स पेंट के ऊपर एक सुरक्षात्मक लेयर बना देता है, जिससे रंग सीधे पेंट पर नहीं चिपकते। इससे बाद में सफाई करना भी आसान हो जाता है। इसके अतिरिक्त, वैक्स कार को तेज धूप, धूल और पक्षियों की बीट से भी बचाने में मदद करता है। होली से पहले एक बार वैक्स करवा लेना समझदारी भरा कदम हो सकता है।

### खिड़कियां बंद रखना बेहद जरूरी

अक्सर लोग जल्दी में कार पार्क करते समय खिड़कियां पूरी तरह ऊपर करना भूल जाते हैं। इससे रंग या पानी कार के अंदर जा सकता है। खिड़कियां बंद रखने से न केवल केबिन सुरक्षित रहता है, बल्कि धूल और कीड़े-मकोड़े भी अंदर नहीं आते। यह आदत सिर्फ होली के लिए ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।

### कार का इंटीरियर

कार के इंटीरियर की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है, जितनी बाहरी हिस्से की। यदि आप होली खेलकर लौट रहे हैं, तो कोशिश करें कि गीले या रंग लगे कपड़ों में सीधे कार में न बैठें। बेहतर होगा कि एक जोड़ी अतिरिक्त कपड़े साथ रखें। अगर कपड़े बदलना संभव न हो, तो सीट पर तौलिया बिछा लें ताकि रंग सीधे सीट से संपर्क में न आए। डैशबोर्ड और अन्य हिस्सों को बचाने के लिए प्लास्टिक शीट या कवर का उपयोग किया जा सकता है।

### अच्छे शैंपू से धोएं कार

यदि सभी सावधानियों के बावजूद कार पर रंग लग ही जाए, तो देर न करें। जितनी जल्दी सफाई की जाएगी, दाग उतनी आसानी से हटेंगे। कार को साफ पानी और अच्छे कार शैंपू से धोएं। कठोर केमिकल का उपयोग करने से बचें, क्योंकि इससे पेंट को नुकसान हो सकता है। इंटीरियर की सफाई के लिए भरोसेमंद क्लीनर का इस्तेमाल करें।



## सड़कों का महाजाल: नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे के बीच का अंतर

*भारत का सड़क नेटवर्क आज दुनिया के सबसे विशाल और सुदृढ़ नेटवर्कों में से एक गिना जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक फैली ये सड़कें देश की अर्थव्यवस्था की धमनियां हैं। जब भी हम लंबी दूरी की यात्रा की योजना बनाते हैं, तो दो शब्द अक्सर सुनने को मिलते हैं: नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे। हालांकि आम बोलचाल में लोग इन्हें एक ही समझ लेते हैं, लेकिन तकनीकी, सुरक्षा और सुविधा के मामले में इनके बीच जमीन-आसमान का अंतर है। आइए आपको इनके बीच का अंतर बताते हैं।*



### नेशनल हाईवे

नेशनल हाईवे यानी राष्ट्रीय राजमार्ग, भारत के वे प्राथमिक मार्ग हैं, जो राज्यों की राजधानियों, बड़े औद्योगिक केंद्रों, महत्वपूर्ण बंदरगाहों और रणनीतिक सीमावर्ती क्षेत्रों को आपस में जोड़ते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य अंतर्राज्यीय परिवहन को सुगम बनाना है।

### प्रबंधन और विस्तार

इनका निर्माण और रख-रखाव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के अंतर्गत भारतीय नेशनल हाईवे प्राधिकरण (NHAI) द्वारा किया जाता है। वर्तमान में भारत में 200 से अधिक मुख्य नेशनल हाईवे हैं, जिनका नेटवर्क लगभग 1.3 लाख किलोमीटर तक फैला हुआ है।

### बनावट और गति

ये सड़कें सामान्यतः दो से चार लेन की होती हैं। नेशनल हाईवे की एक मुख्य विशेषता यह है कि ये शहरों और कस्बों के बीच से होकर गुजरते हैं, जिससे स्थानीय यातायात भी इसमें शामिल हो जाता है। यहां कारों के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किमी/घंटा और दोपहिया वाहनों के लिए 80 किमी/घंटा निर्धारित की गई है।

- **एक रोचक तथ्य** – भारत का सबसे लंबा राजमार्ग NH-44 है, जो उत्तर में श्रीनगर से शुरू होकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक 3,745 किलोमीटर की अविश्वसनीय दूरी तय करता है।
- **एक्सप्रेसवे** – एक्सप्रेसवे को आप 'हाईवे का एडवांस वर्जन' कह सकते हैं। ये विशेष रूप से उच्च गति और निर्बाध यात्रा के लिए डिजाइन किए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य दो बड़े बिंदुओं के बीच यात्रा के समय को न्यूनतम करना है।
- **कंट्रोल्ड ऐक्सेस**– एक्सप्रेसवे की सबसे बड़ी खासियत इसका 'कंट्रोल एक्सेस' होना है। इसका मतलब है कि आप अपनी मर्जी से कहीं से भी सड़क पर नहीं चढ़ सकते और न ही उतर सकते हैं। इसके लिए विशिष्ट 'एंट्री' और 'एग्जिट' पॉइंट्स बनाए जाते हैं।
- **लेन और सुविधाएं**– एक्सप्रेसवे आमतौर पर 6 से 8 लेन के होते हैं। यहां बीच में कोई चौराहे या रेड लाइट नहीं होती। सुरक्षा के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और सर्विस लेन की व्यापक व्यवस्था होती है। उत्तर प्रदेश का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे (302 किमी) इसकी आधुनिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।
- **रफ्तार का रोमांच**– एक्सप्रेसवे पर कारों के लिए गति सीमा 120 किमी/घंटा तक होती है। यहां छोटे रास्ते या गलियां सीधा नहीं जुड़तीं, जिससे दुर्घटना की संभावना काफी कम हो जाती है।

### मुख्य अंतर

- **ऐक्सेस कंट्रोल**– हाईवे पर कई छोटे रास्ते जुड़ते हैं, जबकि एक्सप्रेसवे पर केवल निर्धारित एंट्री-एग्जिट पॉइंट होते हैं।
- **सुरक्षा और चौड़ाई**– एक्सप्रेसवे ज्यादा चौड़े, सुरक्षित और तेज रफ्तार यात्रा के लिए बनाए जाते हैं।
- **वाहन नियम**– हाईवे पर दोपहिया चलते हैं, लेकिन एक्सप्रेसवे पर आमतौर पर इनकी अनुमति नहीं होती।
- **ड्राइविंग नियम**– हाईवे पर गति सीमा का पालन करें और छोटे कस्बों से गुजरते समय सावधानी बरतें।
- एक्सप्रेसवे पर लेन अनुशासन और निर्धारित प्रवेश-निकास का पालन अनिवार्य है।
- दोनों ही सड़कों पर ओवरस्पीडिंग और गलत दिशा में गाड़ी चलाना गंभीर अपराध माना जाता है।

## आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है भारत का इस्पात उद्योग

**नयी दिल्ली।** एक और जहां वैश्विक स्तर पर और चीन के इस्पात बाजार में गिरावट देखी जा रही है, वहीं भारत का इस्पात उद्योग लगभग आठ प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर बनाए हुए है। सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एडवांस्ड रोलिंग टेक्नोलॉजी' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईएमएमएस 2026) के उद्घाटन सत्र में सेल के निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (वाणिज्यिक - अतिरिक्त प्रभार) ए के पांडा ने कहा कि इस्पात उत्पादन की क्षमता तेजी से बढ़ रही है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, सोमवार, 2 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### एफपीआई ने फरवरी में की 37,847 करोड़ रुपये की लिवाली

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय पूंजी बाजार में 37,847 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की। शुद्ध लिवाली लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है। अक्टूबर 2025 के बाद यह पहला मौका है जब एफपीआई ने इक्विटी में शुद्ध रूप से लिवाली की है। डेट में भी उनका निवेश 18,791 करोड़ रुपये बढ़ा है। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों से उन्होंने 3,896 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है।

### दीपक गुप्ता ने गेल का चेयरमैन पद संभाला

**नयी दिल्ली।** ऊर्जा क्षेत्र के अनुभवी कार्यकारी दीपक गुप्ता ने देश की सबसे बड़ी गैस पारेषण और विपणन कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पद संभाल लिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियर गुप्ता को प्राकृतिक गैस पारेषण, विपणन और बुनियादी ढांचा विकास का व्यापक अनुभव है। उन्होंने संदीप कुमार गुप्ता का स्थान लिया है, जो 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। उनका कार्यकाल 28 फरवरी, 2029 तक होगा।

### आईआईएफसीएल के आईपीओ को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (आईआईएफसीएल) को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सरकार से जरूरी मंजूरी मिल गई है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आईपीओ प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आईआईएफसीएल के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक (एमडी) रोहित ऋषि ने बताया कि निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने इस मंजूरी के बारे में कंपनी को बताया है। आईआईएफसीएल में केंद्र सरकार की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## सतर्क रहें, सुरक्षित रहें



जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को समाज के हर वर्ग से युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की कोशिश करने वालों और आतंकी तंत्र को बनाए रखने के प्रयास करने वाले तत्वों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। श्री सिन्हा फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) द्वारा आयोजित 'आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लघु एवं सूक्ष्म उद्यम (एमएसएमई) अब जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था का आधार हैं। फोटो : एजेंसी

## फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से प्राप्त राजस्व में उच्च वृद्धि और घरेलू बिक्री में सुधार का इस वृद्धि में मुख्य योगदान रहा।

इस दौरान सकल घरेलू राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। कुल रिफंड 10.2 प्रतिशत बढ़कर 22,595 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये था। सितंबर, 2025 से लगभग 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की गई थी। साथ ही पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को मिलाकर पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब बनाए गए थे। इसके अलावा कुछ चुनिंदा अति-विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों के लिए अधिकतम 40 प्रतिशत का स्लैब रखा गया था। कर कटौती लागू होने के पहले महीने में जीएसटी संग्रह में शुरुआती गिरावट देखी गई और नवंबर में राजस्व घटकर 1.70 लाख करोड़ रुपये रह गया था।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार एम एस मणि ने कहा कि आंकड़े दर्शाते हैं कि उपभोग में हुई वृद्धि ने कर दरों में की गई कटौती की भरपाई कर दी है।

# ईरान संकट: पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक

### शुरू हो चुका व्यापार पर संघर्ष का असर, रुक गयी बंदर अब्बास के रास्त ईरान-अफगानिस्तान जाने वाली खेप

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी**

ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमलों के बाद हरियाणा के चावल निर्यातकों को ईरान और अफगानिस्तान जाने वाली खेप में व्यवधान और भुगतान में देरी का डर सता रहा है। पश्चिम एशिया में बिगड़ते सुरक्षा हालातों और होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से आवाजाही बाधित होने की आशंका के बीच शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालने की सलाह दी गयी है।




राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने रविवार को कहा कि व्यापार पर संघर्ष का कुछ असर पहले ही शुरू हो चुका है। ईरान के सबसे बड़े बंदरगाह- बंदर अब्बास के रास्ते ईरान या अफगानिस्तान जाने वाली खेप रुक गई है। जैन ने बताया कि स्थिति सुधरने तक ये खेप फंसी रहेगी, जिससे बाजार प्रभावित होगा। भुगतान में भी देरी हो सकती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रभाव का सटीक आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि संघर्ष कितने समय तक चलता है। बासमती निर्यात के बारे में जैन ने बताया कि भारत के कुल वार्षिक निर्यात में हरियाणा का योगदान लगभग 35 प्रतिशत है।

इसबीच इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) ने अपने सदस्यों को ईरान और खाड़ी के कुछ हिस्सों के लिए नए सीआईएफ (लागत, बीमा और माल ढुलाई) सौदों से बचने की सलाह दी है। फेडरेशन ने रविवार को जारी एक परामर्श में निर्यातकों से कहा है कि जहां तक संभव हो वे एफओबी (फ्री ऑन बोर्ड) शर्तों पर काम करें। इस व्यवस्था के तहत अंतरराष्ट्रीय खरीदार माल ढुलाई, बीमा और संबंधित जोखिमों को वहन करता है, जिससे भारतीय निर्यातक निश्चित मूल्य वाले अनुबंधों पर अचानक बढ़ने वाली लागत के जोखिम से बच जाते हैं।

निर्यातकों के निकाय ने चेतावनी दी कि ईरान और यूएई के घटनाक्रम 'बंकर' (मालवाहक जहाजों में प्रयुक्त ईंधन) की कीमतों को बढ़ा सकते हैं... कम समय के नोटिस पर कंटेनर और बल्क फ्रेट में भारी वृद्धि हो सकती है। साथ ही, बीमा प्रीमियम में भी तेज उछाल की आशंका जताई गई है। भारत के चावल निर्यात के लिए यह संकट काफी बड़ा है, क्योंकि अफ्रीका और पश्चिम एशिया को होने वाला निर्यात कुल राष्ट्रीय चावल निर्यात का लगभग आधा हिस्सा है। करनाल के चावल मिल मालिक नीरज कुमार ने कहा कि कल संघर्ष शुरू होने के बाद से अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। ईरान बासमती का हमारा सबसे बड़ा खरीदार है, जबकि इसका निर्यात यूएई, ओमान, यमन और इराक जैसे अन्य देशों में भी किया जाता है।

### सरकार-निर्यातकों-शिपिंग कंपनियों की बैठक आज

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध के हालातों के बीच भारतीय व्यापार पर इसके प्रभाव का आकलन करने के लिए वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में निर्यातकों, शिपिंग कंपनियों और विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि तेजी से बदलते हालात के बीच भारतीय व्यापार पर इसके असर को समझने के लिए आयोजित इस बैठक में कुछ लोग सीधे और कुछ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शामिल होंगे। निर्यातकों ने गहरी चिंता व्यक्त की है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से होर्मुज जलडमरूमध्य और बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग प्रभावित होंगे। ये मार्ग भारत को खाड़ी क्षेत्र, उत्तरी अमेरिका और यूरोप से जोड़ने के लिए जीवन रेखा माने जाते हैं।

## इजराइलः हाइफा बंदरगाह पूरी तरह सुरक्षितः अदाणी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

ईरान के साथ बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच अदाणी समूह ने रविवार को कहा कि इजराइल स्थित उसका 'हाइफा बंदरगाह' पूरी तरह सुरक्षित है और परिचालन की स्थिति में है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन (एपीएसईजेड) ने एक बयान में कहा कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और बंदरगाह की सभी संपत्तियां तथा बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के खिलाफ एक सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें हाइफा को भी निशाना बनाया गया है।

बयान में कहा गया, "हाइफा पोर्ट कंपनी पुष्टि करती है कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। बंदरगाह की सभी संपत्तियां और बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित एवं परिचालन की स्थिति में है।" हालांकि, बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ईरान के किसी ड्रोन या मिसाइल ने बंदरगाह को नुकसान पहुंचाया है या नहीं।

### तेल आपूर्ति पर कोई बड़ा खतरा नहीं, बढ़ सकती हैं कीमतें

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ईरान में गहराते संकट के कारण भारत को कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापक आर्थिक प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। विश्लेषकों की राय में हालांकि, देश की तेल आपूर्ति श्रृंखला को अभी तक किसी संरचनात्मक असुरक्षा का सामना नहीं करना पड़ा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 73 डॉलर प्रति बैरल के सात महीने के उच्चस्तर तक पहुंचा दिया है। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ गया है, जिससे मुद्रास्फीति और चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव बढ़ सकता है। हालांकि, निकट भविष्य में तेल आपूर्ति बाधित होने की संभावना कम है। केपलर के शीर्ष शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा कि मौजूदा स्थिति में शुरुआती प्रभाव मात्रा के बजाय कीमत आधारित होने की संभावना है।

## एयरटेल का स्पैम मैसेज रोकने के लिए गूगल से करार

**नयी दिल्ली।** निजी दूरसंचार कंपनी एयरटेल ने गूगल के आरसीएस प्लेटफार्म और स्पैम फिल्टर सुविधाओं के लिए उसके साथ एक करार किया है। कंपनी ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि एयरटेल के नेटवर्क इंटेलिजेंस और गूगल के रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज (आरसीएस) प्लेटफॉर्म तथा स्पैम फिल्टरिंग के संयोजन से उपयोगकर्ता अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो और वीडियो का अनुभव कर सकते हैं।

वे मैसेज रिएक्शन जैसे इंटरैक्टिव विकल्पों का भी लाभ उठा सकते हैं। साथ ही उन्नत सुरक्षा व्यवस्था के जरिये मोबाइल स्पैम और डिजिटल धोखाधड़ी काफी हद तक कम हो जायेगी। कंपनी ने बताया कि डिजिटल इकोसिस्टम के भीतर एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कमी अब भी मौजूद है। जिनका शातिर और संगठित धोखेबाजों द्वारा बढ़ते स्तर पर दुरुपयोग किया जा रहा है।

## टॉप नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.18 हजार करोड़ रुपये घटा

**मुंबई, एजेंसी**

- एयरटेल का एमकैप सर्वाधिक 55,852 करोड़ रुपये घटा

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही भारी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल नौ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 2,18,902 करोड़ रुपये घट गया जबकि हिंदुस्तान यूनीलिवर (एचयूएल) को एमकैप में फायदा हुआ है। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का एमकैप सबसे ज्यादा 55,852 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 37,580 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 34,846 करोड़ रुपये घट गया। बजाज फाइनेंस को एमकैप में 20,316 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस को 18,181 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सार्वजनिक क्षेत्र के एलआईसी का एमकैप 14,990 करोड़ रुपये कम हुआ। निर्माण एवं अभियांत्रिकी कंपनी एलएंडटी का बाजार पूंजीकरण 13,715 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का 13,061 करोड़ रुपये घट गया। आईसीआईसीआई बैंक को एमकैप में 10,360 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। एफएमसीजी कंपनी एचयूएल का एमकैप 5,463 करोड़ रुपये बढ़ा। बाजार पूंजीकरण के मामले में 18,86,833 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम है।

एचडीएफसी बैंक 13,65,659 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और स्टेट बैंक 11,09520 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है।

## धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक से इनकार

**नयी दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने कर्ज में डूबी वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा कर्ज अदायगी में की गई चूक के मामले में धूत भाइयों - राजकुमार नंदलाल धूत और प्रदीप नंदलाल धूत की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिसमें उनके खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला कार्यवाही शुरू करने को चुनौती दी गई थी।

धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही तब शुरू की गई थी, जब एसबीआई ने वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा ऋण चूक पर 5,353.78 करोड़ रुपये की मांग का नोटिस जारी किया था। वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज मुख्य कर्जदार थी, जिसके लिए ये दोनों भाई व्यक्तिगत गारंटर थे। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने पिछले साल जून में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ के पारित उन आदेशों को बरकरार रखते हुए इन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

## पहली अप्रैल से लागू होगी सीमा शुल्क बाद में भुगतान की योजना 'ईएमआई'

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि पात्र विनिर्माता आयातक (ईएमआई) योजना एक अप्रैल से लागू होगी। इसके तहत आयातक बिना सीमा शुल्क दिए अपने आयातित सामान निकाल सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि बाद में सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा उन पात्र विनिर्माता आयातकों (ईएमआई) के लिए उपलब्ध होगी जो सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अनुपालन, कारोबार, वित्तीय स्थिति अपने पिछले रिकॉर्ड से जुड़े तय मापदंड को पूरा करते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि इस सुधार से कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी, अनुपालन संस्कृति मजबूत होगी। एईओ (अधिकृत आर्थिक परिचालक) कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। मौजूदा एईओ-टी1 (अधिकृत आर्थिक परिचालक-




टी1) इकाई, जिनमें सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं, जो पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं, वे भी इस योजना के पात्र होंगे।

इसमें आगे कहा गया कि यह सुविधा एक अप्रैल, 2026 से उपलब्ध होगी, और 31 मार्च, 2028 तक लागू रहेगी।'''' इस पहल के तहत, ईएमआई से आयातित सामान लिया जा सकेगा, लेकिन उस समय सीमा शुल्क नहीं देना होगा। इसके बजाय, लागू शुल्क का भुगतान ''आयात शुल्क का बाद में भुगतान नियम-2016'' के तहत बाद में किया जा सकेगा। इससे विनिर्माता बेहतर तरीके से अपने नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी का प्रबंधन कर सकेंगे।

ईएमआई योजना को भरोसे पर आधारित सुविधा के तौर पर डिजाइन किया गया है, जो नियमों का पालन करने वाले विनिर्माताओं को आसान प्रक्रिया का लाभ उठाने का अवसर देती है। इसके अलावा इससे अनुपालन को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना की अवधि के दौरान, पात्र विनिर्माता आयातकों से से उम्मीद की जाती है कि वे धीरे-धीरे एईओ-टी2 या एईओ-टी3 का दर्जा हासिल कर लेंगे, जिससे एईओ कार्यक्रम के तहत उन्हें बेहतर सुविधा, तेज मंजूरी और प्राथमिकता वाला दर्जा मिल सके।

## राज्यों के बॉन्ड निर्गम में 'रीइश्यू' की 18.5 प्रतिशत हिस्सेदारी

**मुंबई, एजेंसी।** कुल राज्य विकास ऋण (एसडीएल) उधारी में 'रीइश्यू' (पुनर्निर्गम) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 18.5 प्रतिशत हो गई है। यह पिछले सात साल का उच्चतम स्तर है। इससे पता चलता है कि राज्यों में अपनी बढ़ी हुई वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा प्रतिभूतियों को फिर से खोलने का रुझान बढ़ रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के आधार पर एजेंसी द्वारा संकलित जानकारी के अनुसार, राज्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 10,32,788.8 करोड़ रुपये के एसडीएल निर्गम में लगभग 1,90,970 करोड़ रुपये पुनर्निर्गम के जरिये जुटाए। यह अनुपात वित्त वर्ष 2019-20 में दर्ज 17.29 प्रतिशत से अधिक है और पिछले कम से कम सात वित्त वर्षों में सबसे ऊंचा स्तर है।

**विस्तार**

### यूनिफॉर्म से लेकर एआई तक अगुवा बनने का इरादा

# अब शिक्षा क्षेत्र में दांव लगाने को तैयार मफतलाल समूह

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**

कभी मशहूर कपड़ा ब्रांड रहा अरविंद मफतलाल समूह अब शिक्षा क्षेत्र में बड़ा दांव लगाने जा रहा है। समूह का इरादा यूनिफॉर्म (स्कूलों, अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाली वर्दी) से लेकर कृत्रिम मेधा (एआई) तक की पेशकश करने का है। समूहके वाइस-चेयरमैन प्रियव्रत मफतलाल ने यह जानकारी दी।

समूह की प्रमुख कंपनी मफतलाल इंडस्ट्रीज कपड़ा, विशेषरूप से यूनिफॉर्म क्षेत्र पर खास ध्यान देगी। इसके साथ ही कंपनी प्रौद्योगिकी, भविष्य के कौशल, उद्यमिता और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता क्षेत्र पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। परिवार की तीसरी पीढ़ी से जुड़े प्रियव्रत मफतलाल ने एजेंसी के साथ साक्षात्कार में समूह की दीर्घावधि की महत्वाकांक्षा के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हम सिर्फ कपड़ा क्षेत्र के अलावा और भी बहुत कुछ कर रहे हैं...।

मफतलाल इंडस्ट्रीज जिसकी 120 साल से ज्यादा की विरासत है। स्कूल, कॉरपोरेट और अस्पतालों के लिए यूनिफॉर्म या वर्दी बनाने वाली एक बड़ी कंपनी है। समूह की दूसरी कंपनियों में रबड़ केमिकल बनाने वाली एनओसीआईएल, भविष्य के कौशल पर केंद्रित लर्निंग स्टार्टअप '' गेट सेट लर्न'' और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी व्रत टेक साल्यूशंस शामिल हैं।



प्रियव्रत मफतलाल

उन्होंने कहा कि कपड़ा स्पष्ट तौर पर हमारा मुख्य क्षेत्र है। यूनिफॉर्म ऐसी चीज़ है जिसे हम बदलना चाहते हैं...आज किसी के पास कपड़ा खरीदने, दर्जी के पास जाने का समय नहीं है। आप चाहते हैं कि सिलेसिलाए कपड़े आपके घर आएं, खासकर यूनिफॉर्म के लिए।''''

मफतलाल ने कहा, हालांकि कुछ कंपनियां घर पर रेडिमेड यूनिफॉर्म की आपूर्ति कर रही हैं, लेकिन अगर हम इसे बड़े पैमाने पर कर सकें, तो यह एक बड़ा बदलाव होगा। शिक्षा के क्षेत्र में, उन्होंने कहा कि समूह स्तर पर, हम शायद दुनिया के अकेले या उन कुछ खिलाड़ियों में से एक के तौर पर स्थापित होना चाहेंगे जो आपको यूनिफॉर्म से लेकर एआई तक सब कुछ दे रहे हैं।

बताया-हम सरकारी स्कूलों में कक्षाओं को डिजिटल कर रहे हैं। उन्हीं सरकारी स्कूलों के साथ, अब हम आईसीटी लैब, पीएएल लैब और रोबोटिक लैब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। 'गेट सेट लर्न' का ज़िक्र करते हुए, मफतलाल ने कहा कि यह सिर्फ भविष्य के कौशल... उद्यमिता और भविष्य के उद्यमिता रोबोटिक्स, एआई, करियर और जीवन में काम आने वाले कौशल पर काम कर रही है। हम इसे दुनिया के कुछ सबसे बड़े नामों जैसे हार्वर्ड, कैम्ब्रिज, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी रुड़की, वीईएक्स... के साथ बना रहे हैं। वे भविष्य के कौशल के तहत आने वाले इस सफर पर मिलकर चलने के लिए हमारे साथ भागीदारी कर रहे हैं। यह बताते हुए कि समूह स्वच्छता क्षेत्र में स्क्रब, अस्पताल कर्मियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी, डायपर और सैनिटरी नैपकिन में भी मुख्य रूप से शामिल है।

## सावधान ! 'सिम बाइंडिंग' नियम लागू बिना सिम कार्ड नहीं चलेगा व्हाट्सएप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में डिजिटल सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए भारत सरकार ने आज, 1 मार्च 2026 से मैसेजिंग ऐप्स के लिए नए 'सिम बाइंडिंग' (SIM Binding) नियमों को अनिवार्य कर दिया है। अब व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे प्लेटफॉर्म्स का उपयोग केवल तभी किया जा सकेगा जब संबंधित मोबाइल नंबर का फिजिकल सिम कार्ड डिवाइस में सक्रिय रूप से मौजूद हो। क्या है नया नियम? दूरसंचार विभाग (DoT) के टेलीकॉम साइबर सिक्योरिटी (TCS) रूल्स, 2024 के तहत




अब मैसेजिंग ऐप्स का सीधा जुड़ाव सक्रिय सिम कार्ड से होगा। पहले केवल एक बार OTP के जरिए वेरिफिकेशन होता था, जिसके बाद सिम हटा देने पर भी ऐप चलता रहता था। लेकिन अब सिम कार्ड निकालते ही या इनएक्टिव होते ही व्हाट्सएप काम करना बंद कर देगा। व्हाट्सएप वेब पर भी सख्ती डेस्कटॉप या लैपटॉप पर व्हाट्सएप वेब इस्तेमाल करने वालों को अब हर 6 घंटे में ऑटो-लॉगआउट का सामना करना पड़ेगा। दोबारा लॉगिन के लिए यूजर को अपने उसी प्राइमरी फोन की जरूरत होगी जिसमें सिम कार्ड लगा है।

यह कदम साइबर अपराधियों द्वारा वेब वर्जन के जरिए किए जाने वाले अवैध एक्सेस को रोकने के लिए उठाया गया है। इन ऐप्स पर पड़ेगा असर यह नियम उन सभी ऐप्स पर लागू है जो मोबाइल नंबर आधारित लॉगिन का उपयोग करते हैं, जिनमें WhatsApp, Telegram, Signal, Snapchat, JioChat और Arattai शामिल हैं।

# अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस पर पाकिस्तानी हमले को किया नाकाम

● पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार सुबह की थी हमले की कोशिश

काबुल, एजेंसी

पाकिस्तानी सेना ने रविवार सुबह बगराम एयरबेस पर हमला करने की कोशिश की लेकिन देश की रक्षा प्रणाली ने इसे नाकाम कर दिया । पझवोक अफगान न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी गयी है। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय ने कहा कि सुबह करीब 5:00 बजे पाकिस्तानी सेना के कई जेट विमानों ने बगराम एयरबेस पर हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया, बगराम की बहादुर रक्षात्मक और वायु सेना के तुरंत जवाब से दुश्मन की हरकतों को बेअसर कर दिया गया और एक जरूरी तथा निर्णायक जवाब दिया गया। अब तक इलाके में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और स्थिति पूरी तरह से सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है। पुलिस मुख्यालय ने इस बात पर जोर दिया कि देश के हवाई क्षेत्र और देश की आजादी की रक्षा करना एक बुनियादी और अहम जिम्मेदारी है। अफगानिस्तान के इलाके, लोगों या मूल्यों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब सही और निर्णायक तरीकों से दिया जाएगा। गौरतलब है कि 21 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका में एक मदरसे और नंगरहार में रिहायशी इलाकों पर हवाई हमले किए, जिसमें दस से अधिक लोगों की मौत हो गयी थी। इसके बाद 27 फरवरी को अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने डूरंड रेखा पर पाकिस्तानी सेना की चौकियों और सैन्य केंद्रों पर जवाबी हमले किए, जिसमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ।



## क्या टूट जाएगी तेल की धारा

होर्मुज जलडमरूमध्य वर्तमान वैश्विक भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था का वह चोक पॉइंट है, जिसकी धड़कनें रुकने का अर्थ है पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था का थम जाना। इसे दुनिया की तेल की जीवन रेखा कहा जाता है। जब भी मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, चाहे वह ईरान-इजराइल संघर्ष हो या ईरान-अमेरिका टकराव, ईरान अक्सर इस रास्ते को बंद करने की धमकी देता है। इस बार अमेरिकी-इजराइली हमले के बाद भी उसने यह धमकी दी है। ईरान के पास इस जलडमरूमध्य की भौगोलिक स्थिति का लाभ है, इसका पूरा उत्तरी तट ईरान के नियंत्रण में है। यदि ईरान इस रास्ते को बंद करता है, तो केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि एक वैश्विक आर्थिक सुनामी होगी। तेल की कीमतों में उछाल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का टूटना और ऊर्जा सुरक्षा पर मंडराता खतरा दुनिया को एक गहरी मंदी की ओर धकेल सकता है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य



### कच्चे तेल का अहम रास्ता

● होर्मुज जलडमरूमध्य केवल पानी का एक संकरा रास्ता नहीं है, बल्कि यह आधुनिक सभ्यता के पहियों को घुमाने वाला मुख्य धमन मार्ग है। भौगोलिक दृष्टि से यह उत्तर में ईरान और दक्षिण में ओमान व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच स्थित है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। इसकी सबसे कम चौड़ाई मात्र 33 किलोमीटर के आसपास है, लेकिन इसका महत्व इसकी चौड़ाई से कहीं अधिक विशाल है। दुनिया भर में खपत होने वाले कुल कच्चे तेल का लगभग 20% से 30% हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। सांख्यिकीय दृष्टि से देखें तो प्रतिदिन लगभग 1.9 से 2.1 करोड़ बैरल तेल यहाँ से टैंकरों के माध्यम से निकलता है।

### भारत के लिए गहरा संकट

● भारत अपनी जरूरत का 85% कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा फारस की खाड़ी से आता है।

● आर्थिक झटका : तेल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी भी भारत के राजकोषीय घाटे को बढ़ा देती है। यदि कीमतें दोगुनी हुईं, तो भारतीय रुपया ऐतिहासिक गिरावट देख सकता है।

● पेट्रोल-डीजल के दाम : देश में ईंधन की कीमतें आसमान छूने लगेंगी, जिससे माल ढुलाई महंगी होगी और आम आदमी की थाली पर सीधा असर पड़ेगा।

● ऊर्जा सुरक्षा : भारत के रणनीतिक तेल भंडार केवल कुछ ही दिनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर सकते हैं। लंबे समय तक रास्ता बंद रहने पर उद्योग ठप हो सकते हैं।

● प्रवासी भारतीय : खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं। युद्ध की स्थिति में उनकी सुरक्षा और वहां से आने वाले रेमिटेंस (धन प्रेषण) पर खतरा मंडराएगा।

### दुनिया के सामने क्या हैं विकल्प

● पाइपलाइन का विस्तार : सऊदी अरब ने ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन बनाई है जो तेल को लाल सागर तक ले जा सकती है। इसी तरह यूएई ने हबशान-फुजैराह पाइपलाइन बनाई है।

● रणनीतिक भंडार : भारत, अमेरिका और चीन जैसे देश अपने जमीन के नीचे स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व कर रहे हैं ताकि संकट के समय 15-90 दिनों तक काम चल सके।

● नवीकरणीय ऊर्जा : इस निर्भरता को कम करने का दीर्घकालिक समाधान सौर, पवन और हाइड्रोजन ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना है।

● कूटनीति : अमेरिकी टास्क फोर्स इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अजय डबास डेल्टा फोर्स के जीओसी बने

**जम्मू।** मेजर जनरल अजय सिंह डबास ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-रोधी बल (डेल्टा) की कमान संभाल ली है। उन्होंने मेजर जनरल ए.पी. एस. बल का स्थान लिया है। डेल्टा फोर्स का गठन पांच सितंबर 1994 को हुआ था और इसका मुख्यालय रामबन जिले के बटोटे क्षेत्र में स्थित है। यह बल चेनाब घाटी के रामबन, किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकवाद को काफी हद तक समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। पदभार संभालने के बाद, मेजर जनरल डबास ने युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तकें जारी

**नई दिल्ली।** ब्लूम्सबरी इंडिया ने अपनी पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तके जारी कीं, जिनमें हैरी पॉटर के अलग-अलग पात्रों से जुड़ी कहानियों के अहम पल और मजेदार जानकारियां शामिल हैं। ये दोनों पुस्तकें लूना लवगुड और एल्बस डंबलडोर के किरदारों को समर्पित हैं। पिछले साल हैरी पॉटर, रॉन वीस्ली और हर्मियोनी ग्रेंजर पर आधारित पुस्तकें पॉकेट पॉटर्स के नाम से जारी हुई थीं। भारत में हैरी पॉटर के आधिकारिक प्रकाशक ब्लूम्सबरी ने बताया कि डॉबी और हैग्रिड पर आधारित अतिरिक्त पुस्तकें अगस्त में जारी किए जाने की योजना है।

### सीजेआई ने तिरुमला मंदिर में की पूजा

**तिरुमला।** मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने रविवार सुबह विश्व प्रसिद्ध तिरुमला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सीजेआई का पद संभालने के बाद शनिवार शाम मंदिर नगरी का अपना पहला दौरा किया है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के पुजारियों और अधिकारियों ने मुख्य मंदिर परिसर के महाद्वारम पर आगमन के समय उनका पारंपरिक स्वागत किया।

### कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान स्थित (केएनपी) कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा तथा इसे वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यादव ने राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय उद्यान के अंदर पालपुर किले के पास कूनो नदी में 53 घड़ियाल और 25 कछुओं को छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि घड़ियाल और कछुओं की आबादी का संरक्षण और संवर्धन किया जा रहा है।

# कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया

## प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश में एक जनसभा में विपक्षी पार्टी पर साधा निशाना

● पुडुचेरी में 2700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की

पुडुचेरी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि इस केंद्र शासित प्रदेश में उसका शासन राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार से ग्रस्त था, तथा यह केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम की तरह था। द्रमुक पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जनता पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में हो रहे घोटालों की एक लंबी सूची देख सकती है, जहां द्रविड़ पार्टी का शासन है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुडुचेरी में कांग्रेस के पूर्व शासनकाल के दौरान राशन की दुकानों में चावल नहीं था, वेतन में देरी होती थी, और सड़कों पर गुंडे तथा ड्रग माफिया का राज था। मोदी ने यहां नई परियोजनाओं की शुरुआत और नई पहलों के लिए आधारशिला रखने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रमुक पुडुचेरी के विकास पथ में गतिरोधक बन गए हैं। यहां 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को केवल राज्यों के लिए बनाई गई पूंजी निवेश से जुड़ी विशेष सहायता योजना में शामिल किया है।

स्वतंत्रता आंदोलन में पुडुचेरी क्षेत्र की भूमिका की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक हमें एक विकसित पुडुचेरी, एक विकसित भारत का निर्माण करना होगा, पुडुचेरी की डबल इंजन सरकार इस मिशन में आपके साथ है और हम सर्वश्रेष्ठ पुडुचेरी के लिए काम करते रहेंगे।



पुडुचेरी में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

### युवाओं के सपने साकार करने को कर रहे काम

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना में शामिल किया है, जो केवल राज्यों के लिए है। उन्होंने कहा कि इस कदम से सड़कों सहित बेहतर बुनियादी ढांचे के रूप में केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पांडिचेरी विश्वविद्यालय में भी बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया गया है। उन्होंने कहा, सशक्त युवा ही विकास की नींव हैं। हम उनके सपनों को साकार करने के लिए काम कर रहे हैं। एनआईटी कराईकल में नया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और आधुनिक छात्रावास सुविधाएं कई छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा को मजबूत करेंगी।

### पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने की मांग

एआईएनआरसी-भाजपा गठबंधन सरकार के प्रमुख मुख्यमंत्री एन रंगासामी ने प्रधानमंत्री से पुडुचेरी की राज्य का दर्जा देने की मांग को स्वीकार करने की अपील की। कार्यक्रम में अपने भाषण में उन्होंने कहा कि पुडुचेरी वर्षों से लगातार राज्य का दर्जा देने की गुहार लगा रहा है और प्रस्तावों के माध्यम से केंद्र से मांग कर रहा है। रंगासामी ने कहा कि विधानसभा में 13 मौकों पर प्रस्ताव पारित किए गए जिन्हें पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने के लिए केंद्र को भेजा गया। उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा देने की मांग पुडुचेरी के लोगों की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री हमारी मांग मान लेंगे।

## जम्मू में सुशासन सम्मेलन कराएगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग जम्मू-कश्मीर सरकार के सहयोग से तीन मार्च को जम्मू में एक-दिवसीय राष्ट्रीय सुशासन सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश भर के जिलों द्वारा अपनाई गई उन नवोन्मेषी शासन पद्धतियों को प्रदर्शित और प्रसारित करना है, जिनसे सेवा वितरण, नागरिक कल्याण और स्थानीय विकास में सुधार हुआ है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन करेंगे। कार्मिक मंत्रालय के मुताबिक, सम्मेलन का विषय 'जिलों का समग्र विकासः विकसित भारत के लिए शासन में परिवर्तन' है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित 2023 और 2024 की योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले सत्र से होगा, जिसमें एलुरु (आंध्र प्रदेश), गोमती (त्रिपुरा), कोरापुट (ओडिशा) और करगिल सहित विभिन्न जिलों एवं संस्थानों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी। सम्मेलन में उन शासन मॉडल को प्रदर्शित किया जाएगा, जिन्हें लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों की विभिन्न श्रेणियों के तहत मान्यता प्राप्त हुई है।

# प. बंगाल की मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटाया गया

● भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया दावा

कूच बिहार, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध प्रवासियों का समय समाप्त हो गया है। नवीन का यह बयान पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची के प्रकाशन के एक दिन बाद है, जिसमें 63.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं।

कूच बिहार में पार्टी की परिक्रमा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि जिन्हें मतदाता सूची से हटाया गया है वे घुसपैठिए थे, जो सरकारी नौकरियों और वास्तविक नागरिकों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे। उन्होंने कहा, मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। ये न केवल वैध नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रहे थे, बल्कि देश की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे थे। नवीन ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फर्जी दस्तावेज हासिल करने में मदद करके घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान किया। नवीन ने तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा, ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया।



### तो मूल निवासी अल्पसंख्यक बन जाएंगे: नड्डा

कृष्णानगर। केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर घुसपैठियों की मदद का आरोप लगाते हुए दावा किया कि इसके कारण पश्चिम बंगाल के मूल निवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। नड्डा ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य को घुसपैठियों का केंद्र बनाने की कोशिश कर रही है।

## विकसित भारत युवाओं की आकांक्षाओं पर आधारित

● परमेश्वरन स्मृति व्याख्यानमाला में बोले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 का विजन भारत के युवाओं की आकांक्षाओं में निहित है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार से होने वाले बदलावों के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की।

सिंह ने शनिवार को यहां पांचवें पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा सशक्त युवा प्रतिभाओं, एक मजबूत अनुसंधान प्रणाली और साहसिक नीतिगत सुधारों पर आधारित होगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' देश के युवाओं को समर्पित है और केंद्र सरकार ने युवा सशक्तिकरण को शासन के केंद्र में रखा है। सिंह ने प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विवि व संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, साथ ही अटल नवाचार मिशन और अटल टिंकरिंग लैब का उल्लेख किया, जो स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में प्रगति की है, जो नवाचार और अनुसंधान के केंद्र के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।

## महासमुंद जिले में 15 नक्सलियों ने डाले हथियार

**महासमुंद।** माओवादियों के संगठन में विशेष क्षेत्रीय समिति स्तर के सदस्य विकास सहित 15 नक्सलियों ने रविवार को महासमुंद जिले में सुरक्षाकर्मियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में नौ महिलाएं भी शामिल हैं। ये नक्सली प्रतिबंधित संगठन के बालांगीर-बरगढ़-महासमुंद डिवीजन से संबंधित थे और छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर सक्रिय थे। छत्तीसगढ़ के गृह विभाग की भी जिम्मेदार संभाल रहे शर्मा ने इस घटनाक्रम को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## प्रशिक्षण देने त्रिंकोमाली पहुंचा आईएनएस तरंगिनी

● श्रीलंका की नौसेना के चयनित जवान पोत पर होंगे सवार

नई दिल्ली/कोलंबो, एजेंसी

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण पोत आईएनएस तरंगिनी एक प्रशिक्षण यात्रा के हिस्से के रूप में श्रीलंका के त्रिंकोमाली बंदरगाह पहुंच गया है। नौसेना प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि यात्रा के दौरान तरंगिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने पूर्वी नौसेना क्षेत्र के उप कमांडर कोमोडोर हरिता जयदेवत से मुलाकात की और पाल प्रशिक्षण में सहयोग पर चर्चा की।

जहाज ने श्रीलंकाई सैनिकों, उनके परिवारों और प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए जहाज पर एक परिचय दौरे की मेजबानी की। जहाज के इस बंदरगाह प्रवास के दौरान सामुदायिक जुड़ाव गतिविधियों और प्रशिक्षण आदान-प्रदान की योजना बनाई गई है। श्रीलंका नौसेना और समुद्री अकादमी के चयनित प्रशिक्षु अधिकारी कोलंबो तक की यात्रा के लिए आईएनएस तरंगिनी पर सवार होंगे। इस यात्रा के दौरान, प्रशिक्षुओं को पाल प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जाएगा। आईएनएस तरंगिनी की संकल्पना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध डिजाइनर कॉलिन मुडी ने की थी और इसका निर्माण स्वदेशी रूप से गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में किया गया था। पोत में एक मजबूत स्टील हल है और एल्युमीनियम डेकहाउस है और सागौन लकड़ी की बारीक नक्काशी से इसके आंतरिक भाग को सजाया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज व्यवसाय में वृद्धि हेतु कुछ धन का निवेश कर सकते हैं। पुराने संपर्क से लाभ होगा। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला** — आज नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों के कारण लोकप्रियता बढ़ेगी। धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें।

**वृष** — आज नया काम शुरु न करें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है।

**वृश्चिक** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। अनुभवी लोगों से आपके संबंध मधुर होंगे।

**मिथुन** — आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। बिजनेस में नए अनुबंध हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। शरीर मे थकावट व ऊर्जा में कमी महसूस करेंगे। काम का दबाव बढ़ने से आप थोड़े नाखुश रहेंगे।

**कर्क** — आज आपकी योजनाएं समय पर पूर्ण होंगी। कारोबार में नए प्रयोग लाभकारी हो सकते हैं। मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा।

**मकर** — आज कोई बड़ा निर्णय न लें। व्यापार में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। नई जॉब ढूंढ रहे लोगों को परेशानी होगी।

**सिंह** — आज अव्यावहारिक निर्णय लेने से आपको बचना चाहिए। प्रेम-संबंधों में निकटता बढ़ेगी। धार्मिक लोग किसी साधना को लेकर विचारशील रहेंगे।

**कुंभ** — आज अपनी क्षमता से अधिक खर्च का बजट न बनाएं। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस से बहस होने की आशंका है।

**कन्या** — आज सहकर्मी आपकी सहायता करेंगे। संपत्ति के विवादों में समझौता हो सकता है। कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान कर सकते हैं।

**मीन** — आज प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान व आर्थिक लाभ दोनों प्राप्त होंगे। आप अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

## सिद्धार्थ चटर्जी वियना स्थित थिंक टैंक की संभालेंगे कमान

● बनाए गए ग्लोबल नेबर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

बीजिंग, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के भारतीय मूल के अनुभवी राजनयिक सिद्धार्थ चटर्जी को वियना स्थित थिंक टैंक ग्लोबल नेबर्स का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। चीन में रविवार को संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर (आरसी) के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद चटर्जी (62) की यह नियुक्ति हुई है।

चीन में 2021 में संयुक्त राष्ट्र के 26 कार्यालयों के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति काफी चर्चा में रही थी क्योंकि यह पूर्वी लद्दाख गतिरोध को लेकर भारत-चीन तनाव के बीच हुई थी। भारत में पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र रहे चटर्जी ने संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने से पहले भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दी थीं और उन्हें 1995 में वीरता के लिए सम्मानित किया गया था। ग्लोबल नेबर्स द्वारा जारी बयान में कहा गया कि चटर्जी को दो मार्च से प्रभावी रूप से इसका सीईओ नियुक्त किया गया है। ग्लोबल नेबर्सकी स्थापना 2022 में उद्यमी जोवांका पोर्श, ऑस्ट्रिया के पूर्व चांसलर क्रिश्चियन केर्न और जर्मनी के पूर्व उप-चांसलर फिलिप रोस्लर ने की थी। इसका उद्देश्य व्यापार, राजनीति और समाज के हितधारकों के बीच तथ्य-आधारित संवाद के लिए एक मंच तैयार कर यूरोप, एशिया और अन्य क्षेत्रों के बीच सेतु का निर्माण करना है।

भारतीय संगीत परंपरा | उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने केरल के त्रिशूर में रखी चेतना गणाश्रम की नींव

# लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है संगीत

● भारत में संगीत की समृद्ध परंपरा हजारों साल पुरानी

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि भारत में संगीत एक ऐसा शक्तिशाली सूत्र है, जो लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने यहां नादतारा में कुरियाकोस इलियास सर्विस सोसाइटी की पहल गणाश्रम (संगीत-आध्यात्मिक केंद्र) के शिलान्यास समारोह में यह बात कही। राधाकृष्णन ने कहा, भारत की अपनी समृद्ध संगीत परंपरा है, जो हजारों साल पुरानी है।

भारत का संगीत एक आध्यात्मिक सफर, ध्यान, प्रार्थना और जीवन का उत्सव है। संगीत लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने कहा कि भारत की बात करते समय हम एक प्राचीन सभ्यता की बात करते हैं, जिसकी आत्मा संगीत में अपनी शुद्धतम अभिव्यक्ति पाती है। उन्होंने कहा, वेदों के स्तोत्रों से लेकर संतों की भावपूर्ण अभिव्यक्तियों तक, संगीत हमारी सभ्यता में पवित्र गंगा की तरह बहता रहा है। उन्होंने कहा कि सामवेद के मंत्र दुनिया में व्यवस्थित संगीत के शुरुआती आधारों में से हैं। उन्होंने कहा, चोल राजाओं द्वारा निर्मित मंदिरों में प्राचीन दक्षिण भारत की संगीत संस्कृति के जीवंत प्रमाण मिलते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भारत की संगीत विरासत अत्यंत प्राचीन है। उन्होंने कहा कि भारत में संगीत परंपराओं की बड़ी विविधता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर की हिंदुस्तानी और दक्षिण की कर्नाटक शास्त्रीय परंपराएं ध्वनि की गहन प्रणालियां हैं, जिन्हें सदियों से महान गुरुओं ने समृद्ध किया है। उन्होंने कहा, त्यागराज की अमर रचनाएं आज भी मन में नयी उमंग भर देती हैं। तानसेन की प्रतिभा इतिहास में गूंजती है।



### हमारे भीतर की भावना से जुड़ता है सप्तस्वर

राधाकृष्णन ने कहा कि पश्चिमी संगीत हो या भारतीय, दुनिया भर में स्वर तो सात ही हैं। उन्होंने कहा, प्रत्येक सप्तस्वर हमारे भीतर की भावनाओं से जुड़ता है। एक सुकून देने वाला राग चिंता कम कर सकता है, भक्तिमय रचना मनोबल बढ़ा सकती है और जीवंत धुन ऊर्जा भर सकती है।" उन्होंने कहा, संगीत और ध्यान के जरिए सभी धर्मों के लोगों को एक आध्यात्मिक छत्र के नीचे लाने के लिए मैं गणाश्रम की सराहना करता हूं। राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 17 .55 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्लेशा 19 .51 तक तत्पश्चात मघा।

### सुडोकू - 76 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |

### सुडोकू -77

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | | | 1 | | |
| | 5 | | 9 | 4 | | | 6 | 8 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | | |
| 3 | 2 | | 7 | | | 6 | | 4 |
| | | 4 | | 2 | | | 5 | |
| 1 | | 9 | | | 6 | 8 | | 3 |
| | 1 | | 8 | | 4 | | | |
| | 9 | 6 | | | | 5 | | 7 |
| | | | 5 | | | 4 | | |



> मुझे लगता है कि हम एक भी विभाग में रणनीति पर अमल नहीं कर पाए। गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाजों ने कुछ असाधारण शॉट खेले। हमने वापसी की कोशिश की लेकिन असफल रहे। बल्लेबाजी में भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए।
> –प्रतिका रावल


# स्टेडियम

मुरादाबाद, सोमवार, 2 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराकर जीती सीरीज

**सेडन पार्क।** न्यूजीलैंड ने रविवार को सेडन पार्क में जिम्बाब्वे के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए, हैमिल्टन में अपने विरोधियों को 10 विकेट से हराकर महिला सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। नेन्सी पटेल (8 रन देकर 3 विकेट) और जेस केर (6 रन देकर 2 विकेट) ने जिम्बाब्वे को सिर्फ़ 64 रन पर रोक दिया, यह टारगेट न्यूज़ीलैंड ने 5 .4 ओवर में हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का ज़िम्बाब्वे का फ़ैसला बहुत बुरा साबित हुआ। उनकी पारी पावरप्ले में ही बिखर गई, और एक डिसिप्लिन्ड अटैक ने उन्हें बुरी तरह हरा दिया। जेस केर ने तीसरे ओवर में केलिस नधलोवू को आउट करके पहला विकेट लिया। अगली ही गेंद पर मोडेस्टर मुपाचिकवा रन आउट हो गयी, जो एक ऐसी बड़ी गलती थी जिससे पता चलता है कि टीम पहले से ही परेशान थी।

### आकिब ने दिलाई जम्मू-कश्मीर को नई पहचान

**श्रीनगर।** आक़िब नबी ने जम्मू-कश्मीर को खेलों में दिलाई नई पहचान, ये जम्मू-कश्मीर के पूर्व कप्तान परवेज रसूल के शब्द थे जो आक़िब नबी का शुक्रिया अदा कर रहे थे। नबी ने 60 विकेट चटकाए जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। छह साल पहले जनवरी 2020 में रसूल ने ही नबी को उनकी रणजी ट्रॉफ़ी की पहली कैप थमाई थी। रसूल ने आख़िरी बार 2022 में जम्मू-कश्मीर के लिए खेला था, लेकिन उनका दिल आज भी खिलाड़ियों के लिए धड़कता है। उन्हें शनिवार को कुछ काम के लिए अपने होमटाउन से श्रीनगर जाना था।

### गुकेश को नवारा ने बराबरी पर रोका

**प्राग (चेक गणराज्य)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दस खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं।

### जयसूर्या छोड़ेंगे मुख्य कोच का पद

**कोलंबो।** सनथ जयसूर्या ने टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। सह मेजबान श्रीलंका सुपर आठ चरण में अपने सभी मैच हार गया। ग्रुप चरण में टीम को जिम्बाब्वे से हार मिली जबकि उसने ऑस्ट्रेलिया तथा कमजोर माने जाने वाले ओमान और आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की। श्रीलंका की हार के बाद जयसूर्या ने कहा मेरा अनुबंध जून में खत्म हो रहा है लेकिन मैं उससे पहले चला जाऊंगा।

# वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर भारत पहुंचा सेमीफाइनल में

## टी-20 विश्व कप : संजू सैमसन ने खेली नाबाद 97 रनों की पारी, फाइनल के लिए इंग्लैंड से होगा मुकाबला



जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन। एजेंसी

**कोलकाता, एजेंसी**

भारत के खिलाफ 'क्वार्टर फाइनल' की तरह खेले जा रहे टी-20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 195 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन की 97 रनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

इससे पहले रोस्टन चेस ने दो जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 25 गेंद में 40 रन बनाए। उन्होंने शाइ होप के साथ पहले विकेट के लिये 68 रन की साझेदारी की। होप ने 33 गेंद में 32 रन बनाये। दोनों ने अच्छी शुरूआत करते भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

भारत ने हालांकि 12वें ओवर में वापसी की जब जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट चटकाए। इसके बाद हालांकि रोवमैन पॉवेल और जैसन होल्डर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पांचवें विकेट के लिये सिर्फ 35 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की। पॉवेल ने 19 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 34 रन बनाये जबकि होल्डर ने 22 गेंद में 37 रन बनाये जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे। बीच के ओवरों में बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारत ने उन्हें डैथ ओवरों के लिये बचाकर रखा जिसका कोई फायदा नहीं हुआ। पॉवेल ने अर्शदीप सिंह को 16वें ओवर में अच्छी खासी नसीहत देते हुए 24 रन निकाले।



एक-दूसरे को बधाई देते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

अर्शदीप ने चार ओवर में 43 रन दिये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। बुमराह ने चार ओवर में 36 रन देकर दो विकेट चटकाये। खचाखच भरे ईडन गार्डंस पर भारतीय टीम शुरूआत में दबाव में दिखी जब वेस्टइंडीज ने 53 गेंद में 68 रन जोड़ लिये।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर कप्तान होप और बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए चेस ने पहले ओवर में सिर्फ तीन रन बनाये। इसके बाद होप ने हार्दिक पंड्या को मिडविकेट पर छक्का लगाया। अक्षर ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारत का क्षेत्ररक्षण ढीला था। चेस को जीवनदान भी मिला जब वरूण चक्रवर्ती ने गलत छोर पर थ्रो फेंककर रनआउट का मौका गंवा दिया।

इसके बाद अभिषेक शर्मा ने कवर पर उनका आसान कैच छोड़ा जब वह 14 रन पर थे। वरुण को नौवें ओवर में गेंद सौंपी गई जिन्होंने होप को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। शिमरोन हेटमायेर ने आते ही पंड्या को छक्का लगाया और उस ओवर में 13 रन बने। इसके बाद उन्होंने वरुण को चौका और छक्का जड़ा। बुमराह ने 12वें ओवर में हेटमायेर और चेस को आउट किया। हेटमायेर ने 12 गेंद में 24 और चेस ने 25 गेंद में 40 रन बनाए।

### वेस्टइंडीज

**195/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शाइ होप बो वरूण | 32 |
| रोस्टन चेस का सूर्यकुमार बो बुमराह | 40 |
| हेटमायेर का सैमसन बो बुमराह | 27 |
| रदरफोर्ड का सैमसन बो पंड्या | 14 |
| रोवमैन पॉवेल नाबाद | 34 |
| जैसन होल्डर नाबाद | 37 |

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-43-0, पंड्या 4-0-40-1, अक्षर 4-0-35-0 बुमराह 4-0-36-2, वरुण 4-0-40-1

**02** विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे जसप्रीत बुमराह

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.259 |
| 2. भारत | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.106 |
| 3. वेस्टइंडीज़ | 3 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.993 |
| 4. जिम्बाब्वे | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -3.415 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.096 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1.390 |
| 3. पाकिस्तान | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | -0.123 |
| 4. श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.950 |

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की

**होबार्ट, एजेंसी**

कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की।

पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी।

हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे। वोल ने अपनी पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि मूनी की पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा। अनाबेल सदरलैंड (23) और निकोला कैरी (15 गेंद में से 34 रन) ने आखिर में तेजी से रन बनाए।



शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करतीं कप्तान एलिसा हीली। एजेंसी

- **कप्तान एलिसा हीली ने शतक के साथ वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास**

### किसी परीकथा जैसा था आखिरी मैच : हीली

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी मैच में 158 रन की शानदार पारी खेलकर विश्व चैंपियन भारत पर 185 रन की जीत से वनडे से शानदार विदाई लेने के बाद क्रिकेट के भगवान का शुक्रिया अदा किया। पैंतीस साल की हीली के लिए यह किसी परीकथा जैसा आखिरी पल था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुनी गई हीली ने मैच के बाद कहा मुझे लगता है कि हम कितना अजीब खेल खेलते हैं कि यह आपको इतनी बार नीचे गिरा सकता है और फिर आपको आज जैसे मौके दे सकता है। उन्होंने कहा मुझे हर उपलब्धि वाला मैच पसंद नहीं आया इसलिए आज बस क्रीज पर जाकर उसका मजा लेने का मौका था।

# दक्षिण अफ्रीका ग्रुप में टॉप पर जिम्बाब्वे खाता नहीं खोल सका



जीत दर्ज करने के बाद जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों से हाथ मिलाते साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी। एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कप्तान सिकंदर रजा (73 रन और तीन विकेट) के हरफनमौला खेल के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के औपचारिकता वाले मुकाबले में रविवार को यहां पांच विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अब तक सभी मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर चुकी दक्षिण अफ्रीका की टीम इस जीत से सुपर आठ के ग्रुप एक में शीर्ष पर रही जबकि शुरुआती ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाला जिम्बाब्वे सुपर आठ में जीत का खाता खेलने में नाकाम रहा।

रजा की 43 गेंद में आठ चौके और चार छक्के समेत 73 रन की पारी के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 153 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने 17.5 ओवर में पांच विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका टीम अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए कोलकाता जायेगी। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाये। उन्होंने चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (16 गेंद में 22 रन) के साथ 25 गेंद में 50 रन की साझेदारी की। रेयान रिकल्टन ने 22 गेंद में चार छक्के की मदद से 31 का योगदान दिया। जॉर्ज लिंडे (21 गेंद में नाबाद 30) और ट्रिस्टन स्टब्स (24 गेंद में नाबाद 21) ने छठे विकेट के लिए 44 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी के साथ टीम की जीत पक्की कर दी। जिम्बाब्वे के लिए रजा ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए। रजा को बल्लेबाजी के दौरान दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। उनके अलावा क्लाइव मदांडे (नाबाद 26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिये। कोर्बिन बोश को भी दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने 40 रन लुटाये। जॉर्ज लिंडे, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्किया को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहले ओवर में ही क्विंटन डिकॉक को खाता खोले बगैर चलता करने के बाद कप्तान एडेन मारक्रम (चार) को पवेलियन की राह दिखाई। डिकॉक का कैच विकेटकीपर मारुमनी ने लपका जबकि मारक्रम बोल्ड हुए।

- **जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने हरफनमौला खेल से सराहनीय प्रदर्शन किया**

### जिम्बाब्वे

**153/7** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| तदिवानाशे मारुमनी बो मफाका | 07 |
| ब्रायन बेनेट का मारक्रम बो नोर्किया | 15 |
| डियोन मायर्स का ब्रेविस बो लिंडे | 11 |
| सिकंदर रजा का मिलर बो मफाका | 73 |
| रेयान बर्ल पगबाधा एनगिडी | 05 |
| टोनी मुनयोंगा बो बोश | 02 |
| क्लाइव मदांडे नाबाद | 26 |
| ब्रैड इवांस बो बोश | 08 |
| वेलिंगटन मसाकदजा नाबाद | 01 |

**गेंदबाजी :** लिंडे 3-0-22-1, मफाका 4-0-21-2, एनगिडी 4-0-29-1, नोर्किया 4-0-29-1, बोश 4-0-40-2, मारक्रम 1-0-11-0

### दक्षिण अफ्रीका

**154/5** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मार्करम बो सिकंदर रजा | 04 |
| डिकॉक का मारुमनी बो रजा | 00 |
| रेयान रिकेल्टन का बर्ल बो इवांस | 31 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बर्ल बो रजा | 42 |
| मिलर का मायर्स बो मुजरबानी | 22 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 21 |
| जॉर्ज लिंडे नाबाद | 30 |

**गेंदबाजी :** रजा 4-0-29-3, मुजरबानी 3.5-0-22-1, इवांस 3-0-22-1, क्रीमर 2-0-27-0, मसाकद्जा 2-0-23-0, बर्ल 2-0-12-0

**13** गेंदें शेष रहते दक्षिण अफ्रीका ने हासिल किया लक्ष्य

## प्रतिक्रिया

### टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद पूर्व क्रिकेटर बोले- दो साल बाद मिले मौकों को भुना नहीं पा रहे हम

# पाकिस्तान क्रिकेट जगत में फैली घोर निराशा



**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान ने भले ही अपना टी-20 विश्व कप अभियान जीत के साथ खत्म किया हो लेकिन इस बड़े टूर्नामेंट में टीम के प्रदर्शन से देश का क्रिकेट जगत बहुत निराश है।

पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने रविवार को कहा आपको अपने देश के क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन की छाप छोड़ने के लिए दो साल में एक मौका मिलता है और आप फिर से विफल हो जाते हैं। यह सब देखना बहुत निराशाजनक है। मियांदाद ने कहा कि ऊंची रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ टीम का प्रदर्शन बहुत बड़ी चिंता की बात है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अब कुछ बड़े फैसले लेने की जरूरत है।

पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों को टी20 क्रिकेट में खुद को स्थापित करने के लिए बहुत ज्यादा मौके दिए गए और वे बड़े टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा अब आगे बढ़ने और अपनी गलतियों से सीखने का समय है।

पूर्व कप्तान मोइन खान ने कहा कि जब तक पाकिस्तान ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को नहीं हरा पाता, तब तक वह कभी भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत पाएगा। उन्होंने दुख जताते हुए कहा आप कोई बड़ा टूर्नामेंट तब तक नहीं जीत सकते जब तक आपके पास शीर्ष टीमों को हराने की काबिलियत नहीं हो। बदकिस्मती से हमने चयन और मैदान पर बहुत सारी गलतियां की हैं। हमारे मुख्य खिलाड़ी विश्व कप में अच्छा नहीं कर पाए।

पूर्व कप्तान बाबर आजम, मौजूदा कप्तान सलमान अली आगा और शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज जैसे दूसरे सीनियर खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना हो रही है। आगा के घर लौटने के बाद उन्हें कप्तानी के पद से हटाने की उम्मीद है।

पाकिस्तान के कोच रह चुके सकलेन मुश्ताक को भी अपने दामाद शादाब के प्रदर्शन का दोष मुख्य कोच माइक हेसन पर डालकर उनका बचाव करने की कोशिश करने के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

### हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए : आगा

**पल्लेकल।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। पर यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने शनिवार रात को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया। हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए। पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे।